3 **बस्तर संभाग**
सुकमा में जन अदालत लगाकर दो युवकों की हत्या की...

6 **अभिमत**
लव जिहाद के खिलाफ कानून

9 **छत्तीसगढ़**
ओदरागहन व निपानी के किसानों को मिलेगा खारुन का पानी

11 **छत्तीसगढ़**
बारिश और तेज हवाओं के चलते सुगंधित धान की...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 22 नवम्बर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 92 मूल्य 3.00 ₹

# बस्तर में योजनाओं का बुरा हाल, दिव्यांग बच्ची खुले में शौच को मजबूर, पीएम आवास का बाट जोह रहा रामभुवन

## उधार की निर्माण सामग्री से बनाया शौचालय, आहरण के बावजूद नहीं मिले संजय को पैसे

अनुज कुमार ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विश्व शौचालय दिवस पर एक और जहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव जिले को पुरस्कारो से नवाज रहे थे, वहीं दूसरी ओर दिव्यांग बच्ची यशोमति अपनी माँ बिना बाई सेन के हांथो का सहारा ले खुले में शौच को जाते रास्ते मे नजर आ रही थी, तो वहीं रामभुवन अपने ढह रहे घरौंदे में उज्वला योजना के लाभ से महरूम मिट्टी के चूल्हे में मक्के के ठूंठ से खाना पकाने की कोशिश कर रहा था।

पायनियर राष्ट्रीय अखबार की टीम जब कोण्डागाँव जिले के विश्रामपुरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बांसकोट पहुंची तो वहाँ वास्तविक तस्वीर कुछ और ही नजर आ रही थी। जहाँ आज भी कागजो में सजे शौचालयों की पोल खोलती तस्वीरें व वास्तविक हितग्राही पीएम आवास के लिए भटकते नजर आये। विडंबना यह है कि जिन जनप्रतिनिधियों व पंचायत सचिवो के भरोसें योजनाएं संचालित होती हैं, उन्होंने ही हितग्राहियो के हितों पर कुंडली मार रखा हैं। कहीं हितग्राहियों को आहरित हुए पैसे नही दिए गए हैं तो कहीं वास्तवित हितग्राहियों को उनके हक से ही महरूम किया गया है। जिसके चलते ओडीएफ ग्राम पंचायत बॉसकोट की दिव्यांग खुले में शौच को मजबूर है तो रामभुवन पटेल अपने टूटे घरोंदे में रहने को मजबूर।









## घरोंदे के मलबे में दबने का इंतेजार कर रहे जिम्मेदार लोग

### घर की जर्जर अवस्था के बाबजूद रहने को मजबूर

पायनियर राष्ट्रीय अखबार की टीम को अपनी व्यथा सुनाते हुए रामभुवन ने कहा कि उसका घर कभी भी ढह सकता है, लेकिन वह मजबूर है अपने भाई के साथ वहां रहने को। उक्त मकान में निवास से डर नही लगता के जवाब में, उसने कहा कि कहाँ जाए दूसरा कोई आसरा भी तो नहीं है, ब मुश्किल दोनों भाई दुसरो के घर कामकाज कर रोजी रोटी जुगाड़ पाते हैं, वहीं ग्राम पंचायत कार्यालय के जिम्मेदार पदाधिकारी शायद उस गरीब मजदूर की उसके ही घरोंदे के मलबे में दबने का इंतेजार कर रहे हैं। वहीं ओडीएफ का तमगा हासिल कर चुके ग्राम पंचायत के 70 प्रतिशत घरों के शौचालय आज भी अधूरे हैं, ग्राम के ही संजय सार्दुल ने बताया कि उसे केवल 3 बोरी सीमेंट व 1 दरवाजा ग्राम पंचायत की ओर से उपलब्ध करवाया गया, उसने अपने शौचालय को उधार का सामान लेकर पूर्ण करवाया लेकिन उसके नाम की राशि ग्राम पंचायत से आहरित होने के बावजूद भी आज तक उसके पैसे उसे नही दिए गए हैं। वहीं ओडीएफ के नाम से हितग्राहियों को आहरित राशि मे किसी को 2 हजार तो किसी को कुछ सामग्री उपलब्ध करवा पैसों का बंदर बाँट कर लिया गया है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी कागजों में चल रहे विकास का आईना दिखा वाहवाही लूट रहे हैं।

## पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



पत्रकारिता जन आवाज है। जब वो किसी मुद्दे को उठाते हैं तो जनता के बीच सरकार का विकास प्रशासन का काम दिखाते हैं। लेकिन अगर कही सरकारी मशीनरी, योजनाओं में गड़बड़ी हो रही हैं तो उसे भी पत्रकार ही लिखेगा। अगर वह उसे नहीं दिखाता तो पत्रकार सच तक कैसे पहुँचेगा। ऐसे ही एक वाकया सामने आया है जो किरंदुल में अनिल भदौरिया के साथ हो रहा है जिसे सच लिखने का कीमत एफ आई आर के रूप में मिला है। हाल में ही एक ताजा मामला किरन्दुल शहर में पत्रकार अनिल भदौरिया के साथ घटित हुआ, जब वे कुआकोंडा ब्लाक के ग्राम पंचायत कोडेनार में पंचायत में बरती जा रही गड़बड़ियों के खिलाफ खबरे चलाते हुये पंचायत के लिए आरटीआई लगा दी। जिसकी बौखलाहट से पंचायत की महिला सरपंच ने पत्रकार के खिलाफ 10 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुये किरन्दुल थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी, ताकि पंचायत में हुई गड़बड़ियों पर पर्दा डाला जा सके। जानकारी के मुताबिक पत्रकार ने सूचना के अधिकार के तहत शौचालय निर्माण और राशनकार्ड धारकों की जानकारी पंचायत से मांगी थी, ➢शेष पेज 8 पर

## क्विक न्यूज

### पेट्रोल-डीजल लगातार दूसरे दिन मंहगे

**नयी दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को लगातार दूसरे दिन बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को 48 दिनों तक लगातार स्थिर रहने के बाद दोनों ईंधन के दामों में बढ़ोतरी हुई थी। सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन आयल के अनुसार आज देश के चार बड़े महानगरों में डीजल के दाम 20 से 23 पैसे और पेट्रोल के 15 से 17 पैसे प्रति लीटर बढ़ाये गये हैं। कल देश के चार बड़े महानगरों में डीजल के दाम 22 से 25 पैसे और पेट्रोल के 17 से 20 पैसे प्रति लीटर बड़े थे। दिल्ली में डीजल 20 पैसे और पेट्रोल 15 पैसे प्रति लीटर मंहगा हुआ है।

### तेलुगू कवि देवी प्रिया का निधन, राव ने जताया शोक

**हैदराबाद।** साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात तेलुगू कवि एवं लेखक देवी प्रिया का शनिवार को यहां एनआईएमएस अस्पताल में लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे और उनका एक पुत्र और एक पुत्री है। वह राजनितिक पार्टियों पर व्यंग्य कार्टून और कविता बनाने के लिए भी काफी प्रसिद्ध थे। उन्हें वर्ष 2017 में उनकी किताब गाली रंगु के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। श्री देवी प्रिया की उदयम तेलुगू में समकालीन राजनीति पर 'रनिंग कमेंट्री' भी बहुत लोकप्रिय हुई थी।

### कार्बन उत्सर्जन में कमी कर प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाएंगेः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहा है और उसने कार्बन उत्सर्जन में 30 से 35 प्रतिशत की कमी करने तथा प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी चार गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। श्री मोदी ने आज गुजरात के गांधीनगर में पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। उन्होंने 45 मेगावाट के उत्पादन संयंत्र मोनोक्रिस्टलाइन सोलर फोटोवोल्टिक पैनल और जल प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केन्द्र की आधारशिला भी रखी। उन्होंने विश्वविद्यालय में 'अभिनव और उद्भवन केन्द्र-प्रौद्योगिकी व्यापार इनक्यूबेशन', 'ट्रांसलेशनल अनुसंधान केन्द्र' और 'खेल परिसर' का भी उद्घाटन किया।

## अमित शाह चेन्नई पहुंचे, भव्य स्वागत

वार्ता ‹ चेन्नई
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अगले चार-पांच महीनों के दौरान होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पूर्व राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचे।

हाल में संपन्न बिहार के चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सफलता में श्री शाह की रणनीति को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी सफलता को तमिलनाडु में दोहराने की मंशा से भाजपा श्री शाह के दौरे को मजबूत आधार प्रदान करने तथा चुनाव में अपनी छाप छोड़ने के लिए काफी अहम मान रही है।

श्री शाह के यहां पहुंचने पर राज्य के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ अन्नाद्रमुक के सह संयोजक ई के पलानीस्वामी, उप मुख्यमंत्री एवं अन्नाद्रमुक के संयोजक ओ पन्नीरसेल्वम एवं वरिष्ठ मंत्रियों के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एल



मुरुगन, पार्टी के वरिष्ठ नेता एल गणेशन और पार्टी के प्रभारी सी टी रवि ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की।

राज्य के मुख्य सचिव के शंमुगम, पुलिस महानिदेशक जे के त्रिपाठी, चेन्नई के पुलिस आयुकत महेश कुमार अग्रवाल तथा अन्य अधिकारी भी श्री शाह की इस दौरान मौजूद थे। श्री शाह का हवाईअड्डा से लेकर सड़क के दोनों किनारों पर मौजूद अन्नाद्रमुक एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इससे अभीभूत हो श्री शाह उनके अभिवादन को स्वाकार करने के लिए अपने वाहन से उतर कर काफी दूर तक पैदल भी चले।

श्री मुरुगन के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्री शाह का राज्य में पहला दौरा है। श्री शाह का हवाई अड्डा से लेकर होटल, जहां उन्हें रूकना है, तक के मार्ग में उनके स्वागत का विशेष इंतजाम किया गया था।

## 28 को भूपेश कैबिनेट की बैठक

### धान खरीदी, मंडी संशोधन विधेयक सहित अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कैबिनेट की बैठक 28 नवंबर को बुलाई है। इस बैठक में धान खरीदी और मंडी संशोधन विधेयक सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।



अगले माह दिसंबर में विधानसभा का शीतकालीन सत्र भी शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि सत्र हंगामेदार हो सकता है। ऐसे में सरकार बैठक में सदन की कार्यवाही को लेकर भी चर्चा कर सकती है। भूपेश सरकार 1 दिसंबर से धान खरीदी की शुरुआत करने जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर सरकार कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती। किसान और धान के मुद्दे को लेकर सरकार लगातार सजग है। इसकी तैयारियों पर मंत्रियों से चर्चा होगी। धान खरीदी के लिए सबसे ज्यादा दिक्कत बारदाना की है। उसकी किल्लत को दूर करने के लिए रणनीति बनाई जा सकती है।

### हंगामेदार होने के आसार

विधानसभा के शीतकालीन सत्र की अधिसूचना जारी हो गई है। 21 दिसंबर से शुरू कर सत्र 30 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। सत्ता पक्ष जहां कई अहम विधेयकों को सदन में लेकर आने की तैयारी कर रहा है, वहीं विपक्ष धान खरीदी में अव्यवस्था, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किस्त, बिगड़ती कानून व्यवस्था समेत कई विषयों पर सरकार को घेरने की कोशिश करती नजर आएगी।

### मंडी संशोधन विधेयक विधानसभा में पास, पर राज्यपाल के पास अटका

मंडियों पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार के पिछले महीने विशेष सत्र में पारित किए कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक पर राज्यपाल अनुसुइया उइके ने हस्ताक्षर नहीं किया है। इससे एक नया विवाद खड़ा हो गया है। बताया गया है कि इस विधेयक को लेकर राज्यपाल विधि विशेषज्ञों की राय ले रही हैं। वहीं इस नई समस्या से निपटने के लिए मुख्यमंत्री बैठक में मंत्रियों से चर्चा कर सकते हैं।

## राजधानी में ईडी की दबिश

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार सुबह तड़के स्पेशल ब्लास्ट फार्म सहित तीन सीए के ठिकानों में दबिश दी है। खबर को अब तक गोपनीय रखा गया लेकिन कार्रवाई पूरी होते ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा। ईडी कार्रवाई सुबह शुरू हुई जो अब तक जारी है। फिलहाल ईडी ने कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी है। सूत्रों ने बताया कि शराब कारोबारी सुभाष शर्मा पर कार्रवाई करने के दौरान स्पेशल ब्लास्ट फर्मा के अलावा सीए अमिताभ अग्रवाल, जोगलेकर और सुनील जौहरी के पूछताछ शुरू की है। सीए अमिताभ अग्रवाल उद्योगों को पाल्यूशन लाइसेंस देने से जुड़े है।

जिस कंपनी को पाल्यूशन लासिंस नहीं मिलता वे अमिताभ के माध्यम से लाइसेंस मोटी रकम देकर हासिल करते है। अग्रवाल अपनी पहुंच के दम पर उद्योग से संबंधित हर काम कराने में सक्षम है।फिलहाल ईडी की कार्रवाई जारी है।

सुभाष शर्मा के खिलाफ ईडी जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया था कि वो पंजाब नेशनल बैंक से छोटे -छोटे लोन निकाल कर उसने स्पेशल ब्लास्ट फर्म तक पहुंचाया। इस लेनदेन में गड़बड़ी की आशंका से ईडी की जांच इस फर्म तक पहुंची।

## इन परियोजनाओं से दस हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

# 320 करोड़ रुपए की लागत से 28 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मंजूरी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने 320.33 करोड़ रूपए की परियोजना लागत के साथ 28 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मंजूरी दी है।

दस राज्यों में स्वीकृत इन परियोजनाओं से 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इनमें पूर्वोत्तर भारत की छह परियोजनाएं भी शामिल हैं।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में शनिवार को हुई एक बैठक में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रामेश्वर तेली भी बैठक में उपस्थित थे। परियोजनाओं के प्रमोटरों ने भी वीडियो कांफ्रेंस से भाग लिया। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत तीन मई 2017 को खाद्य प्रसं?करण



एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/ विस्तार योजना को अनुमोदित किया गया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रसंस्करण एवं संरक्षण क्षमताओं का निर्माण और मौजूदा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का आधुनिकीकरण/विस्तार करना है, जिससे प्रसंस्करण के स्तर में वृद्धि होगी, मूल्यवर्धन होगा तथा अनाज की बर्बादी में कमी आएगी।

अंतर-मंत्रालयी अनुमोदन समिति ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तराखंड, असम और मणिपुर में 320.33 करोड़ रुपए की कुल परियोजना लागत के साथ 28 खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों को मंजूरी दी, जिसमें 107.42 करोड़ रू. की अनुदान सहायता भी शामिल है। ये परियोजनाएं 212.91 करोड़ रुपए के निजी निवेश से क्रियान्वित होगी।

जिनमें लगभग 10,500 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। इसके साथ ही इनकी खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 1,237 टन प्रति दिन होगी। इन परियोजनाओं में यूनिट स्कीम के तहत 48.87 करोड़ रू. की कुल लागत एवं 20.35 करोड़ रुपए के अनुदान वाली छह परियोजनाएं भी शामिल हैं जो पूर्वोत्तर भारत में खाद्य प्रसंस्करण के विकास में सहायक सिद्ध होगी।

साथ ही वहां के लोगों के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन करेगी।

# विश्व में कोरोना से 5.75 करोड़ लोग संक्रमित, 13.71 लाख लोगों की मौत

वार्ता ‹ वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विश्व में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या लगातार तेजी से ब?ते हुए 5.75 करो? के पार हो गई है और इस महामारी से अब तक 13.71 लाख से अधिक लोगों की मौत भी हो चुकी है।

पूरे विश्व में दर्ज किये गए कोरोना के कुल मामलों में से लगभग 48 प्रतिशत मामले अमेरिका, भारत और ब्राजील के हैं। इस महामारी से संक्रमित लोगों और मृतकों की संख्या के मामले में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः अमेरिका, भारत और ब्राजील है। इस संक्रमण से तेजी से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या के मामलों में भारत, ब्राजील




और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व के 190 देशों में कोरोना वायरस से अब तक 57,514,482 लोग संक्रमित हुए हैं और 13,71,583 लोगों की मौत हुई है। कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका इस महामारी से संक्रमितों और मृतकों के मामले में यह पहले स्थान पर है और संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों के मामले में यह तीसरे स्थान पर है। अमेरिका में अब तक 11,908,396 लोग संक्रमित हुए हैं और 254,383 मरीजों की मौत हुयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 46,232 नए मामले सामने आए और संक्रमितों की संख्या करीब 90.50 लाख के पार पहुंच गयी तथा स्वस्थ होने वालों की संख्या 84.78 लाख से अधिक हो गयी है, जबकि 564 और मरीजों की मौत के साथ मृतकों का आंकड़ा 1,32,736 हो गया। देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या में 3483 की कमी के बाद अब सक्रिय मामले 4,43,794 हो ➢शेष पेज 8 पर

# मछली पालन को छत्तीसगढ़ में खेती का दर्जा देने की होगी पहल : भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने विश्व मत्स्य दिवस पर आयोजित छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज सम्मेलन को सम्बोधित किया

■ 15 मछुआरों को मोटरसायकल सह आईस बॉक्स तथा 2 मछुआरों को ऑटो सह आईस बॉक्स वितरित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में मछली पालन को खेती का दर्जा देने की पहल करेगी। राज्य सरकार ने इसके लिए योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती-किसानी की तरह मछली पालन के लिए कोऑपरेटिव बैंक से ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने और किसानों को दी जाने वाली बिजली दरों में छूट की भांति मछली पालन करने वाले निषाद, केंवट और ढीमर समाज के लोगों को भी छूट की पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में विश्व मत्स्य दिवस के मौके पर आयोजित छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दीप प्रज्जवलन के बाद निषाद, केंवट समाज के आराध्य भगवान श्री राम सहित नाव, डोंगी एवं जाल का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, शकुंतला साहू और श्री विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। बघेल ने इस अवसर पर 15 मछुआरों को मोटरसायकल सह आईस बॉक्स तथा 2 मछुआरों को ऑटो सह आईस बॉक्स का वितरण किया। उन्होंने इस मौके पर 10 मछुआ हितग्राहियों को मछुआ आवास योजना के अंतर्गत प्रथम किश्त की 40-40 हजार रूपए की प्रथम किश्त अनुदान राशि का चेक भी वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से समाज के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आना चाहिए। मछुआरा समाज को विभिन्न योजनाओं में अनुदान सहायता दी जा रही है, लेकिन इससे उनकी आर्थिक स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आ पाया है। इसके लिए यह जरूरी है कि निषाद, केंवट समाज वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन करे और उत्पादित मछली के विक्रय का अच्छा प्रबंधन करे तो न सिर्फ मछुआरों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, साथ ही छत्तीसगढ़ धान उत्पादन की भांति मछली उत्पादन में भी देश में प्रथम स्थान पर होगा। राज्य सरकार इन क्षेत्रों में भी समाज के लोगों को हरसंभव मदद देगी। उन्होंने कहा कि समाज को बच्चों की अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की ओर ध्यान देना चाहिए। साथ ही यह ध्यान भी रखना चाहिए कि बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत हों। बच्चे जब शिक्षित और मजबूत होंगे, तो अपने अधिकारों को स्वयं हासिल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि आर्थिक रूप से हर वर्ग मजबूत हो सके। उन्होंने किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, शासकीय मूल्य पर लघु वनोपजों की खरीदी, वन अधिकार पट्टों के वितरण, अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना का भी उल्लेख किया। बघेल ने समाज द्वारा की गई आरक्षण की मांग का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक लम्बी प्रक्रिया है। राज्य सरकार इसके लिए भी पहल करेगी, लेकिर आज निजीकरण का दौर है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी द्वारा स्थापित सार्वजनिक उपक्रमों को निजी हाथों में दिया जा रहा है। जिससे देश को नुकसान होगा।

कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हर वर्ष मछुआरा समाज के एक हजार नौजवानों को आईस बॉक्स सहित मोटर सायकल अनुदान पर वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मछली पालन के लिए गठित की जाने वाली मछुआ समिति में मछुआरा समाज के लोग ही शामिल हो, ऐसा न हो कि मछुआरा समिति को मछली पालन का ठेका मिलने के बाद मछुआरा समाज के लोग समिति में मजदूर के रूप में काम करे और मछली पालन के व्यवसाय से होने वाला लाभ ठेकेदार को मिले।

उन्होंने कहा कि मछुआ महासंघ यह तय करे कि छत्तीसगढ़ में मछली पालन निषाद, केंवट समाज की मछुआ सहकारी समिति के माध्यम से किया जाए या प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्रहण की नीति की भांति समिति में काम करने वाले लोगों को शासन द्वारा तय मजदूरी और मछली पालन के व्यवसाय से होने वाले लाभ का लाभांश मिले। राज्य सरकार इसके लिए नीति बनाएगी।

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मछली पालन के लिए तरिया, बांध और तालाब केंवट, ढीमर और निषाद समाज के लोगों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए बहुत सी नई योजनाएं प्रारंभ की गई है। जिसमें लोगों के उत्थान के साथ हर व्यक्ति के सम्मान को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना प्रारंभ होने के बाद बहुत कम समय में कई गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद ने समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी समाज तरक्की नहीं कर सकता। छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद ने समाज के बच्चों को शिक्षा और शासकीय सेवा में आरक्षण देने की मांग की। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम.गीता ने स्वागत भाषण में बताया कि मत्स्य उत्पादन और मत्स्य बीज उत्पादन के मामले में भी छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में मत्स्य बीज उत्पादन में 13 प्रतिशत और मत्स्य उत्पादन में 9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश के सबसे बड़े हसदेव बांगो जलाशय में एक हजार केज की परियोजना स्वीकृत की गई है। संचालक मछली पालन श्री व्ही.के. शुक्ला ने कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मछुआरा समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मंत्री शिवकुमार डहरिया ने किया छठ घाट का लोकार्पण

■ व्रतियों को दी छठ की शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन व विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आरंग विधानसभा अंतर्गत मंदिर हसौद में पांच लाख रुपए की लागत से निर्मित छठ घाट का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा की और नया छठ घाट ,पचरी निर्माण की घोषणा भी की। मंत्री डॉ डहरिया ने इस अवसर पर कहा कि सूर्य उपासना का यह विशेष पर्व सबके जीवन के मंगलकामना से जुड़ा है। राज्य सरकार की कोशिश है कि छठ पूजा के लिए व्रतियों को निर्धारित स्थान मिले और वहाँ सुविधाओं के साथ स्वच्छता भी हो। मंदिर हसौद का यह तालाब सुविधायुक्त है।

मंत्री डॉ डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में छठ पर्व का माहौल लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में यहाँ छठ पूजा में लोग शामिल होते है। उत्तर भारतीयों के साथ स्थानीय लोग भी छठ पूजा में शामिल होने लगे हैं। यहाँ शांतिपूर्ण तरीके से लोग आपस में मिलजुलकर त्योहार मनाते हैं। छत्तीसगढ़ की यहीं संस्कृति और पहचान है। यहाँ का आपसी भाईचारा ऐसा ही बना रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छठ पर्व की विशेषता और महत्व को समझते हुए सबके भावनाओं का भी ख्याल रखा है। उन्होंने राज्य में छठ पूजा के दिन सार्वजनिक अवकाश भी प्रदान किया है। मंत्री डॉ डहरिया ने छठ पूजा पर सभी को शुभकामनाएं भी दी।

इस दौरान ग्रामीण जनप्रतिनिधि रेखराम पात्रे ,मंदिर हसौद सरपंच रमा यादव, सोभित साहू , नोहर यादव, आदित्य सिन्हा, प्रवीण सिंह,छतौना सरपंच दिवाकर जांगड़े, अनुज मिश्रा, बलराम सोनवानी, पंच राकेश जैसवाल, प्रमोद कुर्रे नकटा सरपंच गोपाल यादव, नरसिंह अग्रवाल,इग्गी धीवर,आदि उपस्थित थे।

# देरी से कोरोना जांच के कारण मृत्यु की संख्या बढ़ रही

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण के मामले फिर बढ़ रहे हैं। इस समय सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। चिकित्सक ,विश्व स्वास्थ्य संगठन ,यूनीसेफ सभी बार -बार आगाह कर रहे हैं कि संक्रमण से बचने के लिए अभी सार्वजनिक स्थलों में मास्क पहनना, दूसरों से दो गज की सुरक्षित दूरी रखना,भीड़ से बचना और हाथों की साबुन पानी से सफाई करना जरूरी है।

राज्य में प्रति सप्ताह डेथ आडिट का रिव्यू किया जााता है जिसमें अधिकांश केस में मरीज का देर से अस्पताल पहुंचना प्रमुख कारण रहता है। महासमुंद जिले की 47 वर्ष की महिला को 25 अक्टूबर से लक्षण दिखाई दे रहे थे। सर्वे टीम को भी उन्होने नही बताया कि उन्हे लक्षण लग रहे हैं। ज्यादा तबीयत खराब लगने पर 10 नवंबर को मतलब 15 दिनों के बाद टेस्ट कराया । महिला को अन्य बीमारियां जैसे हृदय की तकलीफ,अल्सर आदि था। 10 नवंबर को टेस्ट में कोरोना पाजिटिव आने पर उसी दिन अस्पताल में भर्ती कराए लेकिन इलाज शुरू होने के पहले ही उसकी मृत्यु हो गई। उसकी और उसके परिजनों की लापरवाही से यह मृत्यु हुई। यदि सर्वेक्षण दल को भी समय पर बताया होता तो पहले ही उपचार मिल जाता और जान बच जाती। स्वास्थ्य विभाग इसीलिए बार- बार अपील कर रहा है कि सर्वेक्षण दल से अपने लक्षण न छुपाएं। समय पर जांच और उपचार से कोरोना ठीक हो सकता है।

## निधन

### रामू प्रसाद शर्मा



रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक एवं विप्र भवन प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष रामू प्रसाद शर्मा (तांदूल वाले) का असकमिक निधन आज 19.नवं को सुबह 6.30 बजे हो गया है, वे सुबोध शर्मा के पिता थे छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज कार्यकारिणी सदस्य ममता शर्मा के ससुर थे। इनका अंतिम संस्कार दोपहर 4 बजे महादेव घाट में किया गया।

# गुजराती समाज के आराध्य देव जलाराम बापा की 221 वीं जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोहाणा समाज के कुलदेव एवं समस्त गुजराती समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि जलाराम बापा की 221 वीं जयंती प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की सातम यानि 21नवं शनिवार को सत्ती बाजार स्थित अंबे माता मंदिर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई।



जलाराम सेवा समिति के अध्यक्ष सुधीर भाई जसानी एवं सचिव हितेश रायचूरा ने बताया कि पूज्य बापा की स्थापना एवं आरती की गई एवं राम धुन मंडल द्वारा भजन का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशों का पालन करते हुए पूज्य बापा के दर्शन करके बिना रुके प्रस्थान किए व सुखा प्रसाद ग्रहण किया। समिति के कोषाध्यक्ष यशेष रायचुरा ने बताया कि इस पावन अवसर में पूज्य बापा की प्रेरणा से उन्हीं के सूक्त मानव सेवा ही जलाराम सेवा को अंगीकार करते हुए थैलेसीमिया/ सीकल्सेल पीड़ित मरीजों के लिए रक्त दान शिविर का आयोजन सिटी ब्लड बैंक,आश्रम रोड के सौजन्य से किया गया।

# लाइफ स्टाइल टावर्स की लाचिंग 28-29 को

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की सबसे विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप के द्वारा छत्तीसगढ़ का टालेस्ट रेसिडेसियल टावर्स प्रोजेक्ट, लाईफ स्टाईल टावर्स, कोटा, गुढ़ियारी रोड, रायपुर में अल्ट्रा प्रीमियम रेसडेंसियल प्रोजेक्ट की लाचिंग 28 व 29 नवम्बर को करने जा रहे है। इस सम्बन्ध में अविनाश ग्रुप के प्रबंध संचालक आनंद सिंघानिया एवं डायरेक्टर मुकेश सिघांनिया ने बताया कि ''लाईफ स्टाईल टावर्स'' जो कि छत्तीसगढ का टालेस्ट रेसिडेसियल टावर्स प्रोजेक्ट है, जिसमें 3 व 4 बीएचके अल्ट्रा प्रीमियम अपार्टमेंट्स, पेन्ट हाउसेस एवं कर्मशियल काम्पलेक्स की पालिंग कि गई है। यह प्रोजेक्ट 2.6 एकड़ में विस्तारित है जिसमें 179 अल्ट्रा प्रीमियम अपार्टमेन्टस है जिसमें आप शहर के मध्य रहते हुये आलिशान हाई-राईस लाईफ स्टाईल का अनुभव कर सकेंगे। प्रोजेक्ट में अल्ट्रामॉर्डन एमिनिटिस जैसे कि शानदार रुफ टॉप स्विमिंग पूल, टेरेस गार्डनस,किड्सप्ले एरिया,स्टेट ऑफ द आर्टजिम, स्टीम बाथ, कम्मयुनिटी हॉल, भव्य प्रवेश द्वार, एवं सेन्ट्रल इडिंया का सबसे बड़े क्लब-क्लब पराइसो की वैकल्पिक मेम्बरशिप की सुविधा उपल्बध रहेगी। आनंद सिघांनिया ने बताया की कोटा, रायपुर में इस रेसिडेंसियल प्रोजेक्ट को लाना अविनाश ग्रुप के लिए एक महत्वपूर्ण निणर्य है क्योंकि लाईफ स्टाईल टावर्स अपनी लोकेशन की वजह से विशेष है यहां रायपुर के सबसे पोश एवं प्रीमियम एरिया समता कालोनी, चौबे कालोनी के पास है जहां पर छत्तीसगढ़ के ज्यादातर बिजनेस फैमलीस निवासरत है।

# पीजीडीसीए, डीसीए, एमएससी में प्रवेश प्रारंभ शांतिनिकेतन महाविद्यालय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन महाविद्यालय, पानी टंकी के पास, बाजार चौक, चंगोराभाटा में पीजीडीसीए, डीसीए, एमएससी (माइक्रोबायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी) कोर्स में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त यह महाविद्यालय प्राइवेट कॉलेज है। इसके अलावा महाविद्यालय के तकनीकी विषय विज्ञान, कंप्यूटर, वाणिज्य के कोर्स में छात्रों की अधिक रुचि है।

प्राचार्य के अनुसार महाविद्यालय में सत्र 2020-21 पीजीडीसीए, डीसीए, एमएससी (माइक्रोबायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी) में कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है एवं सभी कक्षाओं में सीटों की संख्या सीमित है प्रवेश लेने हेतु शीघ्र अति शीघ्र महाविद्यालय में संपर्क करें एवं ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करें प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 5.00 बजे तक उपस्थित होकर प्रवेश फॉर्म ले सकते हैं व प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

## पुनर्विकास का कार्य 12 से 18 माह में चार चरणों में होगा

# शांतिनगर पुनर्वास योजना में 38 एकड़ जमीन खाली कराने पौने तीन सौ आवास तोड़े जाएंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के शांतिनगर में राज्य सरकार द्वारा लाई जाने वाली शांतिनगर पुनर्वास योजना को सरकार की मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में मंजूरी मिल गई है। अब योजना का खाका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। वहां विचार-विमर्श के बाद कैबिनेट की मंजूरी मिलेगी। बताया गया है कि शांतिनगर में सिंचाई कॉलोनी के जर्जर सरकारी आवासों को चार चरणों में ध्वस्त कर 38 एकड़ जमीन को खाली कराई जाएगी। इसके बाद जमीन के व्यावसायिक उपयोग के लिए परिसर बनाए जाएंगे। ताम्रध्वज के निवास पर हुई बैठक शुक्रवार को लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू के रायपुर स्थित निवास पर बैठक हुई। इस दौरान आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, सचिव आवास एवं पर्यावरण अंकित आनंद और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त अयाज तंबोली उपस्थित थे।



बैठक में सचिव आवास एवं पर्यावरण ने प्रस्तावित कार्ययोजना के बारे में बताया कि पुनर्विकास का कार्य 12 से 18 माह में चार चरणों में होगा। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा जी, एच एवं आई टाईप के भवनों को भूमि सहित समस्त परिसंपत्तियों के साथ आवास एवं पर्यावरण विभाग को हस्तांतरित किया गया है। इन भवनों को जीर्ण-शीर्ण घोषित करने के लिए प्रकरण सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा गया है। लोक निर्माण विभाग के सभी बी, सी, डी, ई एवं एफ टाईप आवासों को जीर्ण-शीर्ण घोषित किया जा चुका है। प्रथम चरण में 10 आवासों को हटा दिया गया है तथा 2 आवास शेष हैं। प्रथम चरण में 31 अवैध निर्मित झुग्गी-झोपड़ियां हैं, इन्हें हटाने के लिए नगर निगम के माध्यम से सर्वे कर आवंटन की प्रक्रिया जारी है।

दूसरे-तीसरे चरण में 268 आवास तोड़े जाएंगे द्वितीय एवं तृतीय चरण में 18 ई एवं एफ टाईप के भवनों को आवंटन के बाद हटाया जा रहा है। इन्हीं दो चरणों में 268 जी, एच एवं आई टाईप के भवनों को रिक्त करना आवश्यक है। गृह निर्माण मण्डल के वर्तमान में रिक्त 268 भवनों को जीएडी पूल से उपलब्ध कराना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि बोरियाकला में 2-3 बीएचके भवन उपलब्ध हैं। जी श्रेणी आवास के विरुद्ध 3 बीएचके तथा एच एवं आई के विरुद्ध 2 बीएचके भवन जीएडी पूल में दिए जाएंगे। इन भवनों की अनुमानित लागत 69 करो? 50 लाख रुपए है। चतुर्थ चरण में रिक्त किए जाने वाले आवासों का निर्माण नवा रायपुर में प्रगति पर है। कार्य पूर्ण होने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवीन आवंटन आदेश होने के बाद आवास रिक्त हो सकेंगे।

भवनों के निर्धारण में स्वयं के आर्किटेक्ट रखते हुए भवनों की रूपरेखा, उसका प्रकार, आदि निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र होगा, किंतु निर्धारित कांसेप्ट का उल्लंघन नहीं कर सकेगा। विकासक को चरणबद्ध रूप में भूमि हस्तांतरण किया जाएगा। जिस चरण की भूमि उसको हस्तांतरित की जा रही है। उस चरण के समेकित भूमि मूल्य के 50 प्रतिशत राशि गृह निर्माण मण्डल के माध्यम से शासन को देय होगी।

# सिंघानिया सरोवर पोर्टिको में फूड का स्वाद सुरक्षा और सावधानी के साथ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सिंघानिया सरोवर पोर्टिको जिसे छत्तीसगढ़ के प्रथम और एक मात्र 4 स्टार होटल होने का गौरव प्राप्त है और जिसका मेनेजमेंट आपके मनोरंजन और लक्जरी को ध्यान में रखते हुए हमेशा कुछ नये इनोवेशन्स करता रहता है । इसी इनोवेशन की अगली कड़ी में सिंघानिया सरोवर पोर्टिको प्रस्तुत करते हैं - ''स्ट्रीट फूड फेस्टिवल'' । पिछले 6 माह के दौरान हम सभी कोरोना से सावधानी के चलते अपने टेस्ट बड के साथ काफी समझौता करते आये हैं । चूंकि बाहर खाने पर हमेशा डर बना रहता था कि कहीं अनहाइजिनिक तो नही होगा, सर्विस स्टॉफ और कूक आदि कोई इन्फेक्शन तो नही दे देंगे आदि । रेस्टोरेंट में खाना तो फिर भी ठीक है लेकिन स्ट्रीट फूड - '' ना बाबा ना'' लेकिन स्ट्रीट फूड को इन्जॉय्य करना भी अपने आप में एक लाइफस्टाईल है और इसी स्ट्रीट फूड कल्चर की शहर को याद दिलाने के लिए सिंघानिया सरोवर पोर्टिको पेश कर रहे हैं एक यूनीक पूरी सावधानी, सुरक्षा और हाइजीन के साथ वो भी पूरे ऑथेंटिक टेस्ट के साथ - ''स्ट्रीट फूड फेस्टिवल'' इस फेस्टिवल में रायपुरियन्स इन्जॉय्य कर सकते है वैराइटी ऑफ साऊथ इंडियन, पंजाबी, मुंबईया, ईटालियन, चाइनीज, कॉन्टीनेन्टल, मुगलई, कुज़ीन की वैराईटी वो भी 4 स्टार के एक्सपर्ट इन्टरनेशनल शैफ के द्वारा तैयार लेकिन एकदम पॉकेट फ्रैन्डली रेट्स में, तो फिर रायपुरियन्स देर किस बात की अपना मास्क लगाइए और परिवार के साथ आ जाईए सिंघानिया सरोवार पोर्टिको नियर एम्स हॉस्पिटल, टाटीबंध, रायपुर और लौटा दिजिए खुशियां अपने परिवार को उन पुराने दिनों की ।

# सुकमा में जन अदालत लगाकर दो युवकों की हत्या की, मुखबिरी का लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर दो युवकों की हत्या कर दी। घटना के करीब 3 दिन बाद प्रेस नोट जारी कर नक्सलियों ने इसकी जिम्मेदारी ली है। दोनों युवकों पर नक्सलियों ने पुलिस के साथ मिलकर काम करने का लगाया आरोपपर्चे में एक युवक के भाई सहित दो और लोगों की हत्या करने की धमकी दी गई है।

छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर दो युवकों की हत्या कर दी। घटना के करीब 3 दिन बाद प्रेस नोट जारी कर नक्सलियों ने इसकी जिम्मेदारी ली है। मारे गए दोनों युवकों को नक्सलियों ने पुलिस का मुखबिर बताया है। साथ ही एक युवक के भाई सहित दो और लोगों की हत्या करने की धमकी भी दी है। मामला किस्टाराम क्षेत्र का बताया जा रहा है।

नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की ओर से शनिवार को एक प्रेस नोट जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि 17 नवंबर को नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो युवकों की हत्या की है।नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की ओर से शनिवार को एक प्रेस नोट जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि 17 नवंबर को नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो युवकों की हत्या की है। नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की ओर से शनिवार को एक प्रेस नोट जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि 17 नवंबर को नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर दो युवकों की हत्या की है। इनमें एक का नाम बड़े केड़वाल गांव निवासी पोड़ियम बलराम और दूसरा पामलुर गांव निवासी कोवासी गंगा बताया गया है। दोनों पर छ्रत्र जवानों का साथ देने का आरोप है।

## दोनों युवकों की सूचना पर मारे गए हैं अब तक कई नक्सली

नक्सलियों ने दावा किया है कि बड़े केड़वाल गांव निवासी पोड़ियम बलराम साल 2013 से ष्ठ त्र फोर्स के संपर्क में था। वह गांव में रहकर जवानों को सूचना देता था। आरोप लगाया कि जवानों ने उसे 15 हजार रुपए का लालच दिया था। दिसंबर 2019 को पोड़ियम की मुखबिरी के चलते चिंतागुफा व भेज्जी क्षेत्र में हमला किया, इसमें 8 नक्सली मारे गए।

## एक युवक नक्सलियों की गिरफ्त से निकलकर भागा

नक्सलियों ने प्रेस नोट में कहा है कि इस हमले में पोड़ियम बलराम और ईडो रमेश की मुख्य भूमिका थी। पोड़ियम बलराम को 17 नवंबर को हत्या कर दी। वहीं पामलुर गांव से कोवासी गंगा और कोवासी रमेश को भी मुखबिरी में पकड़ा था। नक्सलियों ने कोवासी गंगा को मार दिया, जबकि कोवासी रमेश बचकर भाग निकला था। अब नक्सलियों ने उसे और ईडो रमेश को भी मारने की धमकी दी है।

## बेरोजगार युवाओं को रुपए के लिए फंसाने का आरोप

नक्सलियों ने आरोप लगाया है कि सीआरपीएफ के जवान मड़कम मुदराज, दुधी भीमा, माड़वी आयता और मड़कम अर्जुन बेरोजगार युवाओं को अपने जाल में फंसा रहे हैं। उन्हें पैसे का लालच देते हैं। वहीं नक्सलियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी निशाना साधा है। कहा कि दोनों लोग मिलकर आदिवासी बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रहे। इसलिए पैसे का लालच नेटवर्क बना रहे हैं।

# उगते सूरज को अर्घ्य देकर मांगी मन्नत आस्था का महापर्व छठ पूजा हुई



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

सूर्य उपासना से जुड़ा लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा शनिवार दिन श्री राघव मंदिर परिसर मे बना छठ घाट व शहर के नदी तालाबो नहरो पर बने घाटों पर जाकर व्रतियों ने उगते हुए सूर्य देव को दूसरा अर्घ्य दिया और छठी मैया की पूजा के साथ यह पर्व संपन्न हो गया।

छठ घाट में पूजन के आखिरी दिन व्रती महिलाएं दउरा में फल एवं पूजन की सामग्री लेकर तड़के घाट पर पहुंचे।घंटो पानी में खड़ा रहकर स्नानादि करने के बाद सूर्य उदय होते ही उन्हें अर्घ्य दिया। यूपी बिहार समाज के अध्यक्ष रविंद्र सोनी पंकज सिन्हा राजेंद्र सक्सेना का कहना है लोक आस्था के इस महापर्व को श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया एवं शासन के दिशानिर्देश का पालन किया गया ।

## कोलेंग में धान खरीदी केन्द्र खोलने सरकार ने लगाई मोहर



**जगदलपुर।** बस्तर के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दरभा के कोलेंग में इसी सत्र से धान खरीदी केन्द्र खोलने राज्य सरकार से अनुमति मिल गई है। इस हेतु संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत को पत्र लिखकर आग्रह किया था जिस पर मोहर लग गई है। छत्तीसगढ़ सरकार के खाद्य विभाग के संयुक्त सचिव जी.एस.सिकरवार द्वारा 19-11-2020 को जारी आदेश के अनुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर के अंतर्गत स्वीकृत नवीन धान उपार्जन केन्द्र अंतर्गत बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा के मधोता, चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के एरपुण्ड व जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के कोलेंग क्षेत्र में खोला जाना चाहिए। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के दरभा जनपद पंचायत क्षेत्र के कोलेंग के लोगों की धान बेचने में परेशानी को देखते हुए संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन ने इस हेतु अथक प्रयास किया गया है जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। इस खरीदी केन्द्र से छिंदगुर,एलंगनार, कोलेंग के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा।

# नक्सलगढ़ के बच्चे ले रहे क्रिकेट का प्रक्षिक्षण

- युवा कांग्रेस के प्रयास से हो रहा संभव, प्रदेश अध्यक्ष कोको पाडी ने की तारीफ

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



नक्सलगढ़ के बच्चे अब क्रिकेट की बारीकी सीख रहे है। अच्छे कोच महीनेभर प्रक्षिक्षण देंगे यह सब युवा कांग्रेस के प्रयास से संभव हो पाया है। वही प्रशिक्षण शिविर पहुँचे युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कोको पाडी ने युवा कांग्रेस के प्रयासों की तारीफ की।

शनिवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढ़ी जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में पहुँचे। जहां पिछले कई दिनों से क्रिकेट प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों से मुलाकात की। वही खिलाड़ियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वही युवा कांग्रेस के महासचिव दुर्गेश राय ने कहा कि जिले के ढाई सौ बच्चो ने भाग लिया है। उनके रहने व भोजन की व्यवस्था निशुल्क कराई गई है। साथ ही बच्चो को आने वाली समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। वही युवा कांग्रेस के इस प्रयास की हर कोई तारीफ कर रहा है।

**हर संभव मदद की जाएगी : पाढ़ी-** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढ़ी ने कहा कि सुकमा जैसे संवेदनशील इलाके में राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण कराना काबिलेतारीफ है। क्योंकि अव्यवस्थाओं के बीच इस बेहतर आयोजन के लिए दुर्गेश राय की सराहना की। वही उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर के लिए हरसंभव मदद की जाएगी।

# मद्देड़ एसीएम कोरसा दशरू गिरफ्तार

- केरिपु बल 85 बटालियन एवं कोतवाली बीजापुर की संयुक्त कार्यवाही में सावनार से किया गया गिरफ्तार
- 24 बड़ी माओवादी घटनाओं में था शामिल

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com





जिल में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् 20.नवम्बर. को थाना बीजापुर एवं केरिपु 85वी बटालियन का सयुंक्त बल सावनार, कोरचोली की ओर निकला था । अभियान के दौरान मुखबीर से मिली सूचना के अधार पर 20.नवम्बर को सावनार से मद्देड़ एरिया कमेटी के ए सी एम कोरसा दसरू उर्फ सुरेश पिता स्व मासा उम्र 45 वर्ष निवासी सावनार थाना गंगालूर को पकड़ने में सफलता अर्जित की गई । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध जिले के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, लूट, आगजनी साहित आर्म्स एक्ट, लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम सहित कुल 24 अपराध पंजीबद्ध है । इसके अलावा जिले के थानों में इसके विरूद्ध कुल 17 स्थाई वारंट लंबित पाये गये । पकड़ा गया माओवादी मद्देड़ एरिया कमेटी का सक्रिय सदस्य है जो वर्ष 2006 से लगातार संगठन में सक्रिय है । छ0ग0 शासन की ईनाम नीति के तहत् गिरफ्तार माओवादी के विरूद्ध 5 लाख का ईनाम घोषित है ।पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही उपरान्त रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया ।

अन्य मामले में 21.नवम्बर को थाना उसूर से जिला बल एवं केरिपु 229/एफ समवाय का बल माओवादी विरोधी अभियान के तहत् नड़पल्ली, गलगम की ओर निकली थी । गलगम से 01 माओवादी सत्यम कटटम पिता चन्दरू उम्र 31 वर्ष निवासी स्कूलपारा गलगम को पकड़ा गया । जो थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत गलगम से 12.सिंत को ग्रामीण कटटम रामैया के घर से राशन सामग्री, बर्तन, मवेशी लूट कर ले जाने एवं मारपीट करने की घटना में शामिल था ।

# महिला आयोग की पहल पर संदिग्धों के नार्को परीक्षण की मिली अनुमति

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

विगत एक वर्ष से अपने इकलौते पुत्र के तलाश में भटक रही महिला को अंततः महिला आयोग की सुनवाई में उपस्थित होने से राहत मिली है। इस प्रकरण में आवेदिका श्रीमती जगदम्बा सेना पति स्व. भुवनेश्वर सेना झोपड़ीपारा, संजय गांधी वार्ड-34, रेल्वे कॉलोनी जगदलपुर, जिला-बस्तर के पुत्र शेखर सेना के लापता होने के संबंध में आवेदिका द्वारा बोधघाट थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, किन्तु अभी तक आवेदिका के पुत्र शेखर सेना का पता थाना बोधघाट पुलिस द्वारा नहीं लगाया जा सका है। आवेदिका ने शंका जाहिर की है, कि उनके पुत्र शेखर सेना की हत्या कर, कहीं फेंक या गाड़ दिया गया है।

आवेदिका ने आपने आवेदन में 05 संदिग्धों पर शक जाहिर किया। ये सभी संदिग्ध संजय गांधी वार्ड -34, रेल्वे कॉलोनी जगदलपुर, जिला-बस्तर के निवासी हैं। आवेदिका ने इन सभी पर हत्या करने का शक जाहिर की है। ज्ञात हो कि यह घटना 09 जुलाई 2019 की रात की है।

इस पूरे प्रकरण में त्वरित कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक जगदलपुर, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर संभाग एवं जिला सत्र न्यायाधीश बस्तर तीनों से महिला आयोग की अध्यक्ष ने चर्चा कर इस प्रकरण में नार्को टेस्ट की अनुमति शीघ्र दिये जाने का निवेदन किया था। पुलिस विभाग के जिला सत्र न्यायालय से अनुमति प्राप्त गया है, अब इस मामले के सभी संदिग्धों का नार्को टेस्ट किया जायेगा, जिससे आवेदिका को शीघ्र न्याय मिल सकेगा।

# विनित नंदनवार ने उदवहन सिंचाई परियोजना का किया अवलोकन, कार्य जल्द पूरा करें

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विनित नन्दनवार ने गिरदालपारा में प्रस्तावित हाइड्रोपावर आधारित सिंचाई हेतु उद्वहन परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहां मलगेर नदी से हाईड्रोपावर के माध्यम से एनीकट के पास सिंचाई हेतु पानी पंपिंग कर सिंचाई हेतु आपूर्ति की जाएगी।

सुकमा जिले के ग्राम गिरदालपारा में टँकी में भर कर लघु नहरों के माध्यम से कृषकों को पानी की आपूर्ति की जाएगी, जिससे लगभग 200 हेक्टेयर क्षेत्रफल में रबी सीजन में सिंचाई की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। यह योजना प्रो सेंटर फार सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी इन्टरडिस्टनिरी सेंटर फार इनर्जी रिसर्च, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलुरू के डॉ. पुनित सिंह के दिशा निर्देश में उनके द्वारा डिजाईन पंपिग सेट की स्थापना सिंचाई विभाग द्वारा की जा रही है।

कलेक्टर नन्दनवार द्वारा पंपिग यूनिट का अवलोकन किया गया एवं मलगेर नदी पर स्थापना स्थल का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा डॉ. पुनित सिंह सहित विभगीय अधिकारियों से स्थल पर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ताकि इस वर्ष रबी फसल में किसान इस योजना का लाभ ले सके इस हेतु संबंधित अधिकारियों को मार्च तक कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस योजना की अनुमानित लानत 80 लाख रुपए की होगी एवं गिरदालपारा को कृषकों को 200 हेक्टेयर में सिंचाई हेतु पानी रबी सीजन में उपलब्ध होगी, जिससे वह खरीफ के अलावा अतिरिक्त फसल लेकर अपनी आय दुगनी कर सकेगें।

# नाव पलटने से मछुवारे की हुई मौत

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के शबरी नदी में मछली पकड़ने गये व्यक्ति की डूबने से शुक्रवार को मौत हो गई। दरअसल नाव में बैठकर मछुवारा पितो बोराल मछली पकड़ रहा था तभी नाव पलट जाने से उसकी मौत हो गई। दिनभर कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम को शव निकाला गया। इसकी पुष्टि थाना प्रभारी एके नाग ने किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के कुम्हारास निवासी पितो बोराल उम्र 60 साल आर्शेल मित्तल पम्प के पास नाव में बैठकर मछली पकड़ रहा था, अचानक नाव पलट गई और वह नदी में गिर गया। इधर सूचना मिलते ही थाना प्रभारी एके नाग टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दिनभर गोताखोरों की टीम के साथ कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम को शव बाहर निकालने में सफल रहे। शव को पीएम के लिए अस्पताल लाया गया, जहां आज सुबह पीएम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया।

## गुमास्ता एक्ट से मिली छूट वापस लिया गया

**जगदलपुर।** शहर में संचालित व्यापारिक प्रतिष्ठने आज से पूर्व निर्धारित दिवस (शनिवार अथवा रविवार जो भी निर्धारित हो)को व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को नियमानुसार बंद रखेंगे। त्योहारो को देखते हुये व्यापारियों को गुमास्ता एक्ट से मिली छूट को वापस ले लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्योहारो को देखते हुये व्यापारियों को सप्ताह में सातों दिन दुकाने खोलने की छूट दी गई थी पर एक बार फिर कोरोना वायरस के सं मण को देखते हुये इस फैसले को वापस ले लिया गया है। निगम आयुक्त प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि व्यापारियों को अनिवार्य रूप से गुमास्ता एक्ट का पालन करना होगा इसके अंतर्गत निर्धारित दिवस (शनिवार अथवा रविवार जो भी निर्धारित हो)को व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को नियमानुसार बंद रखेंगे नही तो उन पर विधिसम्मत कार्यवाही की जायेगी।

## गंगामुण्डा व दलपत सागर के घाटों में पूजा-अर्चना

# छठ पूजा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व कांग्रेसी

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर भारतीयों के सबसे बड़े पर्व छठ महापर्व के अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा - अर्चना में जनप्रतिनिधि व कांग्रेसी नेतागण शामिल हुए। गंगामुण्डा व दलपत सागर की घाटों में पूजा कर रहे मिथिलांचल व उत्तरांचल के लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही मिथिलांचल व उत्तरांचल के निवासियों को दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए छठी मैया व अस्तागामी सूर्य से जीवन में नये ऊर्जा का संचार होने की कामना की। इस दौरान संसदीय सचिव रेखचंद जैन, महापौर सफीरा साहू, शहर अध्यक्ष राजीव शर्मा, निगम अध्यक्ष कविता साहू सहित पार्षदगण व कांग्रेसी नेता ने हर घाट में पहुंच कर सभी का अभिवादन किया। इस दौरान क्षेत्र के पार्षदगण सूरेंद्र झा, विक्रम सिंह डांगी, कमलेश पाठक, श्वेता बघेल पूजन करने वाले लोगों को सहयोग करते रहे। वहीं जनप्रतिनिधिगण बुजुर्गो का आशीर्वाद लेकर व छोटे को प्यार व दुलार देकर छठ पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। मिथिलांचल व उत्तरांचल के रहवासियों द्वारा कांग्रेसी नेताओं का गर्मजोशी से बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव यशवर्धन राव, पार्षदगण बलराम यादव, सूर्या पानी, दयाराम कश्यप, ललीता राव , नेहा ध्रुव व कांग्रेसी नेता हेमु उपाध्याय,योगेश पानीग्राही, रामशंकर पिल्ले, आभास मोहंती, कुलदीप भदौरिया व विजय सिंह उपस्थित थे।

# ओजस्वी भीमा मंडावी ने प्रदेश सरकार की लचर शिक्षा व्यवस्था पर उठाये सवाल

पायनियर संवाददाता बचेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश की लचर शिक्षा व्यवस्था और दन्तेवाड़ा शिक्षा विभाग के सामूहिक षडयंत्र के कारण ही नीट सलेक्शन से आदिवासी बालाएं वंचित हुई।

भाजपा की प्रदेश कार्यकारी सदस्य एवं पूर्व विधान सभा प्रत्याशी ओजस्वी भीमा मंडावी दन्तेवाड़ा के आदिवासी बालाओं का नीट क्वालीफाइ के बाद भी दाखिला न होने का मुख्य कारण प्रदेश सरकार की लचर शिक्षा व्यवस्था और दन्तेवा?ा के जिला शिक्षा विभाग को माना है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि हालिया घटित नीट कॉउंसलिंग में हुई घोर लापरवाही से ये तो साबित हो ही गया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हो या दन्तेवाड़ा की प्रशासनिक व्यवस्था क्षेत्र के होनहार विदयार्थियों के भविष्य के साथ केवल खिलवाड़ ही कर रही। उन्हें नक्सल पीड़ित क्षेत्र के होनहार बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नही है। इससे पूर्व भाजपा शासन में सैकड़ों बच्चों का भविष्य छू लो आसमान, लक्ष्य ट्यूटेरिल सेंटर, बीपीओ कॉल सेंटर, लाइविली हुड, जावंगा एजुकेशन जैसे कई संस्थानों से सँवारी गई थी। पर आज कांग्रेस की सत्ता आते ही जैसे दन्तेवाड़ा जिले के विकास को ही ग्रहण सा लग गया है। क्षेत्र के युवा पीढ़ी हो या व्यापार जगत सभी सहम से गये हैं। छू-लो आसमान के आदिवासी बालाओं को दाखिले से वंचित कर उनका समय बर्बाद कर बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वालों की हम घोर निंदा करते हैं। और मांग करते हैं कि अपनी गलतियों को सुधार कर तत्काल क्वालीफाइ बच्चों का दाखिला करवाएँ।


ओजस्वी मंडावी ने कहा कि पूरे लॉक डाउन के दौरान कांग्रेस के मंत्रियों ने स्वान चिप्स जैसे अनुबंधित शासकीय तंत्रों का सर्वर अपनी पार्टी की वर्चुअल बैठक के लिए जम कर किया और अभी बच्चों की भविष्य की बात आई तो ठीकरा सर्वर पर ही फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी बच्चों के भविष्य को लेकर इतने ही गंभीर होते तो जिला कलेक्टर को इस बात की जानकारी पालकों के माध्यम से नही बल्कि विभागीय माध्यम से पता चलता। इससे ये बात भी स्पष्ठ हो ही जाती है कि शिक्षा विभाग में आसीन राजनीतिक रसूखदारों के समक्ष जिला प्रशासन भी असहाय सा हो गया है।

# शासकीय कर्मचारी संघ 26 को करेंगे शासन का ध्यानाकर्षण

## कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ राज्य के अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर अपनी लंबित मांगों को लेकर 26 नवंबर को शासन का ध्यानाकर्षण करेगा तथा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। और अपने प्रमुख मांग एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करो। सभी विभागों में रिक्त पदों पर निशर्त अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करें,सी आई डी सी के हड़ताल रत परिवार लंबित अनुकंपा नियुक्ति आदेश तत्कालजारी करो। जनघोषणा पत्र के क्रियान्वयन करें,अल्पवेतनभोगीकोप्राथमिकता दिया जाए, कोरोनावायरस के रोकथाम में लगे पीड़ित निधन हुए कर्मचारियों को 50 लाख बीमा राशि प्रदान करें,स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों के कर्मचारियों को सुरक्षा बीमा अनिवार्य रूप से किया जाए। लिपिकों की वेतन विसंगति तत्काल दूर किया जाए। रोकी गई वेतन वृद्धि,डीए , सातवें




वेतन आयोग के एरियर,बहाल करो, मूलभूत नियम में परीवीक्षा के नियमों में किए गए बदलाव वापस लो।गौरतलब है कि वर्ष 2004 में 1 नवंबर से पेंशन नियम 1976 को तत्कालीन सरकार ने समाप्त कर नवीन अंशदाई पेंशन योजना एनपीएस लागू की जिससे कर्मचारियों के भविष्य को खतरे में डाल दिया गया।और इसी तरह से अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में भी तात्कालिक निराकरण नहीं किया जाना संवेदनहीनता दर्शाता है।जबकि यही कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर शासन के अपने देश के प्रति अपने कर्तव्य को और अपने दायित्वों को इमानदारी से पूरा करता है पूरी जिंदगी के सबसे ज्यादा समय वह सेवा में बिताता है तथाआकस्मिक निधन होने पर उनके परिवार केभरण-पोषण हेतु सेवा में एक सदस्य को योग्यता अनुसार नियुक्ति दी जाती है। और सेवानिवृत्त होने पर बदले में जीवन यापन के लिए उसे पेंशनऔर निधन होने पर परिवार पेंशन के रूप में जीवन यापन के लिए राहत के रूप में वेतन का एक हिस्सा प्रदान किया जाता था। उसे भी तात्कालिक केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा छीन लिया गया। जिससे कर्मचारियों में भय और असंतोष है। और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।सरकारी कर्मचारियों की प्रति सरकारों की जवाबदेही निरंतर कम करने का साजिश जारी है। सरकारी कर्मचारी चाहे किसी भी संवर्ग का हो सभी के लिए नुकसानदायक है जिस मांग को लेकर शासन को सचेत करेंगे।

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए ,26 नवंबर को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, केन्द्रीय ट्रेड यूनियनो के आव्हान पर कर्मचारी एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल सफल बनाने हेतु छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लखन साहू प्रदेश लिपिक संघ पन्ना लाल देववंशी बसन्त त्रिवेदी बसन्त मिश्रा एम आर खान हुकुम सिन्हा शिव सिन्हा दिनेश सांडिल्य वरुण चक्रधारी उमाशंकर साहू कोमल ध्रुव जगन्नाथ शर्मा तेजेश शर्मा अनूप महाडिक रोशन पटेल जे के गजभिये ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को उपस्थित होंने की अपील किया है।

# पंकज यदु के नेतृत्व में थाना प्रभारी व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर के समीपस्त ग्राम पंचायत बिलाड़ी में स्थित वेक्टरामा पोल्ट्री फार्म स्थित है।जो कि आस पास गांव , केसदा, सिनोधा, खपरी कला के बेरोजगार युवकों को रोजगार, व किसानों को आम रास्ता नहीं मिलने से बीते दिन ग्राम बिलाड़ी के सरपंच प्रतिनिधि पंकज यदु के नेतृत्व मे युवाओं ने तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी,व तहसील दार को ज्ञापन सौंपा गया उसके उपरांत पोल्ट्री फार्म बिलाड़ी के मेन गेट पर युवाओं ने धरना प्रर्दशन किया जिनमें मुख्य रूप से बेरोजगार युवाओं को पूरे वर्ष रोजगार दिया जाये व पोल्ट्री फार्म के पिछे स्थित किसानों के खेत खलिहान में जाने का आम रास्ता देने की बात कही। युवाओं ने कंहा जब पोल्ट्री फार्म लगाया गया तो उसके पहले पोल्ट्री प्रबंधक द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की बात की गयी थी। सरपंच प्रतिनिधी पंकज यदु ने कहां की इतने बडे पोल्ट्री फार्म हमारे ग्राम में लगा है। जिनका फायदा अभी तक हमारे स्थानीय युवाओं को नहीं हुआ हैं। पोल्ट्री फार्म में बाहरी युवाओं को लाकर काम दिया जा रहा है। और स्थानीय युवाओं को काम पर नही रखा गया है। उन्होने एक सप्ताह का समय बोला हैं।एक सप्ताह के अंतर्गत युवाओं को रोजगार एंव किशानो को आम रास्ता के सबंध में कोई हल नहीं निकाला जायेगा तो सैकण्डो युवाओं एक जुट होकर पोल्ट्री फार्म के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जायेंगे।

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से पंकज यदु, किशन कुरे,मालिकराम यादव, गौकरण धुव्र, मोहन पटेल, दिनेश निषाद, अमित यदु, बशी कलामत, यशंवत साहू , योगेश खपरी कला, मोतीलाल केसदा, सरफराज सिनोधा, दिलीप नेताम, राहुल यदु, रितीक ,चंद्रकात ,अमित यदु, सत्या, हीरावन, मुकेश वर्मा उपस्थित थे।

# पुलिस कप्तान ने पेड़ की छांव में लगाई दरबार

■ जवानों की सुनी समस्याएं निराकरण के लिए किया आश्वस्त

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में पुलिस कप्तान ने पेड़ की छांव में दरबार लगाई और जवानों की सुनी समस्या। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी के निर्देशानुसार प्रारंभ किए गए स्पंदन कार्यक्रम के अनुपालन में पुलिस कप्तान भोजराम पटेल पुलिस लाइन में दरबार लगाकर जवानों से उनकी समस्याएं सुनी जिसमें कर्मचारियों द्वारा बताए गए समस्याओं और गुजारिश के त्वरित निराकरण के लिए उन्हें आश्वासन दिलाया कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं उपस्थित अधिकारियों को क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश भी दिए कि प्रत्येक थानों से लगभग 3 जवानों को 1 सप्ताह के लिए स्पोर्ट्स सुविधा, योग एवं कैरम, डांस, सिंगिंग एवं मनोरंजन की सुविधा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार लगातार प्रयास से पुलिस जवानों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा बाहर निकलकर आएगी तो इसका अच्छा परिणाम यह होगा। कि आने वाली पुलिस परिवार के बच्चों एवं जिले के युवा पीढ़ी प्रोत्साहित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। पुलिस कप्तान ने कहा कि प्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं पुलिस कर्मचारियों के बीच सामान्य चर्चा से एक दूसरे के विचार साझा करने से एक बदलाव आएगा। इस दौरान कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक उमेश राय, निरीक्षक संतोष भुआर्य एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# धान और मक्का उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन तिथि 25 तक बढ़ाने किया मांग

■ दिनों को तय कर ग्रामवार हो खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के प्रतिनिधियों ने धान एवं मक्का उपार्जन हेतु पंजीयन तिथि 25 नवम्बर तक बढ़ाने व खरीदी केंद्रों में ग्रामवार पारी बनाकर खरीदी करने की व्यवस्था बनाने आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम तहसीलदार राजिम को ज्ञापन सौंपा

प्रतिनिधि मंडल में शामिल अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के उपाध्यक्ष मदन लाल साहू, राज्य सचिव तेजराम विद्रोही, सदस्य उत्तमकुमार साहू, ललित कुमार, कृषकगण बिसहत यादव, नकुल साहू उत्तम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा धान केंद्रों में न्यूनतम समर्थन मूल्य में धान व मक्का की खरीदी 1 दिसम्बर से शुरुआत की जा रही है। लेकिन गिरदावरी सर्वेक्षण (भुइयां पोर्टल) व अन्य तकनीकी कारणों से प्रदेश के लगभग 4000 से अधिक किसानों का पंजीयन सत्यापन अब तक नहीं हो पाया है जिससे वे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य में अपनी उपज बेचने से वंचित हो जाएंगे। अतः धान एवं मक्का उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन तिथि 25 नंवबर तक बढ़ाना किसानों के हित में होगा।

75 प्रतिशत किसानों ने अपना फसल काटकर खलिहानों में रखा है और वे खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। जब टोकन काटने की शुरूआत होगी तो खरीदी केन्द्रों में किसानों की भीड़ होगी क्योंकि एक खरीदी केंद्र के अंतर्गत पांच से छै गाँव तक सम्मिलित है। इसलिए सप्ताह के पाँच दिनों में खरीदी के लिए दिनवार ग्रामों के किसानों का फसल खरीदी की व्यवस्था बनाई जाए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके।

# सीआरसी राजनादगांव ने दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण किया





पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के अन्तर्गत छः विकासखण्डों के दिव्यांग बच्चों को सामावेशी शिक्षा योजना अन्तर्गत सहायक उपकरण ट्रायसिकल, व्हील चेयर, हियरिंग एड, रोलेटर, ब्रेल किट एवं एम.आर. किट का निःशुल्क वितरण सी.आर.सी. राजनादगांव द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में कार्यालय जिला परियोजना सर्व शिक्षा अभियान बलौदाबाजार-भाटापारा से आर.सोमेश्वर राव (जिला मिशन समन्वयक), सुशील कुमार भृगु (प्राचार्य) बोडतरा, मनहरण लाल साहू (सहायक जिला मिशन समन्वयक, मनोहर लाल साहू (सहायक जिला मिशन समन्वयक), सी.आर.सी. राजनादगांव से विषय विशेषज्ञ गजेन्द्र कुमार साहू (आर्डियोलाजिस्ट) एवं अभिनंदन नायक (प्रोस्थेटिक एवं आर्थोस्टिक) नोडल राजेश्वर प्रसाद सेन (बी.आर.सी.) बी.आर.पी. पी.वंदना बलौदाबाजार, अर्चना यादव सिमगा, प्रिती देशमुख भाटापारा, कुंजबिहारी कश्यप पलारी, सविता चाम्भारे कसडोल, अजीत पटेल बिलाईगढ़ आदि उपस्थित थे। जिले के 19 बच्चें व उसके पालक भी उपस्थित थे।यह कार्यक्रम कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुऐ सफ्लतापूर्वक संपन्न किया गया।

**लाल भाजी 600 रुपए किलो!**

# सब्जी बीज की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले किसानों को इस बार बीज के लिए ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है। बहुतायत के साथ हमेशा उपलब्ध रहने वाली लाल भाजी के बीज की भारी शॉर्टेज है। इसके बावजूद खरीदी के लिए ऑर्डर बुक किए जा रहे हैं। सब्जी के बीज में ऐसा कोई भी बीज नहीं है जिसकी कीमत बढ़ी हुई ना हो।

लाल भाजी 600 रुपए किलो। आश्चर्य मत कीजिए। यह भाव बीज का है जिसकी इस वक्त सबसे ज्यादा मांग बनी हुई है। टमाटर, फुल गोभी और बैगन का नंबर इसके बाद आ रहा है जो इस समय सबसे ज्यादा मांग में बने हुए हैं। खरीफ फसलों की कटाई का काम अब अंतिम दौर में आ चुका है। किसान तेजी से काम निपटाने के साथ सब्जी की खेती की तैयारी भी कर रहे हैं। इसलिए सब्जी बीज में मांग का दबाव बढ़ता हुआ दिखाई देता है क्योंकि कुछ खास सब्जियों के बीज की मांग बढ़ चली है तो कुछ में शॉर्टेज की स्थिति बन चुकी है।

**इसलिए बढ़ रही मांग :** करोना कॉल में सब्जियों की कीमतों ने जिस तरह छलांग लगाई हुई है उसका स्तर अब भी तेजी का ही बना हुआ है। सब्जी उत्पादक किसान इसे कमाई का बेहतर अवसर मान रहे हैं। इसलिए खरीफ फसल की कटाई पूरी कर लेने के बाद अब सब्जी बाड़ियों में सब्जी की खेती का रकबा बढ़ाया जा चुका है। रकबा बढ़ाने का असर सब्जी बीज की बढ़ी हुई मांग के रूप में सामने आ रहा है।

**लाल भाजी की शॉर्टेज :** हाईब्रीड बीज की ओर बढ़ते रुझान



के बावजूद देसी प्रजाति के बीज की मांग मजबूती के साथ कायम है। इस समय सबसे ज्यादा मांग लाल भाजी, फुल गोभी, बैगन और टमाटर के बीज की है। लाल भाजी 600 रुपए किलो के साथ सबसे ज्यादा मांग में है। इसके बीज की उपलब्धता बेहद सीमित है। टमाटर 10 ग्राम का पैकेट 200 से 400 रुपए में मिल रहा है तो फुलगोभी के बीज की खरीदी के लिए 300 रुपए निकालने होंगे। बैगन का 10 ग्राम का पैकेट 80 से 100 रुपए में मिलेगा। हरी मिर्च के लिए 300 से 400 रुपए निकालने होंगे। भिंडी के बीज की खरीदी 2000 से 3000 रुपए किलो की दर पर करनी पड़ेगी। लौकी 10 ग्राम का पैकेट 40 से 50 रुपए में पड़ेगा तो सेमी का बीज 200 रुपए किलो की दर पर खरीदने होंगे। चिकनी और धारीदार तुरई 10 ग्राम का पैकेट 40 से 50 रुपए में खरीदना पड़ेगा। कुल मिलाकर सब्जी बीज की हर प्रजाति की खरीदी महंगी पड़ रही है।

**भाजी के बीज में ये स्थिति :** भाजी की कुछ खास प्रजातियां पूरे साल मांग में बनी रहती है। इसमें लाल भाजी शिखर पर रहती आई है। इस बार यह रिकॉर्ड मांग के साथ अपना स्तर बनाए हुए हैं। इसके बीज की कीमत 500 से 600 रुपए किलो बोली जा रही है। 200 रुपए किलो की कीमत के साथ पालक भाजी दूसरे नंबर पर है। मेथी भाजी के बीज की कीमत 80 रुपए किलो के साथ राहत तो दे रही है लेकिन कुसुम भाजी के बीज की खरीदी के लिए 50 रुपए निकालने होंगे। खेड़ाहा भाजी 200 रुपए किलो, अमारी भाजी का बीज 60 रुपए और चेंच भाजी 150 रुपए किलो के साथ भाजी बीज के बाजार में सबसे निचले पायदान पर है।

> उद्यानिकी फसलों में सब्जी की खेती का रकबा जिस लिहाज से बढ़ रहा है उसका असर सब्जी के बीज की कीमतों पर भी पड़ रहा है। इस समय लाल भाजी के बीज की शॉर्टेज है तो फुल गोभी, टमाटर और बैगन के बीज की मांग भी बढ़ी हुई है।
>
> **-कमल वर्मा,** संचालक वर्मा बीज भंडार भाटापारा


**नगरीय निकायों में जांच शिविरों में आएगी तेजी**

# वीडियो कॉन्फेंसिग के जरिए कलेक्टर ने नगर अध्यक्षों सहित पार्षदों से की बात

■ न प कसडोल के समस्त जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

मौसम के तापमान गिरने के साथ ही कोरोना संक्रमित मरीजों की सँख्या में तेजी आ सकती है। ऐसे संकेत केंद्र एवं राज्य सरकार ने दिए है। साथ ही हाल के दिनों में त्यौहारों का सीजन होने से लोगों की आवाजाही एवं चहल पहल में तेजी आयी है। जिससे कोरोना का संक्रमण और बढ़ रहा है। कुछ दिनों से लोगों में कोरोना से सुरक्षा प्रति लापरवाही भी बरती जा रहा है। जिले में ऐसी गंभीर स्थिति को देखते हुए कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले के सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की है। उन्होंने कहा की जनप्रतिनिधि जनता एवं प्रशासन के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कोरोना की भयावहता से जनता को जागरूक कर उन्हें कोरोना जांच के लिये प्रेरित करें। जिला प्रशासन सभी नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों में शीघ्र ही जांच शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन शिविरों में आम व्यक्तियों को जांच के लिए प्रेरित करना आप सभी का दायित्व है। कलेक्टर ने कहा कि समय पर कोरोना की जांच जरूरी है। ज्यादा विलंब होने पर मौत की संभावना अधिक बढ़ जाती है। इस लिए अधिक से अधिक व्यक्तियों



की जांच होने से संक्रमित व्यक्तियों की पहचान कर संक्रमण से बचाया जा सकता है।

कलेक्टर जैन ने जिले के सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं पार्षदों से बारी-बारी से चर्चा की।उन्होंने कहा कि कोरोना का सबसे बढ़िया इलाज इसकी समय पर पहचान करना है। यदि पहचान में देरी अथवा चूक हो गई तो एक सप्ताह में वह पूरे नगर सहित जिले में भी कोरोना फैला देगा। बातचीत के दौरान कुछ पार्षदों ने कलेक्टर को सकारात्मक सुझाव भी दिए जिसे जैन ने स्वीकार करते हुए शीघ्र सुझावों के अनुरूप कार्य योजना बनाने का आश्वासन दिए है। साथ ही कलेक्टर ने कोरोना संबधी सामाजिक व्यवहार जैसे छह फीट कीद दूरी, घर से बाहर निकलने पर मास्क लगाना और बार-बार हाथ धोना और सेनिटाईजर का उपयोग करने की समझाईश को फिर से दोहराया। साथ ही नगरीय निकायों में कोरोना नियमों के उल्लंघन करनें पर चलानी कार्रवाई तेज करने के निर्देश सभी नगरीय प्रशासन के अधिकारियों को दिए है।

उन्होंने कहा कि सरकार काफी समझाईश दे चुकी है। अब उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई का समय आ चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.खेमराज सोनवानी ने कोविड के लक्षण बताए। उन्होंने कहा कि बुखार, सर्दी, खांसी, स्वाद चला जाना और सुंघने की शक्ति का हास् होना प्रमुख लक्षण है। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की एवं डूडा नोडल अधिकारी राजेश्वरी पटेल उपस्थित थे। इसके अलावा कसडोल न प से सीएमओ अनुराधा राजमणि , निलुचन्दन साहू, अध्यक्ष नप कसडोल, ऋत्विक मिश्रा उपाध्यक्ष न प कसडोल पार्षदगण गुनीराम साहू , चन्द्रिका विमल वैष्णव , रूपचंद साहू विनोद बंजारे, कमल केवर्त्य, खिलावन डहरिया,प्रदीप मिश्रा नीरेंद्र क्षत्री, पार्षद प्रतिनिधि, चंदन साहू अध्यक्ष वी स कसडोल ,विमल अजय पार्षद प्रतिनिधि, प्रदीप उक्त नप कसडोल के जनप्रतिनिधि ने भाग लिया साथ जिला दंडाधिकारी से बात कर आवस्यक दिशा निर्देश एवं चुस्त व्यवस्था करने को कहा ।

# विधायक कार्यालय में इंदिरा गांधी को दी गई श्रध्दांजलि



**बलौदाबाजार।** विधायक प्रमोद शर्मा के अगुवाई में स्थानीय विधायक कार्यालय में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी जी की जयंती पर दी गई विनम्र श्रद्धांजलि। उक्त कार्यक्रम में संजय शर्मा, मनोज तिवारी, सुरेंद्र साहू, जितेंद्र महाले, शिरीष पांडेय, राकेश वाधवानी, पारस साहू, आदि बड़ी संख्या में प्रमुखजन उपस्थित थे ।

# अतिथि प्राध्यापकों की अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पन्द्रहवें दिन भी जारी रहा

पायनियर संवाददाता ∢ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



अतिथि प्राध्यापकों की अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पन्द्रहवें दिन भी जारी। महाविद्यालयीन अतिथि प्राध्यापकों ने अपनी नियुक्ति निरंतरता और नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदेश की राजधानी रायपुर में बूढ़ा तालाब के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। अतिथि प्राध्यापक चन्द्रशेखर तिवारी का कहना है कि शासन हमें हर वर्ष केवल सात - आठ माह की नौकरी देते हैं और वेतन भी कम दिया जाता है इसके बावजूद भी हम महाविघालयों में पूरी निष्ठा से अपनी सेवा देते हैं। मार्च 2020 से हमें व्यवस्था से पृथक कर दिया है और हमें वेतन भी नही दिया जा रहा है। हम लोग पिछ्ले नौ महीनों से बेकार है और हमें शासन से महाविघालयों में शीघ्र ही नियुक्ति का इंतजार है। शासन 01 नवम्बर से प्रदेश के सभी महाविघालयों में ऑनलाइन क्लास प्रारंभ करने का आदेश प्राचार्यों को दिये हैं लेकिन अतिथि प्राध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में कोई दिशा निर्देश प्राचार्यों को नहीं दिया गया है जिसके कारण अभी तक हमारी नियुक्ति महाविघालयों में नहीं हो पायी है जिससे हमारी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी है और महाविघालयों में प्राध्यापकों की कमी से छात्रों की पढ़ाई ठप्प है। इसके बावजूद भी सरकार को न तो अतिथि प्राध्यापकों की दयनीय स्थिति पर तरस आ रही हैं और न ही छात्रों की पढ़ाई को लेकर गम्भीर है। अतिथि प्राध्यापक रंगनाथ यादव ने कहा कि हमारे अतिथि प्राध्यापकों में ऐसे कई अतिथि प्राध्यापक हैं जो अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से ही शासन की व्यवस्था के तहत छ.ग. के शासकीय महाविघालयों में अध्यापन कार्य कराते आ रहे हैं और ऐसे प्राध्यापकों को महाविघालयों में सेवा देते 20 से 25 वर्ष हो गये हैं और उनकी स्वयं की आयु 50 वर्ष से अधिक हो गयी हैं यदि शासन ऐसे प्राध्यापकों की सेवा समाप्त कर देंगे तो ऐसे प्राध्यापकों एवं उनके परिवार का भविष्य पूरा अंधकारमय होगा। कांग्रेस सरकार की अब होगा न्याय और अनियमित कर्मचारियों को नियमित किए जाने की चुनावी वायदे - घोषणा से कांग्रेस सरकार से हमें नियमित किए जाने की काफी आस बंधी थी लेकिन सरकार की ऐसी नकारात्मक कार्यशैली से हमें काफी निराशा हाथ लगी है इसलिए प्रदेश के हम सभी अतिथि प्राध्यापक अपनी नियुक्ति, निरंतरता, एकमुश्त वेतन और नियमितिकरण की मांग को लेकर 07 नवम्बर से रायपुर के बूढ़ा तालाब के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं जो हमारी मांग पूरी होने तक जारी रहेगी। पिछड़ा वर्ग के सलाहकार मंडल के पूर्व सदस्य डॉक्टर शांति कुमार कैवर्त्य ने इन अतिथि प्राध्यापकों के इस अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का समर्थन करते हुए अतिथि प्राध्यापकों से अपील की है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यथा समय इस पर उचित कार्यवाही नहीं की गई तब इस आंदोलन-अभियान का विस्तार कर जेल भरो आंदोलन किया जाए। इस हेतु डॉ.कैवर्त्य ने समर्थन-सहयोग की बात कही है।

# लायनेस क्लब अध्यक्ष अनीता सिंह के निवास पर हुआ छठ पूजा का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com

20 नवंबर को छठ पूजा के महापर्व पर लायनेस क्लब शक्ति की अध्यक्ष एवं नगर पालिका की पूर्व एल्डरमैन अनीता सिंह के निवास पर छठ महा पूजा का आयोजन किया गया, इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों से महिलाओं ने उपस्थित होकर जहां विधिवत पूजा अर्चना की तो वही सूर्यदेव को अर्ध्य दिया गया, इस अवसर पर श्रीमती अनीता सिंह द्वारा आगंतुक सभी महिलाओं को छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दी गई एवं छठ पूजा के अवसर पर वृहत रूप से पूजा अर्चना की गई तथा छठ पूजा को लेकर महिलाओं में भी काफी उत्साह देखा गया एवं इस दौरान लायनेस क्लब शक्ति की अध्यक्ष अनीता सिंह, अंजू सिंह सहित विभिन्न सदस्य, पदाधिकारी एवं अन्य महिला संगठनों के भी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे, साथ ही इस अवसर पर लायंनेस क्लब शक्ति की अध्यक्ष अनीता सिंह ने कहा कि छठ पूजा पूरी दुनिया में हर्षउल्लास के साथ मनाई जाती है, तथा यह पर्व हम सभी के लिए एक बड़ा पर्व है, एवं सूर्यदेव की आराधना के साथ ही इस पूजा अर्चना को संपन्न कराया जाता है, वही छठ पूजा के अवसर पर शक्ति शहर सहित अंचल के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने इस अवसर पर पूजा अर्चना की तथा लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी छठ पूजा की एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा इस वर्ष कोरोना काल के चलते शासन के दिशा निर्देशों के परिपालन में छठ पूजा का सार्वजनिक आयोजन तालाबों या नदियों के आसपास नहीं देखा गया, किंतु इसके बावजूद लोगों ने अपनी आस्था इस छठ पूजा के पर्व के प्रति व्यक्त की।

# अग्रसेन के प्रमाणिक इतिहास पर करीब 32 नगर की पृष्ठों वाली रंगीन पत्रिका का किया विमोचन

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी के प्रमाणिक जीवन इतिहास पर 32 पृष्ठों की रंगीन पत्रिका का प्रकाशन करवाकर विमोचन किया गया है, तथा अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, महामंत्री प्रदीप कुमार सराफ, उपाध्यक्ष मीना गोयल एवं कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया के मार्गदर्शन में लेखिका स्व. स्वराजमणि अग्रवाल जी द्वारा पूर्व में रचित महाराजा अग्रसेन जी की जानकारियों के आधार पर नरेश अग्रवाल जमशेदपुर झारखंड के संपादन में किया गया है, तथा इस 32 पृष्ठों की रंगीन पत्रिका में जहां अग्रसेन जी के प्रमाणिक जीवन इतिहास पर विस्तारपूर्वक जानकारी समाहित की गई है तो वहीं वर्तमान समय में अग्रवाल समाज के लोगों के लिए यह पत्रिका काफी प्रेरणादाई एवं

## अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादयी- राजकुमार

अग्रकुल प्रवर्तक की जानकारी की दृष्टि से काफी उपयोगी है, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने इस पत्रिका के विमोचन पर कहा है कि सम्मेलन द्वारा निरंतर विगत 3 वर्षों से पूरे देश एवं दुनिया में अग्रवाल समाज के पूर्व इतिहास तथा अग्रोहा धाम को लेकर जन जन तक जानकारी पहुंचाने एवं महाराजा अग्रसेन के बताएं मार्गों पर चलने लोगों को जन जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है, राजकुमार मित्तल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा प्रतिमाह नियमित रूप से अग्र ज्योति पत्रिका का भी प्रकाशन उषा केडिया मैसूर कर्नाटक एवं ओमप्रकाश अग्रवाल जयपुर राजस्थान के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसमें पूरी देश- दुनिया के अग्रवाल समाज से जुड़े लोगों के समय-समय पर विभिन्न लेख, रचनाओं, कविताओं एवं सम्मेलन की शाखाओं द्वारा संपादित कार्यक्रमों, गतिविधियों को सचित्र स्थान दिया जाता है, तथा राजकुमार मित्तल ने कहा कि अग्रसेन जी के जीवन पर प्रमाणिक इतिहास को लेकर प्रकाशित इस 32 पृष्ठ की पत्रिका में अग्रवाल समाज की पूर्व कर्मठ समाज सेविका, स्व. डॉक्टर राजमणि अग्रवाल द्वारा रचित पुस्तकों के आधार पर महाराजा अग्रसेन की जीवन की प्रामाणिक जानकारियों को लेकर जमशेदपुर झारखंड के नरेश अग्रवाल द्वारा इस पत्रिका का संपादन किया गया है, एवं आगामी भविष्य में भी समाज की जानकारियों को लेकर ऐसी पत्रिकाओं का निरंतर प्रकाशन कार्य किया जाएगा, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के पत्रिका प्रकाशन को लेकर समाज बंधुओं में भी काफी उत्साह है।

# यातायात व्यवस्था शीघ्र सुधारने शिवसेना ने दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शिव सेना जिला अध्यक्ष संतोष यदु के दिशा निर्देश पर भाटापारा शहर स्थित सदर बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था चौपट होने व भारी वाहनों के गुजरने पर रोक लगाने हेतु शिवसेना द्वारा यातायात थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया है।

शिवसेना के जिला महासचिव भीखम यदु ने बताया कि हमारे भाटापारा शहर दिन प्रतिदिन फैलाव लेता जा रहा है बढ़ती आबादी बढ़ते कारोबार के कारण शहर में गाड़ियों की संख्या में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है नगर के सदर बाजार, हटरी बाजार में चाहे जब बड़ी वाहनों को प्रवेश करा दिया जाता है। जय स्तंभ चौक बड़ी गाड़ियों का स्टैंड बना हुआ है, सड़कों के किनारो पर दुपहिया वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है दुकानों को दुकानदार अतिक्रमण कर सड़कों पर ले आए हैं जिससे बाजारों में सिर्फ पैदल चलने की जगह रहती है। भारी वाहनों का प्रवेश जहां वर्जित है वहां के बेरिया खंभे हटा दिए गए हैं जहां से भारी वाहन रोज प्रवेश कर रहे हैं जो किसी दिन अप्रिय घटना का कारण बनेंगे। नगर के चौक चौराहों पर यातायात सिग्नल तो लगाया गया है पर वह कार्य नहीं कर रहे हैं।

उपरोक्त समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करें एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें अन्यथा उपरोक्त समस्याओं का 15 दिवस तक निदान नहीं किया जाता तो शिवसेना उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश यदु, ब्लॉक अध्यक्ष जीके सिंह, वार्ड अध्यक्ष विकास सोनी, पूर्व पार्षद प्रत्याशी बंधु, किशन रजक आदि शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की कटक शाखा ने किया दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

## राधा अष्टमी एवं करवा चौथ कंपटीशन के विजई प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कार का वितरण

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



20 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन नारी शक्ति कटक इकाई की ओर से बालू बाज़ार स्थित शीतला माता मन्दिर के प्रांगण में सायं 3.30 बजे दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम मे राधाष्टमी एवं करवा चौथ के अवसर पर हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार स्वरूप गिफ्ट हैं। उपस्थित मुख्य अतिथियों के हाथों दिये गये,प्रकाश अग्रवाल, भूतपूर्व अध्यक्ष, मारवाड़ी युवा मंच, कटक एवं प्रकाश अग्रवाल, वर्तमान अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच, कटक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, निर्मला उदयपुरिया ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और कोषाध्यक्ष आरती अग्रवाल ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया,सम्मेलन की कटक इकाई की अध्यक्षा संतोषी चौधरी ने मुख्य अतिथियों, उपस्थित अतिथियों, प्रतियोगियों, निर्णायकों एवंसम्मेलन के लोकप्रिय राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी कन्हैया गोयल शक्ति छत्तीसगढ़ का धन्यवाद ज्ञापन किया, कार्यक्रम की शुरुआत वर्षा चतुर्वेदी की गणेश वंदना और भजनों से हुई, 10 वर्षीय आरव गुप्ता ने श्याम जी के मधुर भजन गाकर कार्यक्रम में शमां बांध दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन नारी शक्ति कटक ईकाई की अध्यक्षा- संतोषी चौधरी, उपाध्यक्षा- सिद्धार्थिनी टिबरेवाल, सचिव- इति पोद्दार, कोषाध्यक्षा- आरती अग्रवाल ने अथक परिश्रम किया,कोविड-19 के मद्देनज़र शरीरिक दूरी और फेस मास्क का ख्याल कार्यक्रम के दौरान रखा गया,साथ ही कोविड-19 मास्क है जरूरी रखना 2 गज की दूरी का संदेश भी दिया गया।

## सांसद सोनी और विधायक शर्मा 23 को सिमगा एवं भाटापारा में लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे


**भाटापारा।** क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी सोमवार 23 नवंबर को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा एवं भाटापारा नगर के विभिन्न सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक शिवरतन शर्मा के साथ सम्मिलित होंगे।

जिनमें प्रमुख रूप से सिमगा के ग्राम दुलदुला में दोपहर 2 बजे सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे तथा दोपहर 2.30 बजे सिमगा के शंकर मंदिर में सामुदायिक भवन के लिए भूमि पूजन करेंगे तथा शाम 4 बजे भाटापारा में गांधी मंदिर वार्ड के लोगों से मैदान के पीछे सामुदायिक भवन का भूमि पूजन करेंगे।

शाम 5 बजे हेमू कलानी वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे इस दौरान वे नागरिकों को संबोधित भी करेंगे। विधायक शिवरतन शर्मा ने सिमगा एवं भाटापारा के नागरिकों से उक्त समारोह में शामिल होने की अपील की है।

# धरमजयगढ़ वन मंडल में धान के फसल को नुकसान पहुंचा रहे हाथी

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com




हाथियों के कहर से धरमजयगढ़ क्षेत्र के किसान काफी परेशान हैं। जंगली हाथियों का एक दल धरमजयगढ़ नगर के आसपास के गांवों के खेतों में लगी धान की फसल बर्बाद कर रहे हैं। इन दिनों धान की फसल तैयार हैं और फसल की कटाई चल रही है। ऐसे में रात के समय में हाथियों का झुंड भंडारीमुड़ा सहित आसपास के गांव के नजदीक लगे धान की फसल को रौंद कर किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी तरह इनके अलावा कई गांव के अन्य किसानों के खेत में लगे धान के फसल को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष हाथियों का झुंड उनके गांव में आकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस बार हाथियों से फसल बचाने को लेकर ग्रामीण बेहद परेशान हैं। हाथियों के भड़क जाने पर लोगों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं से सबक लेते हुए लोग रात में अपने फसल को बचाने के लिए बाहर आने में भी डर रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने वन विभाग से फसल नुकसान की भरपाई करने तथा हाथियों से निजात दिलाने की मांग की है।

## विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा ने जिले के स्वास्थ्य विभाग की ली समीक्षा बैठक

# कोरोना के लक्षण दिखने पर तुरंत करवायें टेस्ट- सीआर प्रसन्ना

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



चिकित्सा सुविधा और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। प्रतिदिन होने वाले टेस्टिंग के मामले में रायगढ़ छत्तीसगढ़ के शीर्ष जिलों में है। ऑक्सीजन व आईसीयू बेड भी पर्याप्त संख्या में तैयार कर लिए गए हैं। कोरोना से हो रही मृत्यु दर में कमी लाने के लिए संक्रमितों की जल्द पहचान कर उन्हें समय से उपचार मिले यह जरूरी है, लेकिन इसके लिए आवश्यक है कि लोग कोरोना के लक्षण दिखते ही अपने टेस्टिंग करायें व समय से उपचार लें। उक्त बातें चिकित्सा शिक्षा के विशेष सचिव सीआर प्रसन्ना ने रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कही। इस अवसर पर कलेक्टर भीम सिंह भी मौजूद रहे। सीआर प्रसन्ना ने कहा कि यह देखने को मिल रहा है कि लक्षण दिखने पर भी लोग उसे गंभीरता से नहीं ले रहे है, स्थिति बिगड़ने पर जांच व इलाज कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिससे कई मामलों में स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर अस्पताल पहुंचने के चौबीस घंटे के भीतर हीं लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि लोग टेस्टिंग से ना बचे व लक्षण दिखने पर तुरंत अपनी टेस्टिंग करायें। इसके लिये उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पंचायत स्तर पर, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां लोग लक्षणों को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे है, अभियान चलाकर लोगों को कोरोना लक्षणों के प्रति जागरूक करने व समय से उपचार नहीं कराने से जिले में विभिन्न लोगों को मिले घातक परिणामों को बताने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान के तहत गांवों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों द्वारा घर-घर में किये जाने वाले स्वास्थ्य सर्वे में चिन्हांकित कोरोना के लक्षणयुक्त मरीजों का 24 घंटे के भीतर रैपिड एंटीजन टेस्ट करने के निर्देश दिए। रैपिड एंटीजन टेस्ट नेगेटिव आने पर उनका अनिवार्यतः ट्रूनाट अथवा आरटीपीसीआर टेस्ट करने के लिए कहा। गर्भवती महिलाओं का तृतीय त्रैमासिक में डिलीवरी के पूर्व टेस्टिंग करने के निर्देश दिए।

सीआर प्रसन्ना ने कहा कि होम आईसोलेशन का निर्धारण मरीज के शारीरिक स्थिति व लक्षणों को देखकर बीएमओ द्वारा निर्धारित किया जाए। लक्षण युक्त मरीजों को होम आईसोलेशन में ना रखा जाए। होम आईसोलेशन में रह रहे मरीजों का दिन में दो बार नियमित रूप से फालोअप किया जाए। मरीजों से टेली कंसल्टेशन के दौरान मरीजों को कोरोना के साथ-साथ जीवनशैली व खानपान से जुड़ी शंकाओं का भी समाधान करे। इससे मरीज ज्यादा रिलेक्स रहेगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों का भी दौरा किया। बरमकेला क्षेत्र के नदीगांव तथा बरपाली में स्वास्थ्य विभाग की टीम से मुलाकात कर उनके कार्यप्रणाली की जानकारी ली और उन्होंने ग्रामीण इलाकों में लोगों को कोरोना के प्रति जागरूकता व समय से टेस्टिंग उपचार पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए।

सीआर प्रसन्ना ने कोविड उपचार के लिये जिले में तैयार किये गये इंफ्रास्ट्रक्चर की भी समीक्षा की। कलेक्टर भीम सिंह ने उन्हें जिले में कोविड के बेहतर उपचार के लिये और चिकित्सकों को यहां पदस्थ करने की मांग की थी जिस पर उन्होंने बताया कि दो चिकित्सकों की यहां पोस्टिग कर दी गई है जो जल्द ज्वाईन कर लेंगे। इस अवसर पर एडीएम राजेन्द्र कटारा, सहायक कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी, मेडिकल कालेज के डीन डॉ.पीएम लूका सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# लैलूंगा के ग्राम सलखिया में बेजा कब्जा धारियों पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के लैलूंगा क्षेत्र के सलखिया गांव में बेजा कब्जा की शिकायत पर तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा पर प्रशासनिक बुलडोजर चलवाया है। रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकास खण्ड के ग्राम सलखिया में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बेजा कब्जा कर पक्का मकान बनाया जा रहा था। जिसे रामपुर पतरापारा के एक व्यक्ति ईशूराम भगत को द्वारा तहसीलदार के समक्ष शिकायत की गई थी। जिसे लैलूंगा तहसीलदार अनुज पटेल ने स्थगन आदेश जारी किया कर दिया था, लेकिन बेजा कब्जाधारी लक्ष्मण मांझी के द्वारा प्रशासन के आदेशों का पालन नहीं किया गया और उक्त निर्माणाधीन मकान पर प्रशासन के स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण जारी रखा था। इसके बाद तहसीलदार अनुज पटेल प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पुलिस बल की मौजूदगी में मकान को जेसीबी मशीन को सहारे ध्वस्त कर दिया गया।

किशहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में भारी संख्या में अतिक्रमण किया जा रहा है। जहां इस कार्यवाही के बाद अवैध कब्जाधारियों पर प्रशासन द्वारा और भी कार्यवाही किए जाने का अंदेशा जताया जा रहा है।

## संपादकीय

# सीबीआई का अधिकार क्षेत्र, राज्यों की सहमति आवश्यक

**सर्वोच्च** न्यायालय ने कहा है कि केंद्र बिना उनकी सहमति के राज्यों में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई के अधिकार क्षेत्र का विस्तार नहीं कर सकता है। इस महत्वपूर्ण फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने संघवाद का समर्थन करते हुए राज्यों की स्वायत्तता के अधिकार तथा केन्द्र द्वारा उस पर कब्जे की प्रवृत्ति के बीच स्पष्ट विभाजक रेखा खींची है। ऐसा कर उसने संविधान की भावना का सम्मान किया है। अदालत ने कहा है कि संबंधित राज्य से बिना पूछे केन्द्र वहां सीबीआई जांच शुरू नहीं कर सकता है। वर्तमान समय में सीबीआई राज्यों की इच्छा का उल्लंघन उसी स्थिति में कर सकती है जब सर्वोच्च न्यायालय किसी राष्ट्रीय जांच का आदेश दे उसे किसी खास मामले में ऐसी शक्ति प्रदान करे। इस प्रकार यह फैसला आठ राज्यों-राजस्थान, बंगाल, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब व मिजोरम के कदम को सही ठहराता है जिन्होंने अपने राज्यों में काम करने की सीबीआई को दी गई सामान्य अनुमति वापास ले ली है। उनका कहना है कि केन्द्र सीबीआई का प्रयोग विपक्ष तथा असहमत नेताओं के खिलाफ बदले की कार्रवाई के लिए करता है और इस प्रकार वैकल्पिक विमर्श उभरने में बाधा डालता है। जस्टिस ए.एम.खानविलकर व जस्टिस बी.आर.गवई ने रेखांकित किया है कि 'यह कानून संविधान के संघीय ढांचे के अनुरूप है'। न्यायमूर्तियों ने दिल्ली विशेष बल अवस्थापना कानून-डीएसपीई, 1946 का संदर्भ देते हुए स्पष्ट किया है कि 'हालांकि धारा 5 केन्द्र सरकार को डीएसपीई के सदस्यों के अधिकार क्षेत्र व शक्तियों के विस्तार का अधिकार संघशासित क्षेत्रों से राज्यों में करने की अनुमति देती है, पर इस विस्तार की अनुमति बिना राज्य की सहमति के नहीं हो सकती है।' शायद सर्वोच्च न्यायालय का अब भी विश्वास है कि सीबीआई उसकी पूर्व टिप्पणी के अनुसार 'पिंजड़े में बंद तोता' है और उसके राजनीतीकरण को समाप्त करने की जरूरत है। डीएसपीई एक्ट का प्रयोग 2018 में किया गया था जब तेलगू देशम पार्टी-तेदेपा ने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग छोड़ा था और उसने राज्य में सीबीआई द्वारा बदले की कार्रवाई रोकने के लिए उस पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि, 2019 के मध्य में वाईएसआर कांग्रेस सरकार ने आंध्र प्रदेश की सत्ता में आने के बाद यह अनुमति पुनः प्रदान कर दी थी। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने एजेंसी को सारदा घोटाले की जांच करने की अनुमति उस समय वापस ले ली थी, जब एजेंसी ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त को तलब किया था। लेकिन बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने मामले पर विचार कर न्याय में बाधा डालने के आरोपों पर सीबीआई को जांच का अधिकार वापस दे दिया था।

सीबीआई की स्वतंत्रता पर प्रहार कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में ही शुरू हो गया था। सीबीआई जांच का प्रयोग कई बार विपक्ष और क्षेत्रीय नेताओं पर लगाम लगाने के लिए उन पर भ्रष्टाचार के आरोप मढ़ने के माध्यम से किया जाता रहा है। सीबीआई जांच का भय दिखा कर कई बार क्षेत्रीय शक्तियों को समर्थन के लिए मजबूर किया गया ताकि गठबंधन बना रह सके। कई बार ईमानदार अधिकारी के कामकाज से राजनेताओं के प्रभावित होने की स्थिति में उनको 'गति धीमी करने' का आदेश दिया गया या जांच से हटा दिया गया। नए नियमों के अनुसार सीबीआई को सस्पेंड किए अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू करने के लिए स्थानीय अनुमति की आवश्यकता होगी। ऐसे मामलों में हमेशा देर से अनुमति मिलने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रमाणों के साथ छेड़छाड़ की संभावना होती है। सरकार जोर देती रही है कि अनुमति में विलम्ब अक्सर लक्षित अधिकारियों को बचाने के लिए होता है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने जैन हवाला मामले में सीबीआई द्वारा अपने पैर पीछे खींचने की आलोचना करते हुए निर्देश दिए थे ताकि एजेंसी की स्वतंत्रता व स्वायत्तता बनी रह सके। उसने कहा था कि इसे केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त-सीवीसी के अंतर्गत ला कर कार्यकारी नियंत्रण या हस्तक्षेप से मुक्त किया जाए।

# लव जिहाद के खिलाफ कानून

## सरकारी आंकड़ों के अनुसार लव जिहाद के ज्यादा प्रमाण नहीं हैं। ऐसे में जबरन विवाह व धर्मान्तरण के खिलाफ कानून बनाने की आवश्यकता पर सवाल उठ रहे हैं।



**अजय कुमार**
(लेखक पूर्व सांसद एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं)



नाज़ी जर्मनी में कुछ कानूनों की घोषणा नूरेम्बर्ग में की गई थी जिनके अनुसर यहूदियों को 'जर्मन या संबंधित रक्त' वाले लोगों से विवाह करने या उनसे निकट संबंध रखने पर प्रतिबंध लगाया गया था। एक यहूदी को अपनी पहचान यह दिखा कर सिद्ध करनी होती थी कि उसके तीन या चार यहूदी पितामह-पितामही थे। इस कानून का उद्देश्य यहूदियों को जर्मन समाज में अलग थलग करना था तथा इससे पूरे समुदाय के खिलाफ पहले से मौजूद पूर्वाग्रह और गंभीर हो गए थे।

भारत में पिछले कुछ सप्ताहों में हरियाणा, मध्य प्रदेश व कर्नाटक जैसे राज्यों ने एक कानून बनाने पर विचार किया है जो 'लव जिहाद' की समस्या से निपटने को लक्षित होगा। इन सभी राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा सरकारों ने इसे महत्व दिया है। उदाहरण के लिए, मध्य प्रदेश सरकार ने धर्म स्वतंत्रता विधेयक, 2020 लाने का निर्णय किया है जिससे किसी व्यक्ति पर विवाह के लिए दबाव डालने को गैर-जमानती अपराध घोषित कर उसके लिए पांच साल कठोर कारावास का प्राविधान बनाया जा सके। इस विधेयक ने ऐसे मामलों को परिभाषित किया है जहां कोई व्यक्ति विवाह के लिए स्वैच्छिक धर्मान्तरण के लिए तैयार हो। उनको अनिवार्य रूप से एक माह पहले कलेक्टर के पास प्रार्थनापत्र देना होगा।

लेकिन ऐसे समाज में प्रेम की सार्वजनिक घोषणा करना जवाबी हमले का आमंत्रण हो सकता है जो इज्जत के नाम पर हत्याओं से उबर नहीं पाया हो। यदि दूसरे धर्म का कोई व्यक्ति किसी लड़की से अंतर-धार्मिक विवाह की अनुमति मांगता है तो उसे विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। हमने हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड द्वारा विज्ञापन अभियान का भारी विरोध देखा है जिसमें एक अंतर-धार्मिक विवाह को दिखाया गया है जहां युगल में से कोई भी पक्ष अपना धर्म बदलते नहीं दिखाया गया है। यदि इस विज्ञापन को वापस लेना पड़ा है तो उन लोगों के सामने आने वाली समस्याओं की कल्पना की जा सकती है जो विवाह के मामले में स्वतंत्र सहमति के रास्ते पर चलना चाहते हों।

इस संबंध में एक सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह पूछा जाना चाहिए कि क्या वास्तव में ऐसे कानून की आवश्यकता है। इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह सवाल भी है कि क्या यह संवैधानिक रूप से वैध होगा। यहां यह तथ्य भी प्रासंगिक है कि वास्तव में 'लव जिहाद' के कितने मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्र सरकार के अनुसार उनकी संख्या बहुत अधिक नहीं है। इस वर्ष फरवरी में इस विषय पर पूछे एक सवाल के जवाब में सरकार ने संसद को सूचित किया था कि 'लव जिहाद' शब्द को किसी कानून में परिभाषित नहीं किया गया है और किसी केन्द्रीय एजेंसी ने इस बारे में किसी मामले की खबर नहीं दी है और न उसे पंजीकृत किया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार स्वयं इसे एक समस्या नहीं मानती है। इस मामले में एक महत्वपूर्ण विचार पैदा होता है कि क्या भाजपा शासित राज्य सरकारें यह कानून इसलिए लाना चाहती हैं कि वर्तमान समय में जबरन धर्मान्तरण रोकने के लिए कानून की अनुपस्थिति का परीक्षण किया जा सके।

> क्या वास्तव में ऐसे कानून की आवश्यकता है। इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह सवाल भी है कि क्या यह संवैधानिक रूप से वैध होगा। यहां यह तथ्य भी प्रासंगिक है कि वास्तव में 'लव जिहाद' के कितने मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्र सरकार के अनुसार उनकी संख्या बहुत अधिक नहीं है। 'लव जिहाद' शब्द को किसी कानून में परिभाषित नहीं किया गया है

हालांकि, इस दृष्टिकोण से भी इन राज्य सरकारों का प्रयास शायद ही सफल हो। उदाहरण के लिए, भारतीय दंड संहिता की धारा 366 किसी महिला को जबरन विवाह के लिए अपहरण करने को दंडनीय अपराध घोषित करती है जिसके लिए दस साल तक की सजा हो सकती है। अगला सवाल यह है कि क्या अंतर-धार्मिक विवाह पर निशाना लगाने का कदम संवैधानिक रूप से वैध है? इस सवाल का जवाब भी स्पष्ट रूप से नकारात्मक है। संविधान का अनुच्छेद 21 किसी व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इस अधिकार की एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति विवाह के लिए अपना जोड़ीदार चुनने के अधिकार के रूप में भी सामने आती है।

इस प्रकार यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि 'लव जिहाद' की घटनायें बहुत कम हैं और जबरन विवाह व धर्मांतरण रोकने वाले कानून पहले से मौजूद हैं तो 'लव जिहाद' के खिलाफ नया कानून किन उद्देश्यों से बनाने के प्रयास हो रहे हैं? दशकों पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा कहे शब्द इसका जवाब हो सकते हैं। जबरन धर्मांतरण से सुरक्षा देने वाले कानूनों की आवश्यकता पर बहस के दौरान उन्होंने विशिष्ट दूरदर्शिता प्रदर्शित करते हुए कहा था कि ऐसे कानूनों से 'धर्मांतरण के गलत तरीकों को कुचलने में ज्यादा सहायता नहीं मिलेगी, बल्कि इससे बड़ी संख्या में लोगों का भारी उत्पीड़न हो सकता है।' पंडित नेहरू ने कहा था, 'धर्मांतरण और धोखे की समस्या को सामान्य कानून से निपटा जा सकता है। इसका सबूत एकत्र करना कठिन होगा, लेकिन यह बात अनेक अन्य अपराधों के सबूतों के बारे में भी सही है। यह सुझावा देना गलत होगा कि किसी खास धर्म के प्रचार के लिए अनुमति की आवश्यकता होनी चाहिए। इसके कारण पुलिस को हस्तक्षेप की बहुत व्यापक शक्ति मिल जाएगी।'

जवाहरलाल नेहरू के इन शब्दों से संभावित खतरा पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है। इस प्रकार संभवतः यह कदम यथार्थ से परे हैं तथा इसका उद्देश्य खास समुदायों के खिलाफ भावनाओं को हवा देना है तथा जनता में इसके खिलाफ भय पैदा करना है, जबकि वास्तव में इसकी आवश्यकता नहीं है। यह कदम भाजपा द्वारा अब तक समान नागरिक संहिता-यूसीसी के बारे में व्यक्त विचारों को देखते हुए भी अनैतिक है। नेशनल अकादमी आफ लीगल स्टडीज़ एंड रिसर्च-नलसार के उप-कुलपति फैजान मुस्तफा के अनुसार, यूसीसी कम से कम अंतर-धार्मिक विवाहों में प्रवेश की अनुमति आसान बनाता है या इनको प्रोत्साहित करता है। लेकिन भाजपा शासित राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तावित कानून ऐसे विवाहों के रास्ते में बाधा डालेंगे। यह समान नागरिक संहिता-यूसीसी के विचार से पूर्णतः असंगत है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि तीन तलाक के मामले पर बात करते हुए भाजपा ने यूसीसी की बात की है, पर इसका उल्लेख अंतर-धार्मिक विवाहों के संबंध में चर्चा करते हुए नहीं किया गया है। ऐसा लगता है कि दुर्भाग्य से भाजपा अपने ही खास किस्म के विरोधाभासों में फंस गई है।

ऐसे कदम का असली खतरा एक ढलान पर फिसलने की तरह है। उदाहरण के लिए, नूरेमबर्ग कानूनों का विस्तार पहले यहूदियों व अन्य लोगों के बीच विवाह व निकट संबंधों पर प्रतिबंध लगाने के लिए किया गया क्योंकि इससे 'संदिग्ध नस्ल' के बच्चे पैदा हो सकते थे। बाद में इसकी व्याख्या नाजी सरकार द्वारा 'संबंधित रक्त वाले जर्मनों' से संबंधों के रूप में की गई जिनमें जिप्सी, अश्वेत या उनके बच्चे शामिल थे। ऐसे में कोई इस बात की गारंटी नहीं ले सकता है कि घृणा पैदा करने वाले कदमों के परिणाम भविष्य में क्या हो सकते हैं। संभवतः इसका नतीजा विभिन्न जातियों या विभिन्न वर्गों के बीच विवाह संबंध निषेध के रूप में सामने आ सकता है।

# हांगकांग की स्वतंत्रता का टूटता सपना

> "हांगकांग की स्वतंत्रता सदैव शर्तों पर आधारित थी और अंततः अभिशप्त हो गई लेकिन पिछले सप्ताह हुई भारी भूल समयपूर्व एवं गैर-अवश्यंभावी थी।"

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हांगकांग की एक विधि निर्माता, क्लाउडिया मो, ने कहा कि ''यह स्वतंत्रता के लिए हांगकांग के संघर्ष का मृत्युनाद है।'' लेकिन वो इसका हिस्सा थीं : विधायी परिषद के बचे लोकतंत्र समर्थक 15 सदस्यों में से एक जिन्होंने हाल ही में छद्म संसद के लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित चार अन्य सदस्यों के निष्कासन के विरोध में हाल ही में इस्तीफा दे दिया। वू चाई-वाई, ने इस्तीफा देने वाले 15 सदस्यों की ओर से बोलते हुए ट्वीट किया कि, ''हांगकांग में एक देश दो प्रणालियों की व्यवस्था अब अंत की ओर अग्रसर हो गई है।'' यह सच है, और खेदजनक, लेकिन यह देखना कठिन है कि एक सामूहिक त्यागपत्र अभियान जिसने सभी लोकतांत्रिक विधायी सदस्यों को विधायी परिषद से हटा दिया वह कैसे उद्देश्य में मददगार हो पाएगा। लेकिन अच्छे काम के लिए अपनाई गई रणनीति पिछले 18 महीनों के दौरान लोकतांत्रिक व्यवहार का प्रमाण चिन्ह बनी है। इसने एक अत्यंत प्रभावी अहिंसक अभियान को परियोजित किया जब बीजिंग में कम्युनिस्ट सरकार ने जून 2019 में एक कानून लागू किया जिसने 1997 में चीन तथा पूर्व औपनिवेशिक शक्ति, यूके के बीच हस्ताक्षरित सौदे को सीधे चुनौती दी थी।

यूके ने 155 वर्षों के कार्यकाल के अधिकतर हिस्से में शहर के चीनी बहुसंख्यकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की उपेक्षा की, लेकिन जब उसने 1997 में उपनिवेश को वापस चीन को सौंप दिया तब उसने यह गारंटी ली थी कि हांगकांग, अभिव्यक्ति एवं प्रेस की आजादी, निष्पक्ष न्यायालयों, एवं एक पृथक, अंशतः लोकतांत्रिक सरकार समेत समेत अपनी मुक्त संस्थाओं को बनाए रख सकता है। एक देश दो व्यवस्थाओं का नारा था। बीजिंग के नए कानून ने हांगकांग के निवासियों को कुछ सुरक्षा संबंधी अपराधों के लिए मुख्यभूमि अदालतों में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी होती। अतः विरोध प्रदर्शनकारी यथास्थिति बनाए रखने के लिए सड़कों पर उतर आए, जिसने सभी हांगकांग नागरिकों को कम्युनिस्ट हस्तक्षेप से मुक्त रखा और उन्हें बहुत समृद्ध बना दिया। तीन महीनों के भीतर, मुख्य कार्यकारी कैरी लैम ने विधायन वापस ले लिया। हांगकांग सरकार संपूर्ण रूप से मुक्त एजेंट नहीं है और लैम शुरुआत में बीजिंग की मांग को लेकर चलीं। उसे वापस लेकर, वो संकेत दे रही थीं कि बीजिंग फिलहाल के लिए मामले को दरकिनार करने पर राजी है। लेकिन विरोध प्रदर्शनकारियों ने विजय के जबड़ों से हार छीन ली।

समझदारी भरा काम था रियायत स्वीकार कर वापस घर चले जाना। बीजिंग की मांग पांच वर्षों में वापस लौटकर आ सकती है, लेकिन उस समय का आनंद लीजिए जो आने जीता है। कम्युनिस्ट सरकार आपको इससे ज्यादा और कुछ नहीं देगी, और मुख्यभूमि की जनसंख्या ने आपको 200 के बदले एक से पछाड़ दिया। खुशी से घर वापस जाने के बजाए विरोध प्रदर्शनकारी सड़कों पर रुके रहे और आवाज उठाते रहे, जिसमें उन्होंने पूर्णतः स्वतंत्र चुनावों एवं हांगकांग के लिए और अधिक स्वायत्तता की मांग की। उन्होंने प्रमुख नियम को भी तोड़ा और उनके विरोध प्रदर्शन को हिंसक होने दिया। (इसकी सफाई न दीजिए कि पुलिस हिंसक होती जा रही है, आपकी एकमात्र सुरक्षा उकसावे के बाद भी अहिंसक बने रहने में निहित है)।

अतः बीजिंग में शी जिनपिंग की कम्युनिस्ट हुकूमत ने पलटकर उसके खिलाफ जोरदार वार किया जिसे उसने सत्ता के प्रति गंभीर चुनौती के रूप में देखा। 1997 के समझौते के विपरीत, हांगकांग पर एक नया कानून थोप दिया गया, जिसने प्रभावी रूप से शहर की विधिक व्यवस्था को बीजिंग की मनमानी के अधीन कर दिया, और जले पर नमक छिड़कने के लिए चार लोकतंत्र समर्थक विधायी सदस्यों को विधायी परिषद से निष्कासित कर दिया। पिछले सप्ताह एक अनोखा रुख अपनाते हुए, हांगकांग की विधायी परिषद के सभी शेष लोकतंत्र समर्थकों ने भी त्यागपत्र दे दिए। ये कहीं ज्यादा बड़े परित्याग की पूर्वापेक्षी घटना है। हांगकांग की सापेक्षिक स्वतंत्रता सदैव शर्तों पर आधारित थी और अंततः अभिशप्त हो गई लेकिन पिछले सप्ताह हुई भारी भूल समयपूर्व एवं गैर-अवश्यंभावी थी। अब केवल दो पुष्टिकारी सवाल रह जाते हैं। ताइवान का क्या हुआ, और जो हांगकांग वासी देया छोड़ना चाहते हैं वे कहां जाएंगे? हांगकांग के सात मिलिसन लोगों में से एक तिहाई मुख्यभूमि पर जन्मे हैं। उनमें से कुछ पैसा कमाने के लिए शहर चले गए, लेकिन अधिकरि निस्संदेह कम्युनिस्टों से पीछा छुड़ा रहे हैं। अन्य एक तिहाई बच्चे अथवा उन शरणार्थियों के पौत्र-पौत्री होंगे और संभवतः अपने मत को साझा करेंगे। शहर की जनसंख्या 1945 में मात्र 6 लाख थी। बड़ी संख्या में लोग छोड़कर चले जाएंगे। आंकलन के मुताबिक 6 लाख हांगकांग निवासियों के पास पहले से ही पूर्ण विदेशी पासपोर्ट हैं, आधे कनाडाई और शेष में से अधिकतर के पास आस्ट्रेलियाई, ब्रिटिश अथवा अमेरिकी पासपोर्ट हैं। उन्होंने पासपोर्ट बीमा नीति के तौर पर हासिल किए थे, और यह आकस्मिकता है कि वे सुरक्षित कर रहे हैं। अन्य तीन मिलियन लोगों के पास ब्रिटिश राष्ट्रीय समुद्रपारीय पासपोर्ट हैं अथवा आसानी से हासिल कर सकते हैं, और लंदन ने वादा किया है कि यदि इच्छा हो तो वे सभी यूके को प्रस्थान कर सकते हैं। ब्रिटिश गृह मंत्रालय की सेंट्रल रेंज का आंकलन है कि 2,58,000 और 3,22,000 हांगकांग वासी पांच वर्ष के भीतर आ जाएंगे, मगर और अधिक भी हो सकते हैं। ऐसा तभी होगा यदि बीजिंग उन्हें जाने से रोक नहीं देता है।

मगर यदि वह द्वार खोल देता है, तो फिर एक महान अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक शहर के तौर पर हांगकांग का अंत हो जाएगा। और ताइवान का क्या होगा? ठीक है, एक देश दो प्रणालियों का वादा बीजिंग से ताइवान को शांतिपूर्ण एकीकरण स्वीकार करने के लिए मनाने हेतु किया था। लेकिन उस पर तुषारापात हो गया, ताइवान की समस्या के सैन्य समाधान के प्रयास की दीर्घकालीन संभावना अब महत्वपूर्ण रूप से उभर रही है।

## फरमाया



**मराठे** भी हिन्दू अनुयायी हैं। मराठी और मराठा के विकास में अंतर है। मराठा एक समुदाय है और वे हिन्दू हैं।
**– बी एस येदियुरप्पा**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री



**जब** तक यह फर्जी सरकार सत्ता में रहेगी गरीब अपने परिवार नहीं चला पाएंगे और वे सस्ती दवा प्राप्त करने में सक्षम नहीं होंगे।
**– मरियम नवाज़**
पीएमएल-एन उपाध्यक्ष



**कांग्रेस** ने गुपकार गठजोड़ पर दोहरे चरित्र का प्रदर्शन किया है और इसके लिए उसे देश को सफाई देनी चाहिए।
**– योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

www.dailypioneer.com

## पालघर पर इंसाफ कब

**आज** 200 दिन से भी अधिक हो चुके है लेकिन अभी तक महाराष्ट्र के पालघर में 16 अप्रैल को हुई दो साधुओं और एक ड्राइवर की हत्या के गुनहगारों को सजा नहीं मिली है। पालघर जिले के कासा इलाके में उस रात चोरी के शक में 70 साल के कल्पवृक्ष गिरी, 35 वर्ष के सुशील गिरी व 30 साल के उनके ड्राइवर नीलेश तेलगाडे, जो कि ओमानी वैन से सूरत जा रहे थे, तो तब उन्हें पालघर से 100 किलोमीटर दूर स्थित गढ़चिंचले गांव में भीड़ ने उनकी गाड़ी से बाहर खींच लिया और इसके बाद, उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पालघर जैसी घटना महाराष्ट्र के औरंगाबाद में भी हुई है, जहां प्रियशरण महाराज के आश्रम में घुसकर 7 से 8 अज्ञात लोगों ने उन पर हमला किया था। रोजाना ऐसे कई अपराध होते हैं जिनमें मासूम लोगों की हत्या हो जाती है. वो लोग इन्साफ के लिए हर संभव प्रयास करते है, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद भी उन्हें न्याय नहीं मिलता हैं. हालांकि वारदात के कुछ दिन बाद ही मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के कार्यालय की ओर से जारी बयान में यह बताया गया था कि पुलिस ने साधुओं की हत्या के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन क्या हकीकत में साधुओं के गुनहगारों को उनकी करनी की सजा मिली?

– **निधि जैन**, लोनी, ग़ाज़ियाबाद

## खिलाड़ियों की सुरक्षा जरूरी

**कोरोना** से जकड़े खेल जगत को उन्मुक्तता देने के लिए इस समय सीमित सुविधाओं में खेलों को आयोजित किए जाने के प्रयास जारी हैं। आईपीएल की सफलता हर्ष का विषय है और इसी से उत्साहित होकर भारतीय टीम आस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है जहां कई स्तरीय सीरीजों का आयोजन होना है। प्रयास अच्छे हैं मगर ऐसे में ऑस्ट्रेलिया का लाकडाउन खिलाड़ियों की सेहत के लिए चिंता पैदा करता है। खिलाड़ियों को उचित सुविधाओं की दरकार है अन्यथा गंभीर होता कोरोना खिलाड़ियों को महंगा न पड़ जाए। इस समय ऑस्ट्रेलिया कोरोना के गंभीर संक्रमण की चपेट में है और वहां बड़े आंकड़े प्रतिदिन सामने आते देख सरकार ने लाकडाउन की घोषणा की है। लाकडाउन से भले ही आयोजन प्रभावित न हो पर खिलाड़ियों की सेहत को लेकर चिंता पैदा होती है क्योंकि आयोजन बड़ा है और टेस्ट, वनडे और टी-20 की सीरीज खेली जाना है ऐसे में लंबे समय तक टीम को ऑस्ट्रेलिया रहना है। जरूरी हो जाता है कि खिलाड़ियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर कोई कोताही न बरती जाए क्योंकि जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। यदि परिस्थितियां बिगड़ती है तो सरकार को दौरा स्थगित करने में ही सार है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, धार, मप्र

## लव जिहाद पर कानून जरूरी

**मध्य** प्रदेश में लव जिहाद पर कानून बनाने की पहल और 5 साल की सजा का प्रावधान बिल्कुल सराहनीय और स्वागत योग्य निर्णय है। देश के कुछ राज्यो में लव जिहाद की कुछ घटनाओं ने निश्चित ही मानवता और इंसानियत को कटघडे में खड़ा कर दिया। प्रदेश के गृह मन्त्री जी आदरणीय नरोत्तम मिश्रा जी की पहल नारी शक्ति के सुरक्षा और अस्तित्व को सकारात्मक रंग देगी। लव जिहाद की आड़ में शर्मसार करने वाली घटनाओं में योगी सरकार भी एक्शन में है। और वंहा की घटनाओं में रोकथाम के कारगर कदम भी उठाए जा रहे है। लव जिहाद के मामलों में सहयोग करने वाला भी मुख्य आरोपी माना जायेगा। और सजा भी होगी। अक्सर देखा जाता है कि लड़िकयों को प्रेम जाल में फंसाकर उनके साथ धोखाधड़ी करके जबरन लव जिहाद की भट्टी में झोंक देते है। जिनके दूरगामी परिणाम भयावह और प्रतिकूल होते हैं। इसमे कोई दो मत नही हमारा प्रदेश शांति सौहार्द, से भरा है। ऐसे कारगर कदम हमारी नारी शक्ति को नई सुरक्षा और उर्जा प्रदान करेंगे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

# छोटे किसानों के धान क्रय को प्राथमिकता देते हुए खरीदी की कार्रवाई करें-कलेक्टर

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने गुरूवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में कबीरधाम जिले में कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम करने, खरीफ विपणन वर्ष 2020-2021 में धान खरीदी की तैयारी तथा धान खरीदी हेतु चबूतरा निर्माण के संबंध में जिले के सभी नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के., डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, बद्री चंद्रवंशी, संबधित अधिकारी सहित नोडल अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने समिति प्रबंधक और नोडल अधिकारियों को मुख्य सड़क से खरीदी केन्द्र तक सड़क की स्थिति, भूमि की उपलब्धता, समतलीकरण एवं पानी निकासी की व्यवस्था, केन्द्रों में पक्के चबूतरों के निर्माण की स्थिति, केन्द्र में भवन, बिजली, पानी की व्यवस्था, कम्प्यूटर, प्रिंटर, यू.पी.एस., जनरेटर, इंटरनेट आदि की व्यवस्था, केन्द्र में उपलब्ध कांटा-बांट और हमालों की व्यवस्था और खरीदी केन्द्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी एक दिसंबर के पूर्व खरीदी केन्द्रों में प्रतिदिन की आंकलित औसत खरीदी के आधार पर आगामी 15 दिवस की धान खरीदी के लिए बारदानें भौतिक रूप से केन्द्र में रखें।

कलेक्टर शर्मा ने नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने और किसी भी तरह की अनियमितता, अव्यवस्था की जानकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को देते रहने के निर्देश किए। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुवे कहा कि प्रत्येक खरीदी केन्द्र में शामिल ग्रामों के आधार पर उनके लिये ग्रामवार खरीदी दिवस सप्ताह में पांच कार्य दिवस के अनुसार निश्चित किया जाए। ग्राम की कृषक संख्या को ध्यान में रखते हुये छोटे कृषकों जो 1.5 हेक्टेयर रकबा तक के होंगें 70 प्रतिशत एवं बड़े कृषकों जो 1.5 हेक्टेयर से अधिक रकबा के होंगें 30 प्रतिशत खरीदी टोकन काटने के निर्देश दिए। ग्राम के पंजीकृत धान के रकबे के आधार एवं ग्राम की औसत उपज के आधार पर ग्रामवार क्रय किये जाने वाले धान की मात्रा का पूर्व आंकलन समिति प्रबंधक को करने निर्देश दिए।

उक्त मात्रा के आधार पर ही ग्रामों के लिये खरीदी दिवस नियत कर बड़े और छोटे कृषकों को उसी अनुपात में टोकन जारी किया जएगा। बैठक में बताया गया कि धान खरीदी के लिए कृषकों को ग्रामवार टोकन ऑनलाईन जारी होंगे। किसी भी स्थिति में टोकन मैन्यूअल जारी नहीं किया जाएगा। ग्राम के कुल खरीदी योग्य रकबा एवं ग्राम की औसत उत्पादकता को ध्यान में रखते हुये प्रतिदिन की क्रय क्षमता का आंकलन करने और उस आधार पर अगले 5 दिनों के लिये 70 अनुपात 30 में टोकन जारी करने कहा गया। पांच दिवस से अधिक की अवधि के लिये टोकन किसी भी स्थिति में जारी नहीं किया जाएं।

बैठक में कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी के सभी नियमो का पालन कड़ाई से करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी खरीदी केन्द्र प्रभारी की होगी। उन्होंने कहा कि 1.5 हेक्टेयर तक के रकबा वाले कृषकों का पूरा धान एक बार में ही क्रय किया जाना है। इसे ध्यान में रखते हुये खरीदी टोकन जारी हों। इस बात की मुनादी ग्रामों में अनिवार्य रूप से कराने कहा। प्रतिदिन की जाने वाली धान की मात्रा के आधार पर 70 प्रतिशत टोकन इन छोटे कृषकों का काटा जाए। 1.5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले कृषकों का धान उनके पंजीकृत रकबा और उत्पादन के आधार पर क्रय करने के लिए 30 प्रतिशत के अनुपात में खरीदी टोकन जारी हो। बड़े कृषकों के धान खरीदने के संबंध में प्रबंधक कृषक संख्या एवं धान की मात्रा को ध्यान में रखेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना खरीदी टोकन के किसी भी ग्राम के कृषक द्वारा लाये गये धान को खरीदी केन्द्र के भीतर नहीं रखा जाए। सभी टोकन जारी किये गये कृषकों से बोए गए रकबा तथा कुल उत्पादन के संबंध में पहले ही प्रमाण पत्र लेकर और इसकी ग्राम की औसत उपज से परीक्षण कर जानकारी तहसीलदार को दी जाए, ताकि वास्तविक उत्पादन की जांच की जा सके। रकबा शेष होने की स्थिति में शुरू से ही रकबा समर्पण हेतु प्रमाण पत्र ले लिया जाय।

इस हेतु प्रारूप पृथक से उपलब्ध कराया जायेगे। टोकन जारी कृषकों के नियत दिनांक को विक्रय हेतु उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उन्हें उस ग्राम के अगले नियत दिवस को ही बुलाया जाए, अन्य ग्राम के साथ बीच में शामिल नहीं किया जाए। शेष कृषकों के बैकलॉक को ध्यान में रखते हुये अगले खरीदी दिवस हेतु उस ग्राम के लिये टोकन जारी किया जाए। केन्द्र की अधिकतम औसत क्रय क्षमता से बहुत ज्यादा मात्रा का टोकन जारी नहीं करें के निर्देश दिये। कलेक्टर ने धान खरीदी के प्रथम दिवस से ही केन्द्र में क्रय क्षमता अर्थात एक दिन में तौल किये जाने की क्षमता के आधार पर कांटा-बांट एवं हमालों की व्यवस्था कर ली जावे। धान खरीदी पक्के चबूतरों में ही की जाय। खरीदी उपरांत प्रत्येक दिवस के धान का स्टेक उचित तरीके प्रतिदिन ही लगाया जाय।

# कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



पायनियर संवाददाता नवागढ़
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती गुरुवार को विधायक निवास (सुकुलपारा) में मनाया गया। जहाँ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्तिधर दीवान, एल्डरमैन अमित जैन, विरेंद्र जायसवाल,पार्षद नैना कुर्रे, सरपंच दिनेश बघेल, उपसरपंच पिंटू अनंत, पूर्व सरपंच भागवत साहू, ईलियास खान, रामखेलावन निषाद सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नये नाम को जोड़ने एवं उसे अद्यतन करने के लिए 16 नवंबर 2020 से फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ किया है। इस कार्य के लिए 16 नवंबर से 15 दिसंबर तक प्रत्येक मतदान केन्द्र पर संबंधित अभिहित अधिकारी कार्यालयीन समय में तथा विशेष शिविर 21, 22 नवंबर और 12, 13 दिसंबर को उपलब्ध रहेंगे। उन समस्त नागरिकों से जो दिनांक 01.01.2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिये हों तथा जिनका नाम मतदाता सूची में कतिपय कारणों से दर्ज नहीं हो पाया है, उनसे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने, त्रुटि सुधार हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन लिये जायेंगे। निर्धारित प्रपत्र सभी मतदान केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। जिला के समस्त नागरिकों से अपील है कि आप सभी मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में भागीदारी कर स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने उपवास पूरा किया







पायनियर संवाददाता कोरिया
www.dailypioneer.com

मनेंद्रगढ़, चिरमिरी ,चर्चा में सूर्य पूजा का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया गया. शनिवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने अपना उपवास पूरा किया।

श्इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु जन काफी संख्या में मौजूद रहे. मनेंद्रगढ़ शहर के सरोवर मार्ग तालाब, जोड़ा तालाब, हसदेव गंगातट, मनी मोहल्ला, व अटल आवास के नजदीक तालाब में शुक्रवार की रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने शुरू हो गई थी .रात भर श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर परिवार के सुख समृद्धि की मंगल कामना की.सुबह होते ही उदीयमान सूर्य को व्रती महिलाओं ने अर्घ देकर अखंड सौभाग्य की कामना की.इस अवसर पर मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक व भाजपा किसान मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा ,संजय गुप्ता, विवेक अग्रवाल, जेके सिंह समेत अन्य लोगों ने छठ घाट पहुंचकर लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दी.छठ घाटों पर सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा.वहीं दूसरी ओर मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार जैन, एल्डरमैन गिरधर जायसवाल ,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा ,नगर पंचायत झगड़ा खंड के अध्यक्ष रजनीश पांडे समेत अन्य लोगों ने भी घाट पर पहुंचकर उपस्थित जनों को पर्व की शुभकामनाएं दी।

इसी क्रम में बैकुंठपुर विधायक अंबिका सिंह देव ने पंडो पारा में पहुंच कर श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं दी.उन्होंने श्रद्धा,भक्ति, लोक आस्था व सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की क्षेत्र के माताओं बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और प्रसाद ग्रहण किया।

# मेघों की आंख मिचौली के मध्य भगवान आदित्य को व्रतधारियों ने दिया अर्घ्य

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com



पावन छठ पर्व पर प्रातः भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रतियों ने व्रत को विधि विधान पूर्वक संपन्न किया। तालाब घाट और अस्थाई घाट पर प्रातः चार बजे से ही उल्लास उत्साह भक्ति आस्था के वातावरण में नगर के विभिन्न मार्गो से उमड़ कर जनसमूह छठ व्रतियों के साथ पहुंचे। युवाओं और बच्चों ने पटाखे फुलझडियां जलाकर घाट को प्रकाश से जगमग कर दिया।

छठ व्रतियों द्वारा भगवान भास्कर के प्रथम दर्शन करते हुए श्रद्धापूर्वक अर्घ्य समर्पित कर परिवार की समृद्धि सुख शान्ति की कामना की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुपुत्री स्मिता एवं सुपुत्र चैतन्य बघेल तथा ओ एस डी मनीष बंछोर,(प्रभारी कुम्हारी) प्रमोद सिंह राजपूत ने नगर के सभी घाटों में पहुंचकर व्रतियों तथा समस्त नगरवासियों को शुभकामनाएं, बधाई दी।

नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर और उपाध्यक्ष के रवि कुमार ने छठ व्रतियों को महापर्व छठ की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए इस करोना महा संक्रमण काल में मास्क धारण करने और समय-समय पर साबुन से हाथ धोने, सामाजिक दूरी बनाए रखने की अपील भी की।

# कोरोना से मौत का आंकड़ा पहुंचा पांच सौ

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

## कोरोना जांच की स्थिति



जिले में गुरुवार को 16 सौ लोगों का कोरोना टेस्ट किया गया। जिसमें 113 नए सं मित मरीज मिले हैं। इससे पूर्व जिले में मार्च महीने से लेकर 18 नवंबर तक की स्थिति में कुल 17708 कोरोना सं मित मरीज मिले हैं। जिसमें से 16360 स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। इस अवधि में लोगों को कोरोना से बचाव को लेकर पूरा जतन करना होगा।

जिले में कोरोना से हुई मौतों का आंकड़ा पांच सौ पहुंच गया है। दीपावली त्योहार के बाद संक्रमण में मामूली वृद्धि होते ही सक्रिय मरीजों की संख्या भी बढ़कर नौ सौ से अधिक पहुंच गई है। गुरुवार को जिले में कोरोना के 113 नए संक्रमित मरीज मिले और उपचार के दौरान दो लोगों की मौत हो गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.गंभीर सिंह ठाकुर ने बताया कि गुरुवार को जिले में कोरोना के 113 नए संक्रमित मरीज मिले हैं और दो लोगों की मौत हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में कोरोना ने मार्च के अंतिम सप्ताह में दस्तक दी थी और पहली मौत अप्रैल के पहले पखवाड़े में हुई थी। मार्च से लेकर 19 नवंबर तक जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या पांच सौ पहुंच गई है। इधर स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन के बाद कोरोना संक्रमण के मामले ब?ने की आशंका जताई गई थी। क्योंकि त्योहारी सीजन में अधिकांश लोगों ने कोरोना से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन की अनदेखी की है। भीड़ भरे क्षेत्रों में कई लोग बिना मास्क लगाए घूमते फिरते नजर आ रहे थे। सार्वजनिक स्थानों व दुकानों में शारीरिक दूरी बनाए रखने के नियम का भी पालन करते नहीं दिखे। पिछले तीन-चार दिनों से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में मामूली वृद्धि देखने को मिल रही है। नए संक्रमित मरीज मिलने के साथ ही सक्रिय केस की संख्या भी धीरे-धीरे ब?ने लगी है। तीन पहले तक जिले में कोरोना संक्रमित सक्रिय मरीजों की संख्या सात सौ के आसपास थी जो अब नौ सौ से अधिक पहुंच गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कोरोना जांच के लिए गुरुवार को जिले भर में 16 सौ लोगों का सैंपल लिया गया।

# फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग पाठ्यक्रम की भी जिले में हुई शुरुआत

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग पाठ्यक्रम के शुरुआत प्रारंभ हो गया है जिसके माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली लोगों को इंटीरियर डिजाइनिंग और फैशन सीखने का अवसर मिलेगा इस संबंध में कैडेंस अकादमी के एमडी यूके रूपेश कुमार ने बताया कि कैडेस अकादमी आफ डिजाइन एक यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण साझेदारी के माध्यम से फैशन और इंटीरियर डिजाइन में बीवीओसी पाठ्यक्रम प्रदान करता है एग्जास्टिव इंडस्ट्री सेंट्रिक सिलेबस में ज्यादातर प्रैक्टिकल सब्जेक्ट शामिल है ताकि स्टूडेंट्स जॉब के लिए तैयार हो सके कैंडेस अकादमी का इंटरशिप और जॉब प्लेसमेंट को लेकर बहुत अच्छा रिकार्ड है कैंडेस अकादमी साल भर लाइव साइट विजिट कार्यशाला आयोजित करता है ताकि छात्रों को प्रशिक्षण और अनुभव मिलता रहे।

उसी प्रकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर आयोजित करता है जहां छात्र गुणवत्तापूर्ण काम के साक्षी बनते हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उद्योग मानकों का ज्ञान प्राप्त करते हैं

रूपेश कुमार के अनुसार कैडेस के पास पूरी तरह स्वचालित ऑनलाइन ई आर पी प्रणाली है जिसके माध्यम से छात्रों को कैरियर के इंक्वायरी से लेकर रोजगार स्तर की जानकारी दी जाती है ई आर पी सपोर्ट के अलावा स्टेट ऑफ आर्ट मोबाइल एप्प विकसित किया है जो इंटरशिप करने वाले और नौकरी करने वाले विद्यार्थी व विद्यार्थियों को सीधे रोजगार देने के साथ जोड़ेगा इससे प्लेसमेंट प्रक्रिया में आसानी होगी यह कक्षाएं अल्ट्रा मॉडर्न है जहां ऑडियो विजुअल और डिजाइन के लिए टच आधारित शिक्षण उपकरण लगाए गए हैं संपूर्ण पाठ्यक्रम सामग्री खुद विकसित की है जिसके लिए दो दशक तक व्यापक शोध किया गया है प्रशिक्षण पद्धति पाठ्यक्रम समर्थन सामग्री और शोध के रूप में कैंडेंस में छात्रों को बेहतर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है।

# कलार समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु जयंती




**बेमेतरा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर बेरला मे कलचुरी वंश के आराध्य देव कलवार कलाल कलार समाज के इष्टदेव भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन देव जी का कार्तिक शुक्ल सप्तमी को नगर बेरला में कलार समाज के द्वारा कथा पूजा और भगवान की आरती किया गया पप्पू महाराज जी के द्वारा किया गया, जिसमें डामन सिन्हा प्रांत कोस प्रमुख, ईश्वर सिन्हा मंडलेश्वर, पूसाउ सिन्हा समाज सेवी, युवा अध्यक्ष शिवझड़ी सिन्हा, रामजी सिन्हा ग्राम प्रमुख, खिलेश्वरी सिन्हा, बिसाहू सिन्हा, रघुबीर सिन्हा, छगन सिन्हा, राघव सिन्हा, मोहन, देवीप्रसाद, राकेश, दशरथ यादव, ज्योतिङ्कभगवती, यशोदाङ्कबुलाकी, समारु, बिरेंद्र, लाला सिन्हा, तेजेश्वर सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, जिसमे नगरवासी, ग्रामवासी, स्वजातीय बन्धु, भगनि उपस्थित थे।

त्वरित कार्रवाई से पुलिस को मिली सफलता

# दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी संतोष कुमार साहू उम्र 31 साल साकिन तिवरैया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नवंबर को सुबह 08.30 बजे धान कटवाने अपने खेत चला गया था बच्चे लोग घर में थे कि आरोपी नारद दास गेण्ड्रे द्वारा मेरे घर में आकर बच्चो से तुम्हारे पापा का आधार कार्ड ले जाना है बोलकर आलमारी का चाबी को मांग कर आलमारी को खोलकर एवं आलमारी का लाकर नहीं खुलने से लाकर के लाक को तोडकर लाकर में रखे एक नग सोने का लॉकेट, 06 नग सोने का पैण्डल दाना, 01 जोडी सोने का झुमका कुल वजनी लगभग 11 ग्राम कुल कीमती करीबन 42000/- रूपये एवं नगदी रकम 15,830/- रूपये जुमला कीमती 57,830/- रूपये को चोरी कर घर से निकल रहा था मेरे आ जाने पर आरोपी भाग रहा था जिसे ग्रामिणों की मदद से पकडा गया। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 454, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय दिव्यांग पटेल ने तत्काल आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ लगाया गया। विवेचना के दौरान तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी नारद दास गेण्ड्रे उम्र 30 साल हाल पता भैंसामुडी थाना खरोरा के कब्जे से चोरी गये मशरूका 01 नग सोने का लॉकेट, 06 नग सोने का पैण्डल दाना, 01 जोडी सोने का झुमका कुल वजनी लगभग 11 ग्राम कुल कीमती करीबन 42,000 रूपये एवं नगदी रकम 15,830रूपये जुमला कीमती 57,830रूपये को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी से उक्त घटना घटित करने के अलावा जिले में हुये अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ करने पर चंदनू क्षेत्र ग्राम धनेली में चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर प्रार्थी प्रदुमन दास कोशले ग्राम धनेली की रिपोर्ट पर चौकी चंदनू थाना नांदघाट के अपराध क्रमांक 222/2020 धारा 454,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस संबंध माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। आरोपी आरोपी नारद दास गेण्ड्रे पिता मुनेश्वर ऊर्फ भुनेश्वर गेण्ड्रे उम्र 30 साल साकिन बिलाडी थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर हाल पता भैंसामुडी थाना खरोरा जिला रायपुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि कवल नेताम, भोलाराम मेरावी, राजकुमार भास्कर, संदीप साहू एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सहस्त्रबाहु जयंती पर कलार समाज ने किया पूजा पाठ

पायनियर संवाददाता नवागढ़
www.dailypioneer.com



डडसेना (सिन्हा) कलार समाज तहसील नवागढ़ ने शनिवार को नगर स्थिति जायसवाल सामाजिक धर्मशाला में कलार समाज के इष्टदेव सहस्त्रबाहु अर्जुन की जन्म जयंती के अवसर पर विधि विधान से पूजा एवं महाआरती किया। नवागढ़ कलार समाज प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल सप्तमी को यह महापर्व मनाती है। कलार समाज के सभी पदाधिकारी इस अवसर पर विशेष पूजा पाठ का आयोजन करते है। कलार समाज के मंडलेश्वर सुरेश सिन्हा ने सभी प्रदेशवासियों को भगवान सहस्त्रबाहु जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बलिराम सिन्हा, सचिव अजय सिन्हा, संरक्षक व पूर्व मण्डलेश्वर विरेन्द्र जायसवाल,रामप्रसाद सिन्हा, रमेश सिन्हा,युवा नगर अध्यक्ष कलार समाज दिलीप जायसवाल, जीवन, रतन सिन्हा, धनेश्वर सिन्हा, मंजू सिन्हा, राजा सिन्हा, फत्ते सिन्हा, शत्रुहन सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, राजू सिन्हा, जुठेल राम सिन्हा, मुखीराम सिन्हा आदि सभी उपस्थित थे।

# राज्य का पहला नगर निगम बना रायगढ़ जहां किन्नर समुदाय बनी स्वच्छता कमांडो

**डोर टू डोर कचरा संग्रहण व मास्क का दिया संदेश, महापौर व आयुक्त के पहल से किन्नर जुड़ेंगी समाज के मुख्यधारा में**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





पूरे हिंदुस्तान में छतीसगढ़ राज्य का पहला नगर निगम रायगढ़ जिसने किन्नर समुदाय को अधिकृत रूप से स्वच्छता कमांडो नाम से स्वच्छता सफाई, शहर विकास एवम वैश्विक महामारी कोरोना के लिए शासन के दिशा निर्देशों का पालन करने जनजागृति के लिये नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में महापौर जानकी काट्जू एवम निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय द्वारा स्वच्छता एवम शहर विकास के लिए विशेष पहल अंतर्गत रायगढ़ के किन्नर समुदाय को जनजागरूकता के लिए नगर निगम में स्वच्छता कमांडो नाम देकर शामिल करते हुए सराहनीय प्रयास किया गया साथ ही वार्ड क्रमांक 4 में विशेष अभियान को भव्यता के साथ शुभारंभ किया गया। जैसा कि शहर विकास एवम आगामी जनवरी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है उसके लिये नगर निगम की पूरी टीम स्वच्छता और सफाई के लिये अलग अलग क्षेत्रो में विभिन्न प्रकार से जनजागरूकता लाने के लिए प्रयासरत है जिसमे सर्वप्रथम महासफाई अभियान जिसे पूरे 48 वार्डों में विधायक प्रकाश नायक, कलेक्टर भीम सिंह, महापौर जानकी काट्जू, सभापति जयंत ठेठवार, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवम प्रबुद्ध जनों के सहयोग से चलाया गया जो सफल भी हुआ। लोगों मे जन जागृति तो आई है यह देखने को भी मिलता है। वहीं वाल पेंटिंग, कलाकृति, थीम सांग, रिक्शादीदी एवम रिक्शा की बढ़ोतरी, सफाई गैंग आदि से भी लगातार स्वच्छता के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पूरे भारत वर्ष में छतीसगढ़ राज्य का पहला नगर निगम जिसने तृतीय लिंग किन्नर समुदाय को आत्म निर्भर बनाने तथा उनके जीविकोपार्जन में सहयोग की दृष्टि से उन्हें स्वच्छता कमांडो कहते हुए शहर के वार्ड में स्वच्छ्ता संदेश एवम वैश्विक महामारी कोरोना के प्रति सतर्क एवम जागरूक करने मास्क, दो गज दूरी, हाथ की सफाई साबुन या सेनेटाइजर से करने प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। महापौर जानकी काट्जू ने बताया कि कलेक्टर और कमिश्नर ने कलेक्टोरेट में बैठक रखे थे और हमें जन जागरूकता के साथ कचरा निपटान के लिए बताया गया। स्वच्छता और सफाई को ध्यान में रखकर मैंने मेयर होने के नाते अपने वार्ड क्रमांक 4 से किन्नर समुदाय को स्वच्छता कमांडो के रूप में रखते हुए सफाई के लिए आगाज की हूं।

### कुछ लोग जागरूक भी हैं- आयुक्त

निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया कि कलेक्टर की उपस्थिति में स्वच्छता एवम शहर विकास के लिए बैठक रखी गई थी। उसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 4 जो महापौर का ही है से थर्ड जेंडर को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के प्रयास तथा शहर विकास एवम स्वच्छता सर्वेक्षण के रैंकिंग लेबल में सुधार के लिए शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य का रायगढ़ पहला नगर निगम होगा जहां किन्नरों को स्वच्छता कमांडो बनाकर वार्ड में भेजा जाएगा। शहर के लोगों से सफाई के लिए हमने हमेशा अपील किया है कुछ लोग जागरूक भी हैं पर कई ऐसे लोग हैं जो अपने कर्तव्य से भागते हैं। उन्हें जागरूक के साथ समझाइस देने किन्नर समुदाय को भी लाया गया है, जो स्वच्छता संदेश के साथ वैश्विक महामारी कोरोना बचाव के लिए भी जानकारी देंगे। निश्चित ही इन प्रयासों से शहर का विकास होगा हम सर्वे पर भी अपना स्थान नम्बर एक बनाएंगे।

# पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ मोटरसाइकिल एवं आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुखबिर से मिली सूचना एवं शक्ति थाना टीआई की सजगता से हो रही निरंतर अपराधों पर अंकुश लगाने कार्रवाई**

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com




जांजगीर-चांपा जिला पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर के दिशा निर्देशन में पूरे जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वर्तमान में अवैध शराब, जुआ तथा अपराधों पर अंकुश लगाने वृहत रुप से अभियान चलाया जा रहा है, तथा इसी श्रृंखला में शक्ति पुलिस को 21 नवंबर को इन सभी अवैध कारोबारियों के लिए तैनात मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति करीब 5 फीट ऊंचाई का एवं काले रंग के हुलिए वाला,

लाल रंग की प्लैटिना मोटरसाइकिल में थैले में कच्ची शराब लेकर शक्ति की ओर जा रहा है, जिस पर तत्काल मुखबिर की सूचना से जिला पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं एसडीओ पुलिस शक्ति शोभराज अग्रवाल को अवगत कराया गया एवं उपरोक्त अधिकारियों के मार्गदर्शन में शक्ति नगर के वार्ड नंबर- 10 दुकाल सागर के पास घेराबंदी की गई, तथा थोड़ी देर बाद उपरोक्त हुलिया के व्यक्ति के मोटरसाइकिल में पहुंचने पर रोककर उससे पूछताछ की गई तब उसने बताया कि वह नत्थूराम केवट पिता शिव सिंह केवट उम्र 25 वर्ष पलगढ़ा थाना- खरसिया जिला- रायगढ़ का रहने वाला है, तथा उसके पास रखें थैले को खुलवाकर देखने पर थैले के अंदर दो अलग-अलग थैलो में 5-5 लीटर अवैध महुआ शराब मिली तथा आरोपी के पास से उपरोक्त अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त कर एवं मोटरसाइकिल की कीमत ?10000 को जप्त कर पुलिस द्वारा सीलबंद किया गया एवं उपरोक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना शक्ति में अपराध क्रमांक 412/ 20 एवं आबकारी अधिनियम की धारा 34-2 लगाकर मामला न्यायालय में पेश किया गया, उपरोक्त छापामार कार्रवाई में शक्ति पुलिस थाने के टीआई रविंद्र अनंत, सहायक उपनिरीक्षक लंबोदर प्रसाद बनाफर, विजय निराला एवं विजय पटेल का सराहनीय योगदान रहा है,उल्लेखित हो की शक्ति पुलिस द्वारा भी इन दिनों पूरे थाना क्षेत्र में अवैध रूप से कारोबार करने वालों के खिलाफ सजगता के साथ छापामार कार्रवाई की जा रही है, एवं आबकारी विभाग के साथ ही पुलिस भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में ऐसे अवैध रूप से महुआ शराब का कारोबार करने वाले को पकड़ने में चूक नहीं कर रही है, तथा शक्ति थाने के ऊर्जावान टीआई रविंद्र अनंत के मार्गदर्शन में निरंतर थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग तथा गश्त की जा रही है।

जिसके चलते क्षेत्र में छोटे बड़े अपराधों में भी काफी कमी आई है, वही दीपावली पर्व पर भी शक्ति थाने के टीआई द्वारा पूरी सक्रियता के साथ क्षेत्र में पेट्रोलिंग एवं गस्त की गई जिसके चलते किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना एवं अपराध नहीं घटित हुए।

# दोनों छोर से चल रहे मोदी नगर नाला निर्माण में आ रही तेजी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 में विगत दिनो नाला निर्माण के लिए रायगढ़ विधायक के कर कमलों से महापौर सभापति नेता प्रतिपक्ष एमआईसी सदस्य एल्डरमैन पार्षद गण नगर निगम आयुक्त एवं नागरिक गण की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया था जैसा कि मोदीनगर हमेशा से बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति से ग्रसित रहा है के निदान के लिए लगातार मांग भी की जा रही थी। मई में वर्क आर्डर जारी हुआ, लेकिन भारी बारिश के कारण आरम्भ नहीं हो पाया था। विधायक प्रकाश नायक के कर कमलों से 49.28 लाख के लागत से 340 मीटर लंबाई एवं 2.4 मीटर चौड़ाई का नाला का भूमि पूजन पूरे विधि विधान से किया गया।

जहां जिला कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय एवम जनप्रतिनिधि तथा नगर निगम के इंजीनियर के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं कार्य संतोषप्रद रहे इन सभी बिंदुओं पर ध्यान दिया जा रहा है। ताकि बारिश के समय में नाले से पर्याप्त मात्रा में पानी बाहर निकाला जा सके। नाली के काम का लेवल ले लिया गया है। अब नाला निर्माण में विशेष रूप से नाले को दोहरी गति देने के लिए नाले के दोनों भागों से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ताकि जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्वक निर्माण हो सके। वार्ड पार्षद डॉक्टर प्रतीक विश्वास की उपस्थिति में इंजीनियर विजेंद्र गुप्ता, कॉन्ट्रेक्टर रितेश पांडेय मौके पर रहे। कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने ठेकेदार को निर्देशित भी किया जा रहा है।

## सक्ती शहर के राधाकृष्ण मंदिर की गौशाला में होंगी आज गोपाष्टमी पूजा

**सक्ती।** श्री राधाकृष्ण मंदिर सक्ति में निर्मित गौशाला में 22 नवम्बर 2020 दिन- रविवार को विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपाष्टमी पूजा पर्व बनाया जायेगा, उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद बंसल ने बताया कि गौ पूजन हेतु भक्त जन ,माताये, बहने 22 नवम्बर को सुबह 8 बजे से मंदिर में निर्मित गौशाला की गायों की पूजन हेतु मंदिर पहुंच कर गांव पूजन कर सकेंगे एवं बंसल के अनुसार वर्तमान कोविड 19 व शासन के द्वारा जारी नियमो का पालन करते हुऐ पूजन किया जायेगा, राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति(रजि.) शक्ति सभी भक्त जनों को गोपाष्टमी पर्व पर गौशाला में गौ पूजन करने एवं कार्य म के संबंध में अधिक जानकारी के लिये संपर्क नम्बर- 07000292626 पर बात करने की अपील की है।

# गताडीह समिति में दो करोड़ का हो गया घोटाला

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

**अधिकारी कमीशनखोरी में डूबे, अब तक नहीं कर रहे एफआईआर**

कलेक्टर से आम जनता के सेवक बजरंग अग्रवाल, एकता परिषद के रघबीर प्रधान ने जिले के धान खरीदी गबन करने वाली ऐसी सभी समितियों के खिलाफ एफआईआर करके उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है। कलेक्टर के आदेश को धता बता समिति पर विभाग मेहरबानधान है खरीदी में फर्जीवाड़ा करने वालों पर प्रशासन की लाठी एक जैसी ताकत से नहीं बरसती। इसका उदाहरण गाताडीह, जैमूरा और उलखर सोसायटी के मामले में देखा जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक गाताडीह में करीब दो करोड़ का गबन प्रमाणित हो गया है लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकी है। प्रतिवेदन भी करीब 10 दिन पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। जिले में बहुत अजीब सा सिस्टम है। यहां हर साल धान खरीदी में जो सोसाइटी गड़बड़ी करती है, उसे विशेष छूट दी जाती है। चाहे गाताडीह हो या उलखर, यहां हर साल बोगस खरीदी की शिकायत आती है। वर्ष 19-20 में भी ऐसा ही हुआ, लेकिन इस बार कलेक्टर ने गबन करने वाली समितियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया था। जैमूरा समिति में करीब 1.28 करोड़ के गबन पर अध्यक्ष, प्रबंधक, संचालक मंडल सदस्य समेत करीब 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। सहकारिता विभाग से जांच प्रतिवेदन मांगा गया और खाद्य विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई। इसी तरह सारंगढ़ की उलखर समिति में 2.99 करोड़ के गबन की पुष्टि सहकारिता विभाग के जांच प्रतिवेदन में की गई। उलखर समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक समेत कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। अध्यक्ष राजू निषाद को तो फिल्मी स्टाइल में गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन गाताडीह समिति पर बात अटक गई।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में भी गाताडीह समिति पर कार्रवाई का आदेश दिया था। इसके बाद सहकारिता विभाग से प्रतिवेदन मांगा गया था। सूत्रों के मुताबिक करीब दस दिन पहले ही जांच रिपोर्ट खाद्य विभाग को मिल चुकी है। इसमें करीब साढ़े पांच हजार क्विंटल धान का गबन पाया गया। गाताडीह समिति में करीब दो करोड़ का गबन पाया गया है।

यह आंकड़ा समिति के फाइनलाइजेशन के बाद ही सामने आया है। अब एफआईआर दर्ज की जानी है क्योंकि एक दिसंबर से नए सत्र की खरीदी प्रारंभ होने वाली है। गाताडीह समिति के अंतर्गत कोसीर, जशपुर और गाताडीह तीन खरीदी केंद्र आते हैं। किसान पंजीयन में भी गड़बड़ी साफतौर से सामने आई है। सबसे ज्यादा किसानों और रकबे की कटौती इसी समिति से हुई है। जिले में सबसे ज्यादा खाद की खपत भी इसी समिति में होती है। गिरदावरी से चेक करने पर कई किसानों के नाम पर फर्जी रकबे की एंट्री का पता चला। इस समिति में पिछले कई सालों से करोड़ों का भ्रष्टाचार किया जा चुका है।

# लघुशंका के लिए रूके युवक से मोबाईल व बाईक की लूट

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में लूट की एक अनोखी वारदात सामने आई है। लघुशंका करने के लिए कच्चे रास्ते पर उतरे एक कर्मचारी से मोटरसाइकिल और मोबाइल की लूट हुई है। घटना रायगढ़ जिले के पुसौर थाना क्षेत्र की है। लूट का शिकार हुए प्रेम सिंह सिदार उम्र 24 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वह आरईजीएल कंपनी, छोटे भंडार में ग्राम विकास विभाग में काम करता है। 19 नवंबर गुरुवार को दोपहर करीब 2.30 बजे वह अपने सहकर्मी की बाइक लेकर कीटनाशक लेने के लिए कोड़ातराई निकला था। रास्ते में ग्राम तेतला के के आगे सुर्री नहर के पास पेशाब करने के लिए अपनी बाइक खड़ी की। भाई की चाबी गाड़ी में ही लगी थी। तभी दो बाइक सवार आए और उसका मोबाइल और मोटरसाइकिल छीन कर भाग गए। इनमें से एक सुर्री की तरफ भागा और दूसरा कोड़ातराई की तरफ।

यह सब कुछ इतना जल्दी हुआ कि उसके कुछ समझ में ही नहीं आया। हालांकि पीड़ित ने दोनों लुटेरों का हुलिया पुलिस को बताया है। जिसमें से एक कम हाइट का तथा दूसरा दुबला पतला लंबा व्यक्ति था। दोनों का ही रंग सांवला था। उन्होंने लाल रंग और सफेद रंग की शर्ट पहनी थी। फिलहाल पुसौर थाने में इस मामले को दर्ज कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 392 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# बेलगाम बढ़ती चोरी से अकलतरा वासियों में पनपा आक्रोश

पायनियर संवाददाता < अकलतरा
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में बेलगाम बढ़ती चोरी से अकलतरा वासियों में आक्रोश पनपा और लोगों ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाए। मिली जानकारी के अनुसार कल अकलतरा के शास्त्री चौक से लक्ष्मीन बाई पति स्वर्गीय रामायण प्रसाद के हाथों से तीन चोरों ने 70000 रुपए से भरा बैग छीनकर भाग निकले जिसका पीछा लक्ष्मीबाई के बेटे ने किया परंतु चोर को पकड़ ना सकें। मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है और पुलिस चोरों को ढूंढने में जुट गई है।

### अकलतरावासियो में गुस्सा

यह पहला मामला नहीं है जहां चोरों ने किसी के हाथ से दिनदहाड़े रुपयों भरा बैग छीनकर भागा हो यहां दो-तीन महीनों के भीतर इस तरह की घटनाएं घटती ही रहती है। चोरों को अपनी फुर्ती और पुलिस की सुस्ती पर इतना विश्वास है कि वह इस मामले के ठंडा पड़ने पर दूसरा का गाना करने की हिम्मत जुटाई लेते हैं अकलतरा में हुई फिर से इस लूट पर अकलतरा वासियों का गुस्सा उफान पर है ।लोगों ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और पुलिस की नीयत पर भी सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। अकलतरा वासियों ने पुलिस पर भरोसा करना ही छोड़ दिया है । अकलतरा में कोई व्यक्ति घर अकेले छोड़कर नहीं जा सकता है अगर वह गया तो निश्चित रूप से उसके घर से चोरी होगी क्योंकि चोरो को पुलिस का बिलकूल भी डर नही है वे पुलिस की निष्क्रियता और कार्यशैली से पूरी तरह वाकिफ है इसलिए ये चोर बेधड़क डंके की चोट पर भरी दोपहर और भीड़भाड़ इलाका में चोरी करके निकल जा रही है और पुलिस मुँह बाए देख रही है। यह चोर आसपास के चोर है जो लगातार लोगों पर नजर रखते रहते हैं और मौका मिलते ही चोरी कर ले उड़ते हैं।

इस लगातार चोरी पर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता पुरुषोत्तम नामदेव ने आक्रोशित स्वर मे कहा है कि अकलतरा मे कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही है। अकलतरा मे खुले आम सटटा चल रहा है। यहाँ छहः माह मे दो बार चोरी की बड़ी घटायें हो चुकी है और पुलिस की लचर व्यवस्था बस वसूली मे व्यस्त है। चोरी की लगातार घटना पर कान्हा अग्रवाल ने कहा कि पुलिस को व्यवस्था चुस्त करनी चाहिए। चोरी की घटनाएं अकलतरा मे बहुत हो रही है वही चंदन शर्मा ने इस लूट के लिए पुलिस की लचर व्यवस्था को दोषी ठहराया है। अकलतरा निवासी भोजराम शर्मा तथा मोनु नामदेव ने भी पुलिस की कमजोरी को ही इसका कारण माना है।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने चोरी रोकने दिया था ज्ञापन

कुछ माह पूर्व अकलतरा में चोरी की अनेक वारदात एक साथ हुई थी जिसमें कई दुकानों के ताले टूटे थे और कुछ सामान चोरी हुए थे जिसको देखते हुए व्यापारी वर्ग के साथ खुद नगर पालिका अध्यक्ष शांति देवी भारते अकलतरा पुलिस को ज्ञापन सौंपने गयी थी और अकलतरा पुलिस ने उन्हें आश्वस्त किया था कि चोरी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाया जाएगा परंतु नगर पालिका अध्यक्ष के ज्ञापन देने के बाद भी दो बड़ी चोरियों की वारदात हो चुकी है । चोरी की वारदात पर लगाम लगाना तो दूर चोर की परछाई तक को पुलिस ना छू सकी है। मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीएमओ अपने निजी मेडिकल स्टोर से दवाइयां लेने के लिए मरीजों को मजबूर कर रही है साथ ही अपने अधीनस्थ डॉक्टर को भी अपने ही निजी मेडिकल स्टोर से दवाई लिखने और खरीदवाने की सिफारिश कर रही है ।

मिली जानकारी के अनुसार मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीएमओ डॉक्टर कात्यानी ने अपना एक यूनिक नाम से निजी मेडिकल स्टोर खोला है जिसमें मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने वाले मरीजों को यूनिक मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए मजबूर करती है। इसके साथ ही अपने अधीनस्थ डाक्टर्स को भी उन्होंने अपने मेडिकल स्टोर के नाम से लेटर पेड बना कर दिया हुआ है जिसमें उन्हें दवाइयां लिखने के लिए दबाव बना रही हैं। जिससे वे मरीज डाक्टर कात्यायनी के मेडिकल स्टोर यूनिक मेडिकल स्टोर से दवाइयाँ ले और उनके आमदनी में और अधिक इजाफा हो सके । एक मरीज ने नाम न छापने की शर्त पर दवाई की पर्ची दिखवाते हुए बताया कि डॉक्टर कात्यानी ने मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को अपने मेडिकल स्टोर यूनिक मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए मजबूर कर रही है । वह ऐसे दवाइयां लिख रही है जो केवल यूनिक मेडिकल स्टोर में मिलती हैं और साथ ही साथ वहां के अन्य डॉक्टर भी यूनिक मेडिकल स्टोर से ही दवाई लेने के लिए मरीजों पर दबाव बना रहे है । इसके साथ ही बताया जा रहा है कि डॉक्टर कात्यानी एम वे नाम के अंतरराष्ट्रीय कंपनी से जुड़ी हुई हैं । सभी जानते हैं कि एम वे के उत्पाद कितने महंगे होते हैं फिर भी मरीजों को एम वे के उत्पादों को लेने के लिए मजबूर किया जाता है । एम वे उत्पाद तीन गुना महंगे विदित हो कि एम वे के उत्पाद सामान्य उत्पादों की तुलना में 3 गुना महंगे होते हैं जो सामान्य वर्ग का आदमी वहन नहीं कर पाता है ।

# बालिका का लैंगिक शोषण, आरोपी शिक्षक पुलिस हिरासत में

**रायगढ़।** सारंगढ़ थाना में शुक्रवार को एक नाबालिग बालिका का पिता उसकी पुत्री के साथ पड़ोस में रहने वाले राजेन्द्र देवांगन द्वारा अश्लील व गंदी हरकत करने संबंधी आवेदन लेकर प्रस्तुत हुआ। थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक आशीष वासनिक द्वारा आवेदन अवलोकन कर पीडिता के परिजनों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपी राजेन्द्र देवांगन पिता भरतलाल देवांगन उम्र 38 साल निवासी सारंगढ़ के खिलाफ धारा 354(क),376, 511 भादंवि एवं 8, 12 पास्को एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को उसके घर से हिरासत में लेकर थाना लाए। घटना के संबंध में पीड़िता अपने परिजनों को बताई है कि दशहरा त्यौहार के बाद से कई बार राजेन्द्र देवांगन अपने घर खेलने के बहाने बुलाकर ले जाता और अपने कमरे में इसके निजी अंगों को गंदे तरीके से स्पर्श करता था। कल भी राजेन्द्र अपने घर बुलाकर ले गया और बेहद आपत्तिजनक एवं अश्लील हरकत किया। जिसकी जानकारी बालिका अपनी मां को दी। बालिका यह भी बताई कि राजेंद्र देवांगन मोहगे की अन्य लड़कियों के साथ भी ऐसी हरकत किया है। परिजन बताये कि आरोपी पेशे से शिक्षक है।

बालिका के परिजन की रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में आरोपी के विरूद्ध गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया है। सारंगढ़ थाना प्रभारी आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाने पुख्ता साक्ष्य एकत्र किया जा रहा है। पीडित बालिका को शीघ्र न्याय दिलाने आरोपी के खिलाफ चालान न्यायालय पेश किया जाएगा।

## पेज 1 के शेष...

### विश्व में कोरोना से 5.75 करोड़ लोग संक्रमित, 13.71 लाख लोगों की मौत

गए है। ब्राजील कोरोना संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर और इससे मुक्ति पाने और मृतकों के आंकड़े में दूसरे स्थान पर है। देश में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 60.20 लाख से पार हो गयी है जबकि 168,613 लोग काल के गाल में समा गए हैं।

फ्रांस में अब तक 21.60 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हुए हैं और 48,341 मरीजों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 20.02 लाख को पार कर गई है और अब तक 34,980 लोगों की मौत हो गई है। स्पेन में इस महामारी से अब तक करीब 15.56 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 42,619 लोगों की मौत हुई है। ब्रिटेन में अभी तक करीब 14.77 लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा 54,381 लोगों की मौत हो चुकी है।

अर्जेंटीना में कोविड-19 से अब तक करीब 13.59 लाख लोग प्रभावित हुए हैं तथा 36,790 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में 13.45 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 48,569 लोगों की मौत हुई है। कोलंबिया में इस जानलेवा वायरस से अब तक 12.33 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं तथा 34,761 लोगों ने जान गंवाई है।

मेक्सिको में कोरोना से अब तक 10.25 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 100,104 लोगों की मौत हो चुकी है। पेरू में इस वायरस से अब तक 9.39 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 35,317 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में इस वायरस की चपेट में 9.14 लाख से अधिक लोग आ चुके हैं तथा 13,918 लोगों की मौत हुई है। ईरान में इस महामारी से अब तक 8.28 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 43,896 लोगों की मौत हो गई है।

पोलैंड में संक्रमण के 8.19 लाख से ज्यादा मामले सामने आए हैं तथा 12,714 लोगों की मौत हो गई है। दक्षिण अफ्रीका में करीब 7.62 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 20,759 लोग काल के गाल में समा गए हैं। यूक्रेन संक्रमितों के मामले में बेल्जियम से आगे निकल गया है जहां संक्रमितों की संख्या छह लाख से अधिक हो गई है तथा 10,694 लोगों की मौत हो चुकी है।

बेल्जियम में कोरोना से 5.45 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं जबकि 15,025 लोगों की मौत हो चुकी है। चिली में कोरोना से 5.36 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 14,955 लोगों की मौत हुई है। इराक में संक्रमितों की संख्या 5.29 लाख से अधिक और मृतकों का आंकड़ा 11,834 तक पहुंच गया है। इंडोनेशिया में संक्रमितों की संख्या 4.88 लाख से अधिक हो गयी है और मृतकों का आंकड़ा 15,678 तक पहुंच गया है। चेक गणराज्य में संक्रमितों की कुल संख्या 4.87 लाख से अधिक हो गई है और मृतकों का आंकड़ा 6,856 तक पहुंच गया है। नीदरलैंड में कोरोना से 4.74 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 8,846 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में संक्रमितों की संख्या 4.41 लाख से अधिक हो गई है और 6,305 लोगों की मौत हो चुकी है।

तुर्की में कोरोना से अब तक करीब 4.35 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 12,084 लोगों की मौत हुई है। फिलीपींस में इस महामारी से अब तक करीब 4.13 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 7,998 लोगों की मौत हो चुकी है। रोमानिया में कोरोना वायरस से 3.93 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुये हैं और 9,596 लोगों की मौत हुई है।

पाकिस्तान में कोरोना से अब तक करीब 3.66 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं तथा 7,561 लोगों की मौत हो चुकी है। सऊदी अरब में भी अब तक कोरोना से 3.54 लाख से अधिक मामले सामने आए हैं जबकि 5,729 लोगों की मौत हो चुकी हैं। इजरायल में इस महामारी से अब तक लगभग 3.27 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 2,742 लोगों की जान जा चुकी है।

कोरोना वायरस से इक्काडोर में 13,095, कनाडा में 11,385, बोलीविया में 8900, मिस्त्र में 6521, स्वीडन में 6,340, चीन में 4,742, ग्वाटेमाला में 4,050, पनामा में 2,922 और होंडुरास में 2,839 लोगों की मौत हो चुकी है।

### पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

समय पर जब जानकारी नही दी गयी तो द्वतीय अपील जिला पंचायत में की गई। इधर ग्राम पंचायत कोडेनार में पंचायत प्रतिनिधियों पर प्रशासन ने जब आरटीआई कार्यकर्ता को जानकारी देने के लिए पत्राचार किया तो पंचायत की महिला सरपंच ने पत्रकार के ही खिलाफ 10 लाख रुपये मांगने और खबरों से छबि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवा दिया।जानकारी के मुताबिक उक्त पंचायत सरपंच सत्ताधारी पार्टी से जुड़ी हुई है, जिसके चलते किरंदुल पुलिस ने भी आनन फानन में पत्रकार के खिलाफ एक तरफा महज आरोप पत्र को आधार मानते हुए मामला दर्ज कर लिया। इधर इस तरह बेबुनियाद आरोप लगाने से पूरे जिले के पत्रकार इस मामले की निंदा करते हुए दंतेवाड़ा कलेक्टर से मुलाकात भी जल्द करने वाला है।

# ओदरागहन व निपानी के किसानों को मिलेगा खारुन का पानी

पायनियर संवाददाता ◀ पाटन
www.dailypioneer.com



ओदरागहन के पास खारून नदी

खारुन नदी को दक्षिण पाटन का जीवनदायिनी नदी कहा जाता है। इस नदी से जहां ग्रामीणों को निस्तारी के लिए पानी मिलता है। वहीं नदी किनारे स्थित खेतों में लगे बोर पंप का जल स्रोत भी हमेशा बना रहता है। अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप खारुन नदी का पानी किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए भी काम आने लगा है। इसी कड़ी में ओदरागहन व निपानी के पास खारुन नदी के किनारे सौर समुदायिक सिंचाई योजना के तहत पानी को लिफ्ट कर खेतों तक ले जाने का कार्य किया जाएगा।

सरपंच जिनेश जैन राजा ने गत दिवस बोरेंदा के सामुदायिक सौर सिंचाई योजना का लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से किसानों के हितों को देखते हुए मांग की थी, जिसे तत्काल मौके पर ही घोषणा कर क्रेडा के अधिकारियों को सर्वे कर इस कार्य को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अधिकारियों ने सर्वे भी शुरू कर दिया है। इसके लिए सरपंच जिनेश जैन राजा व किसानों ने मुख्यमंत्री बघेल का आभार जताया है।

### 150 से अधिक कृषक होंगे लाभान्वित

में बनने वाले एनीकट के पानी का उपयोग खेती करने के लिए सौर सामुदायिक सिंचाई योजना के तहत लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से होगा। इस योजना के शुरू होने से ओदरागहन व निपानी के लगभग 150 कृषकों के 400 से 500 एकड़ खेत की सिंचाई होगी। खारुन का पानी अभी व्यर्थ बह जाता है। इस योजना के शुरू होने से किसानों के खेतों की फसल को समय पर पानी मिल जाएगा। किसान दो फसल के अलावा सब्जी की भी खेती कर सकेंगे।

सरपंच जिनेश जैन ने बताया कि सीएम बघेल के निर्देश के बाद सर्वे के लिए तत्काल अधिकारियों का दौरा शुरू हो गया है। क्रेडा विभाग के अधिकारी तीन बार दौरा कर चुके हैं। सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। सर्वे में इस बात का भी ख्याल रखा जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके।

### बोरेंदा में सफलता पूर्वक चल रही यह योजना

क्रेडा विभाग द्वारा ग्राम बोरेंदा में खारुन नदी के किनारे सौर ऊर्जा के माध्यम से सामुदायिक सिंचाई योजना को अमली जामा पहनाया गया है जिसका लोकार्पण पखवाड़े भर पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया है। सामुदायिक सिंचाई योजना के तहत बने हुए बोरेंदा में प्लांट के उद्घाटन के दौरान सरपंच ओदरागहन जिनेश जैन ने भी सोलर सिस्टम के द्वारा संचालित होने वाली लिफ्ट इरिगेशन की मांग रखी थी। जिसे मुख्यमंत्री बघेल द्वारा बोरेंदा कार्यक्रम के दौरान तत्काल घोषणा की गई थी। दक्षिण पाटन क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि उनके क्षेत्र में मुख्यमंत्री के सहयोग से लगातार विकास कार्य हो रहा है। किसानों के लिए बोरेंदा में बने सामुदायिक सौर सिंचाई योजना वरदान साबित हो रही है। ओदरागहन में भी यह योजना शुरू होने से किसानों को लाभ मिलेगा। भूपेश बघेल की सरकार किसानों व मजदूरों सहित सभी वर्ग का ध्यान दे रही है। किसानों की खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# बस्तर के विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे दुर्ग के शिक्षक, 23 से होगी आनलाइन कक्षाएं

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग संभाग स्तरीय आनलाइन महविद्यालयीन कक्षाओं के लिए शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कालेज, दुर्ग) को नोडल केंद्र चुना गया है। दुर्ग संभाग में उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा.सुशील चंद्र तिवारी के निर्देश पर 13 प्रमुख विषयों के नोडल अधिकारियों का चयन किया गया। ये सभी नोडल अधिकारियों को अपने विषय से संबंधित आनलाइन कक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन की जिम्मेदारी दी गई है।

दुर्ग संभाग का बस्तर के दूरस्थ जिलों कांकेर एवं नारायणपुर के विद्यार्थियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है।

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय गुरुवार को आनलाइन कक्षाओं के संचालन के लिए सभी नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के प्रारंभ में डा.विकास पंचाक्षरी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा आनलाइन की कक्षाओं की उपयोगिता तथा इसके सुचारू रूप से संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करते हुए बताया कि एक ही एप के माध्यम से विद्यार्थी सभी कक्षाओं को कम से कम डाटा का उपयोग करते हुए पढ़ाई कर सकते हैं।

साइंस कालेज के प्राचार्य डा.आरएन.सिंह ने आनलाइन कक्षाओं के संचालन के लिए नोडल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने विषय के प्राध्यापकों का चयन इस हेतु करें, जिससे दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों को भी अनुभवी शिक्षकों का लाभ मिल सके। इस आनलाइन कक्षा संचालन के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक तकनीकी टीम का गठन किया गया है, इसमें विकास पंचाक्षरी, डा.केएल राठी, डा.अभिषेक मिश्रा एवं डा.दिलीप साहू सम्मिलत है।

ये तकनीकी टीम डा.सुशील चन्द्र तिवारी एवं डा.आरएन सिंह के मार्गदर्शन में आनलाइन कक्षाओं के सफल संचालन में सभी तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएगी। इन कक्षाओं का संचालन 23 नवम्बर से प्रारंभ किया जाना है।

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत का बीजापुर में आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत इन दिनों महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी के गठन से पूर्व प्रत्येक जिलों में सघन दौरा कर रही हैं, तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला की टीम में सक्रिय महिलाओं को दायित्व देने की दृष्टि से महिला मोर्चा अध्यक्ष का यह प्रवास चल रहा है, इसी श्रृंखला में बस्तर संभाग के बीजापुर प्रवास के दौरान शालिनी राजपूत के पहुंचने पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया एवं इस दौरान शालिनी राजपूत भाजपा महिला मोर्चा सुकमा जिले की बैठक में भी शामिल हुई तथा उनके साथ महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी विभा अवस्थी भी साथ में उपस्थित रही, इस दौरान शालिनी राजपूत ने कहा कि आज पूरे देश में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कार्य कर रही है, एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी तत्कालीन भाजपा की डॉ रमन सिंह सरकार ने जो प्रदेश की महिलाओं के हितों के लिए कार्य किया है वह हमेशा राज्य की जनता याद रखेगी किंतु वर्तमान में कांग्रेस की सरकार ने राज्य को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया है, तथा आने वाले समय में भाजपा पार्टी छत्तीसगढ़ की वर्तमान कांग्रेस की सरकार के जनविरोधी कार्यों का सड़कों पर उतर कर मुखर विरोध करेगी, इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी विभा अवस्थी ने भी विस्तार पूर्वक महिला मोर्चा की बहनों को संबोधित किया।

# कलेक्टर महोबे ने धान खरीदी कार्य की तैयारियों का किया आकस्मिक निरीक्षण बालोद और गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्र पहुँचे

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे शनिवार को बालोद विकासखण्ड और गुरूर विकाखण्ड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य की तैयारियों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने के पूर्व समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र करहीभदर, धान संग्रहण केन्द्र जगतरा, गुरूर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र धनेली और धनोरा का निरीक्षण कर वहाँ उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में साफ-सफाई, चबूतरा, फड़, कम्प्यूटर, कांटा-बाट, पेयजल, बिजली व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता आदि की जानकारी ली।

उन्होंने वहाँ बारदानों का अवलोकन कर व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को टोकन जारी करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान बेचने आए किसानों को परेशानी नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का अनिवार्य रूप से पालन हो तथा केन्द्र में आने वाले लोगों के हाथ धोने हेतु साबुन व पानी हमेशा उपलब्ध रखें। कलेक्टर ने जिले के समस्त धान खरीदी केन्द्रों के सामने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव, सावधानी व जागरूकता संबंधित फ्लैक्स लगाने के निर्देश जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी को दिए। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी एचएल बंजारे, जिला विपणन अधिकारी शशांक सिंह, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी आदि मौजूद थे।

# ग्राम मानपुर में मड़ई मेला का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा, नेवरा
www.dailypioneer.com

समीपस्त ग्राम मानपुर में दीपावली एवं मातर के बाद अब मड़ई मेला शरु हो गया है,पिछ्ले कई वर्षों से यहाँ पर मड़ई का आयोजन नहीं हुआ बहुत दिनों बाद यहा पर मड़ई होने से सभी बच्चों एवँ बुजुर्गो के मन में खुशी का माहौल बना हुआ है, सबको बेसब्री से इंतजार है, समाजसेवक कमलेश विश्वकर्मा एवं पंच सुर्जमति विश्वकर्मा के नेतृत्व में गॉव के युवा भाई , संजय यादव,रवि वर्मा, राजू वर्मा, शेखर साहू, और विशेष, तौर पर भरतलाल वर्मा, ओमप्रकाश निर्मलकर एवं अजय सोनवानी जी का अधिक सहयोग है विश्वकर्मा ने बताया की कोबिड 19 के सभी नियमो का पालन किया जाएगा।

# खदान दुर्घटना में एक कोलश्रमिक की मौत



पायनियर संवाददाता ◀ कोरिया
www.dailypioneer.com

चरचा कॉलरी में शनिवार को हुई खदान दुर्घटना में एक कोलश्रमिक की मौत हो गई। मृतक कॉलरी कर्मी हल्दीबाड़ी चिरमिरी का निवासी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्रान्तर्गत चरचा आरओ के चरचा वेस्ट खदान में आज शनिवार को प्रथम पाली में यह दुर्घटना हुई है। चिरमिरी हल्दीबाड़ी निवासी कोलश्रमिक विड़ल पिता जगजीत प्रतिदिन की भांति अपने अन्य सहयोगियो के साथ प्रथम पाली में चरचा वेस्ट खदान में ड्यूटी करने के लिए गया हुआ था। जहां वह प्रातः 11 बजे पैनल नम्बर 101 में ड्रेसिंग का कार्य कर रहा था। इसी दौरान रूफ फॉल हुआ और खदान के छत का एक बड़ा हिस्सा उसके ऊपर गिर गया। जिससे उसके सिर में गम्भीर चोटें आई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर प्रबंधन द्वारा उसे तत्काल खदान से बाहर निकाला गया।



# वार्ड क्रमांक 7 में सघन साफ सफाई अभियान चलाया

**तिल्दा नेवरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद सतीश निषाद के द्वारा देवउठनी पर्व कार्यक्रम को लेकर वार्ड में लगातार साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य किया जा रहा है जिसमें छोटा दीपावली के पर्व पर जिस जिस जगह पर गौरी गौरा की स्थापना करना है उस स्थान पर साफ सफाई का कार्य सघन रूप से चलाया जा रहा है। साफ-सफाई नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा पार्षद सतीश निषाद के निर्देश पर किया जा रहा है।

# लोक निर्माण विभाग में सौंदर्यीकरण के नाम पर भारी घोटाला : नीतू कोठारी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद के पार्षद नीतू कोठारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग में निविदा प्रपत्र 1/9/2020 के अनुसार बेमेतरा शहर के भीतर सड़क सौंदर्यीकरण के नाम पर भारी घोटाला की आशंका हो रही है जबकि शासन ने शासकीय कन्या हाई स्कूल से होते हुए जय स्तंभ चौक, कलेक्टर बंगला होते हुए पुराना बस स्टैंड सिग्नल चौक से दुर्ग रोड गस्ती चौक से शीतला मंदिर और सिंघौरी तालाब तक के लिए तकरीबन 36 लाख 46 हजार रुपए स्वीकृत की है जबकि कार्य स?क में पूर्व से बने डिवाइडर के बीच पुराने विद्युत खंभों में ही लाइटिंग की व्यवस्था करके राशि की गड़बड़ी की गयी, प्राप्त निविदा पपत्र के अनुसार शासकीय कन्या हाई स्कूल से कलेक्टर बंगला के पास तक सौंदर्यीकरण के लिए 6 लाख 92 हजार रुपये यही नही इसी मार्ग के मध्य में बने जय स्तंभ चौक के आसपास के नाम पर 7 लाख 18 हजार रुपये स्वीकृत किया गया है। जबकि शासकीय कन्या हाई स्कूल से कलेक्टर बंगला के लिए अलग राशि स्वीकृत है।

ऐसा लगता है कि एक जगह के लिए अलग अलग नाम से राशि स्वीकृत करा ली गयी हो यही नही पुराना बस स्टैंड से गस्ती चौक तक के लिए 7 लाख 13 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुआ है इसके बाद वार्ड नम्बर 16 मेन रोड दुर्ग की ओर सौंदर्यीकरण के लिए 7 लाख 57 हजार पुनः सड़क सौंदर्यीकरण के लिए, शीतला मंदिर चौक से आसपास के लिए 7 लाख 66 हजार रुपये इस तरह से कुल 36 लाख 46 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई जबकि सड़क सौंदर्यीकरण के नाम पर सड़क में कोई खास काम नहीं किया गया है जबकि पूर्वती भाजपा सरकार के द्वारा सड़क के बीचो-बीच बने डिवाइडर में लगे विद्युत पोल में ही विद्युत झालरों को लगाकर छोड़ दिया गया है।

इसके अलावा शासकीय कन्या हाई स्कूल के आसपास पुराने पेड़ों को रंग पेंट कर तथा सिविल लाइन की दीवारों में भित्ति चित्र बनाकर सौन्दर्यी करण का स्वरूप दे दिया गया लोक निर्माण विभाग बेमेतरा से निर्माण कार्य में भारी घोटाले की जानकारी मिली है।

# विधायक को अपने बीच पाकर प्रफुल्लित हुए खिलाड़ी



**जगदलपुर।** विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने शनिवार सुबह खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम पहुंचे। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने इस दौरान क्रिकेट, फुटबॉल ,बैंटमेंटिन के खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। इस दौरान संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने खिलाड़ियों को हरसंभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। संसदीय सचिव रेखचंद जैन, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, निगम सभापति कविता साहू ने व्यायाम कर रहे लोगों से मुलाकात करते हुए वर्क आउट भी किया । संसदीय सचिव रेखचंद जैन व अन्य जनप्रतिनिधियों को अपने बीच पाकर प्रफुल्लित नजर आए। संसदीय सचिव ने इस दौरान बच्चों को खेल के साथ-साथ अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### सोमवार से लगेंगे स्वास्थ्य शिविर, मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन का संचालन 15 दिसम्बर तक शुरू कराए- कलेक्टर

# हाट बाजार क्लीनिक योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाएं

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के दस-दस हाट बाजारों में सोमवार से स्वास्थ्य शिविर लगाई जाएगी। हाट बाजार आने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाए। कलेक्टर श्री महोबे शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविरों के सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक तैयारियॉ पूरी करें। हाट बाजार क्लिनिक में सर्दी, खॉसी, बुखार, रक्तचाप, सिकलसेल, एनीमिया, मधुमेह, नेत्र जॉच, कुष्ठ रोग, मलेरिया आदि रोगों की जॉच कर आवश्यक दवाईयॉ दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत जिले में मोबाईल मेडिकल यूनिट वाहन का संचालन शुरू किया जाएगा। उक्त वाहन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों सहित ग्रामीण हाट बाजारों में पहुँचकर आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने मोबाईल मेडिकल यूनिट हेतु वाहन व्यवस्था, डॉक्टर, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्निशियन व आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे 15 दिसम्बर 2020 तक मोबाईल मेडिकल यूनिट वाहन का संचालन शुरू कराना सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर ने जिले में कोरोना वायरस के प्रकरणों की भी समीक्षा की




कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि आगामी 23 नवम्बर को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में मितानीन दिवस मनाया जाएगा। मितानिन दिवस पर मितानिनों को शॉल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर ने मितानिन दिवस मनाए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिले में कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रतिदिन लिए जा रहे सैम्पल और रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोरोना के लक्षण वाले अधिक से अधिक व्यक्ति यों का कोरोना टेस्ट कर सं मित लोगों की पहचान करें तथा कोरोना के सं मण से बचाव हेतु लोगों में जनजागरूकता लाए। उन्होंने कोविड-19 हॉस्पिटल एवं आइसोलेशन केन्द्रों में भर्ती मरीजों की संख्या एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में आदिवासी विकास विभाग की उपायुक्त श्रीमती माया वारियर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ.एसएस देवदास सहित डॉ. संजीव ग्लेड और डॉ. वीरेन्द्र गंजीर मौजूद थे।

# गीदम में हैहय क्षत्रिय कल्चुरी कलार समाज ने धूमधाम से मनाई सहस्त्रबाहु जयंती

### मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष रूप से रखा गया ध्यान

पायनियर संवाददाता
◀ किरंदुल/गीदम
www.dailypioneer.com



गीदम नगर में स्थित श्री राम धर्मशाला परिसर में शनिवार को हैहय क्षत्रिय कल्चुरी कलार समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर समाजजंन श्रीराम धर्मशाला परिसर पहुँचे और भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की छायाचित्र पर तिलक व पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन से किया गया, इसके पश्चात आरती की गई । बता दे कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है । गीदम नगर में यह आयोजन समाज द्वारा प्रथम बार किया गया जिसमे समाज के वरिष्ठजनों , महिलाओं समेत भारी संख्या में समाज के युवा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में पहुंचे सभी समाजजनो का स्वागत समाज के युवाओ द्वारा तिलक लगाकर किया गया। वही मास्क व सेनेटाइजर का भी इस्तेमाल युवाओ द्वारा कराया गया । इधर आरती के पश्चात समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया । साथ ही समाज का महत्व समाज की एकता व उसकी शक्ति के बारे में भी प्रकाश डाला गया । इधर महिलाओं द्वारा भी मंच पर उपस्थित होकर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की पूजा अर्चना कर जयजयकार लगाई गई और आयोजन को सफल बनाया गया इसके पश्चात स्वलापहर कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# रामा गैसेस और दूसरी फर्म के पास अनुभव ही नहीं, टेंडर फिर बुलाने के अलावा अब कोई चारा नहीं, असल दोषी अब भी शिकंजे से बाहर

## क्रय समिति ने ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी को दोषी माना, प्रबंधन पर अब भी लटक रही तलवार, हो सकती है बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत रत्न स्वण् अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय की क्रय समिति की बैठक में शनिवार को ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी मेसर्स रामा एजेंसी का टेंडर निरस्त करने की तैयारी कर ली है। इस कार्रवाई के दिखावे के बावजूद मेसर्स रामा गैसेस के संचालक को कोई फर्क पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। इसका कारण है कि उक्त एजेंसी के संचालक ने ही दो अलग . अलग निविदाएं भरी थी। अगरए मौजूदा टेंडर निरस्त भी किया जाता है तो दूसरी निविदा के सहारे वह काम कर सकता है। हालांकि दूसरी निविदा पर टेंडर देना भी क्रय समिति को कई अन्य कारणों के चलते विवादों में ला सकता है। बताया जा रहा है कि दूसरे क्रमांक पर रही फर्म के पास ऑक्सीजन सप्लाई का कोई अनुभव ही नहीं है।




शनिवार की दोपहर 12 बजे हुई क्रय समिति की बैठक में मेसर्स रामा गैसेस के संचालक ने अपना पक्ष रखा। इसके बाद समिति ने पाया कि जिस मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई की जानी चाहिए थी वह नहीं की गई। इस बिनाह पर मौजूदा टेंडर निरस्त कर एलटू यानि कि जिसकी निविदा दूसरे नंबर पर थी उसे यह काम सौंप दिया जाएगा। टेंडर का डिफरेंस अमाऊंट दूसरी सप्लाई एजेंसी को दिया जाएगा। वहीं मेसर्स रामा गैसेस द्वारा जमा की गई रकम जब्त कर ली जाएगी।

बताया जा रहा है कि मेसर्स रामा गैसेस के नाम से टेंडर लेने वाले संचालक ने ही एक अन्य फर्म के नाम से ही दूसरा टेंडर भी डाला था। ऐसे में मौजूदा टेंडर निरस्त होने के बाद भी वह ऑक्सीजन की सप्लाई करता रहेगा। हालांकि इसका फैसला सोमवार को होगा। इसके अलावा दूसरे नंबर पर रहे टेंडर का संचालक अगर समिति की नियम और शर्तों को पूरा नहीं पाता है तो ऑक्सीजन सप्लाई के लिए फिर से टेंडर बुलाया जाएगा।

### दूसरी फर्म गैर अनुभवी

बताया जा रहा है कि मेसर्स रामा गैसेस के संचालक ने ही रामा गैसेस के अलावा एक अन्य फर्म के सहारे भी निविदा में हिस्सा लिया था। क्रय समिति ने इन्हीं दोनों निविदाओं को संपूर्ण और योग्य मानते हुए मेसर्स रामा गैसेस को ऑक्सीजन सप्लाई का काम सौंप दिया था। वहीं एक अन्य निविदा को दूसरे क्रमांक पर रखा गया था। अब क्रय समिति का पक्ष है कि वह दूसरे क्रमांक पर रही फर्म को अपनी शर्तों के साथ काम सौंपेंगे। लेकिन यहां एक बड़ा पेंच है जिसके चलते टेंडर निरस्त होने और दोबारा निविदाएं मंगाने की पूरी.पूरी संभावनाएं हैं। दरअसल जानकारी के अनुसार ऑक्सीजन सप्लाई की इस निविदा में जो दूसरी फर्म शामिल है उसके पास ऑक्सीजन सलाई का अब तक कोई अनुभव ही नहीं है। गैर अनुभवी फर्म को पांच सौ बिस्तरों के अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई का काम सौंपना काफी जोखिम भरा साबित हो सकता है। इस पैमाने को देखते हुए संभव नहीं है कि उस एजेंसी को काम सौंपा जा सके। बावजूद इसके क्रय समिति अगर यह निर्णय लेती है तो इसे लेकर एक नया विवाद खड़ा हो सकता है।

### प्रबंधन का बच निकलना मुश्किल

इस बैठक के दौरान बीते 15 नवंबर को हुई खैरागढ़ निवासी 55 वर्षीय कोरोना संक्रमित व्यक्ति की मौत के मामले में ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी को घोर लापरवाही का दोषी ठहराया गया है। यह बैठक शनिवार को दोपहर 12 बजे शुरु हुई जिसमें सप्लाई एजेंसी के संचालक ने अपना पक्ष रखा। दरअसलए ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी पर आरोप है कि उसने घटना के दिन और इससे पहले पर्याप्त ऑक्सीजन की सप्लाई कोविड अस्पताल में नहीं की। ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी मेसर्स रामा गैसेस के लपेटे में आने के बावजूद अब भी मेडिकल अस्पताल प्रबंधन के बच निकलने की संभावनाएं कम हैं। पहले ही स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव मौत के लिए प्रबंधन को जिम्मेदार बताते हुए कड़ी जांच और कार्रवाई की बात कह चुके हैं।

प्रबंधन पर भी कई तरह के आरोप है। 15 नवंबर को हुई मौत के लिए अव्यवस्थित और लापरवाह प्रबंधन को भी दोषी ठहराया जा रहा है जिसकी कमान अधीक्षक प्रदीप बेक के हाथ में है। इसके अलावा ड्यूटी डॉक्टर और मेडिकल स्टॉफ की भूमिका को लेकर भी कई तरह के सवाल है जिसे लेकर स्वास्थ्य महकमा जांच कर रहा है। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति भी इस मामले की जांच कर रही है। इन जांच के निष्कर्ष के साथ ही मेडिकल कॉलेज में बड़े फेरबदल की संभावनाएं हैं।

### विवादों कें केंद्र में अधीक्षक

संयुक्त संचालक व अधीक्षक प्रदीप बेक इस पूरे मामले को लेकर विवादों के केंद्र में हैं। एक अहम पक्ष है कि दीवाली के मौके पर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था चरमराई हुई रही। यहां चिकित्सक उपलब्ध नहीं रहे और न ही चिकित्सकीय व्यवस्था का प्रबंधन ही सही रहा। इन सभी खामियों के लिए अधीक्षक बेक जिम्?मेदार हैं। मेडिकल कॉलेज की मॉनिटरिंग सहीं न होने के चलते एक व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी। इस गंभीर मसले को लेकर उन पर तलवार लटक रही है। संभव है कि जल्द ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी हो।

# पाटेश्वरधाम में निर्माण को कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया अनुचित

■ धान खरीदी के सवाल पर मरकाम ने केंद्र को घेरा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पाटेश्वर धाम में निर्मित भवन को लेकर चल रहे गतिरोध को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बड़ा बयान दिया है। शनिवार को जिले के प्रवास पर रहे मरकाम ने कांग्रेस भवन में मीडिया से चर्चा करते हुए पाटेश्वर धाम में निर्मित भवन को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि वन अमला अपना कार्य कर रहा है और वह स्थान रिजर्व फॉरेस्ट का हिस्सा है जहां निर्माण गलत है।

गौरतलब है पाटेश्वरधाम को वन विभाग से मिली नोटिस को एक पक्ष हिंदुओं की आस्था पर चोट मान रहा है। इसे लेकर हालही में राजनांदगां में सरकार और वनमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन भी किया गया है। इसी बीच प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के बयान ने साफ जाहिर कर दिया है कि पाटेश्वरधाम को किसी तरह की राहत नहीं मिलने वाली है। सरकार और कांग्रेस के इस रुख को लेकर आगे बवाल खड़ा हो सकता है।

**केंद्र को निशाने पर लिया :** धान खरीदी में लेट.लतीफी को लेकर कांग्रेस सरकार निशाने पर रही है। इस मसले पर अध्यक्ष मरकाम ने कहा कि भाजपा किस मुंह से आरोप लगा रही है। सीमित संसाधन के बावजूद प्रदेश की भूपेश सरकार 90 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा धान खरीदी में विलंब करने का आरोप लगाकर राजनीति कर रही है। जबकि 15 साल तक कभी भी भाजपा सरकार ने किसानों की उपज 75 लाख मीट्रिक टन से अधिक नहीं खरीदी। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने पिछले साल 83 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी की थी। उन्होंने कहा कि किसानों का एक.एक दाना सरकार खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कोर्ट के फैसले पर खुश :** शनिवार शनिवार को राजनांदगांव जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मरकाम सांकरदाहरा में दीपावली मिलन समारोह के लिए रवाना हुए। इस दौरान अल?पसमय के लिए राजनांदगांव में ठहराव के दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सीबीआई से संबंधित निर्णय पर भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सीबीआई को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शुरू से प्रदेश सरकार सीबीआई के दाखिले को लेकर विरोध करती रही है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। जिसमें कहा गया है कि बिना इजाजत के सीबीआई किसी भी राज्य में दाखिल नहीं हो सकती।

# निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम हुए नाराज, प्रबंधन को चेताया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नागपुर रेल्वे के डीआरएम मनिंदर उत्पल ने शनिवार को राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने यहां निरीक्षक करते हुए बिजली व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है। इसके अलावा प्लेटफ ार्म में टूटी कुर्सियों और दूसरी अव्यवस्थाओं को लेकर भी वे नाराज दिखे। इस अव्यवस्था को लेकर उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी भी दे डाली।

बताया जाता है कि विशेष सेलून से सीधे राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन का रूख किया। करीब घंटेभर उन्होंने प्लेटफार्म में घूमकर निर्माण कार्यों की जानकारी ली। बाद में उन्होंने स्टेशन के बाहरी हिस्सों का भी अवलोकन किया। बताया जाता है कि उन्होंने विशेष रूप से तकनीकी कार्यों को तय समय पर पूरा करने पर जोर दिया। स्थानीय रेल्वे अफसरों को कुछ कार्यों को लेकर उन्होंने जानकारी ली। बाद में वह बांकल और डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन का मुआयना करने के लिए पहुंचे। इससे पहले डीआरएम के दौरे के मद्देनजर स्टेशन के अंदरूनी और बाहरी व्यवस्था को प्रबंधन ने बेहतर बनाने का काम किया। डीआरएम के प्रवास के चलते स्थानीय रेल्वे अधिकारी काफी अलर्ट रहे।

# पंचायत मंत्री को सचिव संघ ने कराया ध्यानाकर्षण



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने प्रदेश के पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव से औपचारिक मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्षए प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष राजनांदगांव रामदुलार साहू के मार्गदर्शन में प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की है। विभागीय मंत्री को सचिवों की पुर्व मांगों सहित सचिवों के शासकीयकरण व करारोपण संबंधी मांगों को ध्यानाकर्षण कराया है।

दरअसल प्रदेश पंचायत सचिव संघ राज्य सरकार से अपने हितों को लेकर सदैव मांग करता रहा है। प्रदेशभर के सचिवों के हितों की रक्षा से जुड़ी मांगों पर आज पर्यन्त राज्य शासन की ओर से सिर्फ हामी भरने की औपचारिकता की जा रही है। संघ की आखिरी उम्मीद स्वयं पंचायत मंत्री माने जा रहे हैं। संघ की मांगों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री सिंहदेव ने वित्तीयभार की जानकारी लेते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार करने भरोसा दिलाया है। उक्त प्रतिनिधि मंडल में प्रदेशाध्यक्ष तुलसी साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष रामदुलार साहू राजनांदगांव, कांति साहूए भागवत साहू महासचिव, नीलेश सिंह सहसचिव लकेश यादव सचिव, नारायण साहू व हेमन्त साहू शामिल थे।

# नक्सलगढ़ में खनन कंपनी की खिलाफत, स्थानीय लोगों को काम देने की मांग

## परिवहन संघ, मजदूर कांग्रेस व डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी ने की क्षेत्रीय लोगों को परिवहन व अन्य काम मे प्राथमिकता देने की मांग

■ वाहनों को खदान के सामने खड़ी कर यहीं डेरा डाला क्षेत्रवासियों ने

पायनियर संवाददाता ◄ मानपुर
www.dailypioneer.com

राजनंदगांव जिले के धुर नक्सल प्रभावित मानपुर इलाके खड़गाव थानाक्षेत्र अंतर्गत संचालित शारडा एनर्जी एन्ड मिनरल कंपनी लिमिटेड के पल्लेमाड़ी डोंगरबोर लौह अयस्क खदान प्रबंधन की खिलाफत करते हुए क्षेत्रीय परिवहन संघए मजदूर कांग्रेस व फारवर्ड डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी समेत क्षेत्रवासियों ने माल लोडिंग समेत अन्य कामो में क्षेत्रीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग छेड़ दी है। अपनी मांगों को बुलंद करते हुए क्षेत्र के वाहन मालिकों व ग्रामीण मजदूरों ने वाहनों को खदान के मुख्य द्वार के सामने खड़ी कर खदान के सामने ही डेरा डाल दिया है।



### कंपनी ने विकास के नाम पर लाया नक्सलवाद

बिते 5 दिनों से कंपनी प्रबंधन व क्षेत्रवासियों के बीच विरोधाभास जारी है। इस बीच क्षेत्रीय एसडीएम ने कंपनी प्रबंधन व क्षेत्रवासियों के बीच खड़गाव थाने में बैठक आयोजित कर सुलह की कोशिश की मगर ये बैठक बेनतीजा रही। लिहाजा क्षेत्रवासी अपने वाहनों को प्राथमिक तौर लोडिंग मिलने के इन्तिजार में वाहनों समेत रात.दिन माइंस के सामने ही जमे हुए हैं। मजदूर कांग्रेस ने कंपनी द्वारा परिवहन को लेकर किये गए पुराने करारनामे को भी फर्जी बताते हुए इसे न्यायालय में चुनौती देने की बात कही है वहीं लेबर पार्टी ने भी यहाँ मौजूद पल्लेमा?ी समेत यहाँ मौजूद एक अन्य खदान गोदावरी माइंस पर निशाना साधते हुए कंपनियों की स्थापना को क्षेत्रीय विकास का नहीं बल्कि क्षेत्र में नक्सलवाद का जनक करार दिया है। पार्टी अध्यक्ष महेंद्र साहू ने कहा कि इन कंपनि ने यहां विकास के नाम पे सबसे पहले यहाँ नक्सलवाद लाई। हमारे लोगों को नक्सली बता नक्सलवादी बताकर अंदर किया गया। जो कि बाद में बाइज्जत बरी हुए। केवल जेल में उनकी उम्र खराब हुई।

पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि खदान से प्रभावित ग्रामों के लोगों को परिवहन का कार्य मिलना चाहिए। उसके लिए खदान खदान प्रबंधन स्?थानीय समिति परिवहन संघ के मध्य पुनः इकरारनामा राजपत्रित अधिकारी के समक्ष किया जाएगा।

**-नवल सिंह मंडावी**, अध्यक्ष, मोहला.मानपुर परिवहन संघ

सारडा एनर्जी द्वारा संचालित डोंगरबोर खदान में परिवहन कार्य का इकरारनाम अविधिक है। जब तक प्रबंधन डिस्पैच नहीं देगा तब तक स्थानीय परिवहन संघ के सभी वाहन मालिक अपनी.अपनी गाड़ी को लेकर माईंस गेट के सामने डिस्पैच का इंतजार करते रहेंगे।

**-बालंचद कौरेटी**, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस

5वीं अनुसूचित क्षेत्र में खदानों का संचालन नियम संगत तरीके से नहीं हो रहा है। गोदावरी इस्पात ने लगभग सात सौ मजदूरों को 6 माह से वेतन नहीं दिया है। एक माह के भीतर भुगतान न होने पर ग्रामसभा के माध्यम से लीज निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**-महेंद्र साहूए प्रदेश अध्यक्ष**
फॉरवर्ड डेमाक्रेटिक लेबर पार्टी छत्तीसगढ़

## खरीफ सीजन में भी नहीं मिल पाया उन्नत बीज, कोरोना का बहाना, कृषि विभाग के चक्कर लगा रहे किसान


# चना और गेहूं के उन्नत बीज के लिए भटक रहे अन्नदाता बोनी का समय करीब

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेहनतकश किसानों की पसीने से सिंचित और अन्नदाताओं की जी तोड़ मेहनत से समृद्ध खुशहाल सूबे में किसानों को हरकदम प्रशासनिक नुमाइंदों के छल का शिकार होना पड़ रहा है। सरकार के तमाम फैसले किसानों के हक में लेने का दावा केवल कागजी और हवा हवाई नजर आने लगा है। महंगे दामों पर खादए उर्वरक कीटनाशक के अलावा बेहतर उत्पादन की आस में उन्नत किस्म के बीजों के लिए खरीफ सीजन में भी लघु और सीमांत कृषकों को धानए सोयाबीनए अरहर आदि फसलों के लिए शासन की किसी भी योजना में कृषि विभाग से कोई लाभ नहीं मिलने के चलते बाजार से उन्नत किस्म के बीज के लिए महंगे दामों पर खरीदने की मजबूरी के कारण कर्ज तले दबे किसानों को अभी तक कर्ज के बोझ से मुक्ति नहीं मिल पायी है।

खरीफ सीजन में कोरोना का कारण बताकर कृषि विभाग की ओर से उन्नत खेती के तहत ष्प्रदर्शन योजनाष् के तहत सब्सिडी में मिलने वाली किसी भी फसल का बीज नही मिल पाया। मजबूरन हाइब्रिड और अन्य उन्नत किस्म के बीज बाजार से महंगे दामों में खरीदना पड़ा। इससे किसानों के सिर भारी कर्ज का बोझ अब तक उठाना मजबूरी बनी हुई है। अब जबकि क्षेत्र के अधिकांश किसानों का फसल पककर तैयार भी हो गया है लेकिन 1 दिसम्बर से धान खरीदी के शासन के निर्णय के कारण दीवाली जैसे त्यौहार में मेहनतकश किसानों की दीवाली भी फीकी रही है।

यही नहीं धान के बाद रबी फ सलों में चना और गेंहू की बोनी को



लेकर भी राहत की उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है। फ सल की सरकारी खरीदी के अभाव में खाली हाथ किसानों को उन्नत किस्म के बीज के लिए एक बार फि र महंगे दामों में बाजार की ओर रुख करना मजबूरी है। चूंकि कृषि विभाग की ओर से उन्नत खेती को प्रोत्साहित करने के लिए उन्नत किस्म के चना गेहूं का बीज ष्प्रदर्शन योजनाष् समेत कई योजनाओं के तहत बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर सब्सिडी में हर साल उपलब्ध कराया जा रहा था इसी आस में बोनी का समय करीब होने के बाद भी आज तक बीज उपलब्ध नहीं हो पाना अन्नदाताओं को महंगाई की मार भारी पड़ सकता है।

### अब भी गोदाम में डंप

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार राजनांदगांव विकासखंड के लिए तकरीबन 250 हेक्टेयर के लिए उन्नत चना बीज कृषि विभाग के गोदामों में डम्प पड़ा हुआ है और गेंहू बीज भी अफसरशाही के चक्कर में राजधानी से जिला मुख्यालय के बीच उलझा हुआ है। क्षेत्र के परेशान किसान उन्नत बीज की आस में कृषि विभाग के चक्कर काट रहे हैं। जबकि किसानों की मजबूरी का फायदा उठाने बीज व्यापारी और दलाल किसानों को ठगने गांव.गांव एजेंटों के माध्यम से घूम रहे हैं। कृषि विभाग के चक्कर लगाते किसानों को अब तक विभाग से राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही है।

### दो दिनों में ही दो सौ बोरी का उठाव

जानकार सूत्रों के अनुसार अभी तक विभाग के योजनाओं के तहत घुमका क्षेत्र के किसी भी क्लस्टर में बीज वितरण नहीं किया गया है। विभाग के जिला स्तर के आला अधिकारियों को इस सम्बंध में शिकायत करने पर कोई ठोस जवाब देने के बजाय क्षेत्र के समितियों से बीज खरीदने की सलाह देते हुए पर्याप्त भंडारण का दावा कर रहे हैं। जबकि वास्तविकता ये है कि जिले की सबसे बड़ी सोसायटी कृषक सेवा सहकारी समिति घुमका में ही चना और गेहूं के बीज के लिए ज्यादातर किसान भटक रहे हैं। जानकारी के अनुसार घुमका सोसायटी में गेंहू बीज अब तक मात्र 200 बोरी का भंडारण किया गया था जो मुश्किल से दो दिनों में ही उठाव हो गया। जबकि गेहूँ बोनी का रकबा अकेले घुमका में ही तकरीबन में 400 एकड़ बताया जा रहा है और भंडारित बीज काफी कम है। जबकि इस समिति से 46 गांव के किसानों को आपूर्ति किया जाना है। कमोबेश यही स्थिति चना बीज को लेकर भी बताया जा रहा है। लगातार अकालए सूखा और बीमा के लाभ से वंचित कर्ज तले दबे अन्नदाताओं को राहत की कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

### राजेश खांडेकर सलाहकार समिति के सदस्य बने

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश खांडेकर को मंडल रेल उपभोगकर्ता सलाहकार समिति में सदस्य नामांकित किया गया है। राजेश खांडेकर को महाप्रबंधक बिलासपुर द्वारा नागपुर मंडल पर गठित मंडल रेल उपभोगकर्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। राजेश खाण्डेकर पेशे से अधिवक्त ा हैएऔर शुरू से ही सामाजिक कार्य में अग्रणी रहे हैं। सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दी हैं। इनमें प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, सन्तोष अग्रवाल, सचिन बघेल,राजेंद्र गोलछा, सुरेश भीमनानी,विष्णु सावए नन्दू साहू, अमर ललवानी आदि शामिल है। राजेश खाण्डेकर अपनी इस नियुक्ति का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंहए सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव को देते हुए कहा कि वे अपने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन पर चलते हुए बिलासपुर मंडल के अंतिम रेलवे स्टेशन के रूप में राजनांदगांव की रेलवे समस्याओं का त्वरित समाधान करेंगे।

## क्विक न्यूज

### अभाविप पथरिया ने मनाया रानी लक्ष्मी बाई जयंती

मुंगेली (पथरिया)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पथरिया द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई जी की जयंती को सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया में नारी शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई जी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर संगोष्ठी कार्यक्रम किया गया जिसमें झांसी की रानी झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को देश के द्वितीय विरांगना के रूप में जाना जाता है जो हमारे बहनों के लिए प्रेरणास्रोत बन गयी है झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की तरह ही हमारी बहनों को आज समाज मे जो असामाजिक तत्व विधमान है उनसे लोहा लेने की आवश्यकता है जिससे अपनी आत्मा रक्षा कर सके रानी लक्ष्मी बाई कम उम्र में ही इतनी साहसी और निडर थी ठीक उसी प्रकार आज के छात्राओं को बनने की आवश्यकता है आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिलासपुर विभाग सयोंजक योगानंद साहू और प्रदेश कार्य कारणी सदस्य नगर मंत्री गुलेश्वर साहू प्रभा, मधुलिका यादव, दीपंजली साहू, भगवती बंजारे ,चमन वर्मा, योगेन्द्र ,रूपेश,नीलकांत,सूरज, चंद्रमोहन विश्वकर्मा, समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाया।

# बारिश और तेज हवाओं के चलते सुगंधित धान की खेती पर खतरा मंडराने लगा

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मौसम खुल जाने से सरगुजा अंचल के किसानों को राहत मिली है। पिछले तीन दिनों से बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। सुगंधित धान की खेती पर खतरा मंडराने लगा था। बारिश और तेज हवाओं के चलने से पक चुकी सुगंधित धान की बालियां खेतों में सो गई थी। बारिश- बदली के कारण कटाई भी संभव नहीं थी। किसानों को बड़े नुकसान की आशंका सता रही थी, लेकिन शनिवार सुबह से मौसम खुल जाने से किसान एक बार फिर से खेत और खलिहान में सक्रिय हो गए हैं।

सरगुजा अंचल में कम अवधि में पकने वाली धान की खेती बड़े रकबे में की जाती है। व्यवसायिक दृष्टिकोण से मोटे धान की खेती की जाती है, ताकि समर्थन मूल्य पर धान बेचा जा सके। बहुसंख्यक किसान ऐसे भी होते हैं जिनके पास पर्याप्त जमीन है। वे स्वयं के उपयोग के लिए सुगंधित धान की खेती भी करते हैं। धान से बनने वाले चावल का उपयोग वे वर्ष भर करते हैं। कम अवधि में पकने वाली धान की फसल तैयार हो चुकी है। ऐसे किसान कम ही हैं, जिन्होंने हाइब्रिड धान की पक चुकी फसल को नहीं काटा हो। धान की कटाई के साथ मिसाई का काम भी किसानों ने कर लिया था। कुछ किसान ऐसे भी थे, जिन्होंने हाइब्रिड धान की कटाई के बाद खलिहान में उसे रखा था, ताकि उसकी मिसाई की जा सके।

मगर, बारिश से यह धान भीग चुका है। ऐसे किसानों को नुकसान भी उठाना पड़ा है। भीग चुके धान की मिसाई के बावजूद उसकी गुणवत्ता में खराबी आ सकती है। वे किसान ज्यादा परेशान थे, जिन्होंने सुगंधित धान की खेती की है। ऐसे किसानों को चिंता सता रही थी कि यदि मौसम नहीं खुला, तो सुगंधित धान की फसल बर्बाद हो जाएगी क्योंकि धान पक चुका है और उसकी कटाई कर जल्दी से मिसाई कराना जरूरी था। बारिश और हवाएं चलने से पक चुकी सुगंधित धान खेतों में ही सो गई थी। यदि एक-दो दिन और मौसम नहीं खुलता, तो नुकसान तय था, लेकिन शनिवार सुबह से मौसम खुल जाने से किसान खेतों में सक्रिय हो गए हैं। अब किसान सुगंधित धान की कटाई की तैयारी में लग गए हैं, ताकि जल्दी से जल्दी उसकी मिसाई पूरी करा ली जाए।

सब्जी वर्गीय फसलों के लिए भी लगातार बारिश को ठीक नहीं माना जा रहा था। बारिश के कारण सब्जियों के खेतों में पानी भर जाने से नुकसान आशंकित था। आलू की खेतों में पानी भरने से कंद के सड़ने का भी खतरा रहता है। बादल के कारण कीटों की आशंका रहती है, लेकिन अब परिस्थिति मौसम खुलने के साथ ही बेहतर होती नजर आ रही है।

### रात से ही चारों ओर छाने लगा था धुंध

शुक्रवार शाम को भी अंबिकापुर शहर सहित आस-पास के इलाके में बारिश हुई थी। शाम को मौसम खुल चुका था लेकिन अंबिकापुर शहर सहित आस-पास के इलाके में गहरी धुंध छाने लगी थी। शहर से लगे ग्रामीण इलाकों में दृश्यता भी कम हो गई थी। शहर में भी सड़क बत्ती में लगे एलईडी के प्रज्वलित होने के बावजूद ज्यादा दूरी तक सड़के नजर नहीं आ रही थी। शहर में सुबह भी धुंध छाई हुई थी। धीरे-धीरे धीरे धुंध छटनी शुरू हुई और हल्की धूप निकलनी शुरू हुई।

# पढ़ई तुहर दुआर योजना के अंतर्गत शिक्षा की अविरल धारा होता रहा प्रवाहित

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कोविड-19 घातक महामारी की भयावह परिस्थितियों के बीच कलेक्टर पी.एस. एल्मा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी.भरतद्वाज जिला मशन समन्वयक व्ही. पी.सिंह जिला नोडल अधिकारी पी.सी. दिव्य जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह क्षत्रिय तथा जिले के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से जिले में शिक्षा की अविरल धारा लगातार प्रवाहित हो रही है।

कोविड-19 के इस संक्रमण काल के बीच सरकार की महत्वकांक्षी योजना पढ़ई तुंहर दुआर को साकार करने जिले में विभिन्न कार्यक्रम योजनाबद्ध संचालित किये जा रहे है जैसे, मोहल्ला क्लास, लाउडस्पीकर, आगमेंटेड रिएलिटी क्लास, बुलटू के बोल और बहेबीववस्पपद पर ऑनलाइन कक्षाये लगातार संचालित हो रही है। इन ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लास के माध्यम से सभी बच्चों को शिक्षा पढ़ने का अवसर मिल सके। इस मूल उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लगातार प्रयास जारी है। इस बीच प्रदेश के मुख्य शिक्षा सचिव आलोक शुक्ला का जिले में आगमन हुआ उन्होने जिले में चल रही मोहल्ला कक्षाओं का निरीक्षण भी किया और शिक्षको के मेहनत और लगनशीलता से बेहद प्रभावित भी हुए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों को आगे भी इसी प्रकार अच्छे कार्य करते रहने हेतु प्रोत्साहित भी किया। इस कोरोना काल में जिले के कई शिक्षकों और शिक्षा सारथी ने प्रदेश स्तर पर बहेबीववस्पपद वेबपोर्टल के हमारे नायक पेज में स्थान प्राप्त करने में सफ्फल हुए है। इनमें से व्याख्याता रसायन श्रृष्टि शर्मा, व्याख्याता कॉमर्स प्रतीक्षा वैष्णव, शिक्षा सारथी कु. रानू क्षत्रिय, सहायक शिक्षक सुधा रानी शर्मा, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पथरिया, रामजी पाल और व्याख्याता लीलाधर साहू ने जिले को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है।

# प्रेमिका की पिटाई, महिला रेलवे कर्मचारी से प्रेमी ने 12 लाख रुपए उधार लिए जब प्रेमिका ने वापस मांगे तो डंडे और लात-घूंसों से पीटा

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दो प्रेम करने वालों के बीच रुपए ज्यादा भारी पड़ गए। प्रेमी ने उधार ली हुई रकम वापस मांगने पर महिला रेलवे कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। उसे लात-घूंसों और डंडे से पीटा।तारबहार क्षेत्र की घटना, लोन और उधारी चुकाने के नाम पर आरोपी ने लिए थे रुपए । युवती ने किश्तों में रकम लौटाने के लिए कहा, तो उसे पैसों का लालची बताया छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में प्रेमिका ने उधार दी हुई रकम की मांग की तो प्रेमी ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसे लात-घूंसों और डंडे से पीटा। इसके बाद प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को ही पैसों का लालची बता दिया। प्रेमी ने लोन और उधार के नाम पर युवती से 12 लाख रुपए लिए थे। मामला तारबहार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कंस्ट्रक्शन कॉलोनी निवासी युवती ऑफिस में क्लर्क पद पर कार्यरत है। उसका लवा किशन महंती के साथ प्रेम संबंध था। लवा ने लोन के नाम पर दो बार में 6.75 लाख और 1.75 लाख रुपए लिए।

### पिटाई के बाद प्रेमिका रोने लगी तो दोबारा पीटा

युवती ने 12 नवंबर को लवा से रुपए मांगे। आरोप है कि इसके बाद लवा भड़क गया और कहा कि मुझसे बार-बार पैसे मांगती है, यह कहने के बाद उसने लात-घूंसों और डंडे से अपनी प्रेमिका की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान वो युवती को गालियां भी देता रहा। युवती का आरोप है कि लवा ने उसे जमीन पर पटक कर गला भी दबाया। किसी तरह से उसने अपनी जान बचाई। युवती का आरोप है कि 17 नवंबर की शाम करीब 7 बजे वह ऑफिस से लौटी तो लवा घर के गेट पर ही खड़ा था। सहेली की सलाह पर सुबह से तीन दिन बाद दर्ज कराई एफआईआर आरोप है कि प्रेमी युवती का हाथ पकड़कर उसे घसीटता हुआ कमरे में ले गया और मारपीट करते हुए उसके सिर को बार-बार बेड पर पटका। युवती रोने लगी तो प्रेमी ने कहा कि मोहल्ले में सबको मालूम करा दिया कि मैंने रुपए लिए हैं। फिर दोबारा उसने युवती की बुरी तरीके से पिटाई की। घटना के बाद युवती डरकर चुप हो गई। फिर उसने अपनी सहेली को घटना के बारे में बताया तो उसने पुलिस के पास जाने की सलाह दी।

# विस्फोट से दहल जाता है गांव, न्याय के लिए ग्रामीणों ने हाई कोर्ट में लगाई है याचिका

**विस्फोट से दहल जाता है गांव, न्याय के लिए ग्रामीणों ने हाई कोर्ट में लगाई है याचिका**

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में खैरखूंडी के पास अवैध पत्थर उत्खनन करने व विस्फोट करने को लेकर ग्रामीणों ने न्याय के लिए हाई कोर्ट की शरण ली है। इस मामले में कोर्ट ने राज्य शासन व मेसर्स बिलासपुर पतरापाली प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

रतनपुर क्षेत्र के ग्राम खैरखूंडी निवासी अजय कुमार भारद्वाज व छह अन्य ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें बताया गया है कि बिलासपुर-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में निर्माण कार्य चल रहा है। रोड निर्माण के लिए मेसर्स बिलासपुर पतरापाली प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने खैरखूंडी में दो साल के लिए लीज पर निम्न श्रेणी चूना पत्थर तोड़ने की अनुमति ली गई है। लेकिन, इसकी आड़ में डोलोमाइट लगाकर पत्थरों को तोड़ा जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि चूना पत्थर की खुदाई की आड़ में दूसरे किस्म के पत्थरों का उत्खनन हो रहा है और इसके लिए बिना अनुमति के विस्फोट की जा रही है। यहां होने वाले विस्फोट से गांव दहल जाता है। इसके चलते कई ग्रामीणों के मकानों में दरारें आ गई है। वहीं विस्फोट से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और मवेशियों को भी नुकसान हो रहा है।

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया है कि इस मामले की शिकायत खनिज विभाग, जिला प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्हें कोर्ट की शरण में आना पड़ा है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला दिया गया है।

# नवमी-दसवीं के परीक्षार्थियों के लिए विज्ञान पहेली प्रतियोगिता 14 दिसम्बर से

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्रदेश भर के मान्यता प्राप्त बोर्ड के कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान पहेली प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है, जो कि ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 14 दिसंबर से प्रारंभ होकर अंतिम 11 अप्रैल 2021 तक समस्त राज्य स्तर की परीक्षाएं संपन्न होगी, उक्ताशय की जानकारी शैक्षणिक जिले शक्ति की जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी ने देते हुए बताया कि उपरोक्त प्रतियोगिता तीन स्तर पर संपन्न होगी जिला स्तरीय, जोन स्तरीय, एवं राज्य स्तरीय, तथा परीक्षा के संबंध में विस्तार पूर्वक मार्गदर्शिका जारी की जा रही है, जिसका अवलोकन कर छात्र, छात्राएं इस विज्ञान पहेली प्रतियोगिता में शामिल हो सकते है, जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति ने समस्त जिले के छात्र छात्राओं को इस प्रतियोगिता में शामिल होने का आग्रह किया है।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम ने ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जेएईएस मोबाइल मेडिकल की टीम गांव में जाकर ग्रामीण जनों के लिए हेल्थ कैम्प लगाकर इलाज कर उन्हें निशुल्क दवाई का वितरण कर रही है। इसी क्रम में मोबाइल मेडिकल की टीम द्वारा शनिवार को माराडबरी में 42 और शुक्रवार को त्रिभुवनपुर में कैम्प लगाकर 41लोगों का इलाज कर उन्हें निशुल्क दवाई का वितरण किया गया।

शनिवार को मोबाइल मेडिकल की टीम जैसे ही मारा डबरी पहुंची, ग्रामीण हर्ष पूर्वक अपना स्वास्थ्य जांच कराने कैम्प पहुंचने लगे। इस दौरान 37 मरीजों की पहचान कर उनका इलाज करते हुए उन्हें दवाई दी गई। इस दौरान मलेरिया के 2, बुखार के 4, बॉडी पेन 11, सर्दी- खांसी के 3, कमजोरी के 2, स्किन समस्या के 6 गैस्टिक समस्या 3, आंख और कान सम्बंधित 1 कटे- फटे घाव के 3 क्रीमी के 7 मरीजों की पहचान की गई। और इनका इलाज कर सभी को निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। आपको बताते चलें कि एमएमयू की टीम द्वारा क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार गांव - गांव जाकर लोगों का निरंतर उपचार किया जा रहा है। इस दौरान डॉक्टर, फर्मासिस्ट, एएनएम, लैब टेक्नीशियन और पायलट की उपस्थित रही।

# जिले में अधिक से अधिक कोविड सैम्पल कलेक्ट करें : महाजन

**जिला सर्विलेंस अधिकारी ,आईडीएसपी समस्त जिला नोडल अधिकारी एवं सलाहकार की ली बैठक**

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रमोद महाजन ने आज जिले के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी और विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों की कोविड स्थिति को नियंत्रण बनाये रखने समीक्षा बैठक ली , इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक कोरोना जांच सैम्पल लेने का निर्देश दिया।

प्रदेश में कोरोना का कहर अभी कम नही हुआ है ऐसे परिस्थिति में कोरोना को बढ़ने से रोकने जिले की स्वास्थ्य अमला कमर कस कर तैयार है ।बिलासपुर जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी ज्यादा लगा हुआ है । नतीजा कोरोना का प्रभाव बना हुआ है । वही दूसरी ओर शीत ऋतु मौसम शुरू होते ही सर्दी जुकाम लक्षण वाले मरीजों का मिलना लाजमी है।


ऐसे में कोरोना को नियंत्रण कर पाना स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के लिए चुनौती है सीएमओ डॉ. प्रमोद महाजन ने अपने कार्यालय में जिला सर्विलेंस अधिकारी,आईडीएसपी समस्त जिला नोडल अधिकारी एवं सलाहकार की बैठक ली । बैठक में उन्होंने समस्त विकासखंड अधिकारियों को अधिक से अधिक कोविड सैंपल लिए जाने तथा कार्य योजना बनाकर जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिये।

इस दौरान जिले व जिले की सीमाओं में बाहर से आने वाले व्यक्तियों की पप्राथमिकता पूर्वक जांच करने के साथ स्वस्थ अमले को पूर्ण सतर्क रहने के निर्देश के साथ ही कोविड में अप्रोप्रिवेट बिहेवियर के संबंद में लोगो से चर्चा की बात कही ।

# गोधन न्याय योजना बन रही है अतिरिक्त आमदनी का जरिया

**कृषकों को 10 क्विंटल जैविक खाद आठ रूपए प्रति किलो की दर से बेचा गया**

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले में गोधन न्याय योजना महिला समूहों की अतिरिक्त आमदनी का जरिया बन रही है। जिले के बलोदा विकास खंड के ग्राम औराईकला के मां वैष्णो देवी महिला स्व-सहायता समूह ने गोबर से जैविक खाद तैयार किया और इसे बेचकर आठ हजार रुपये की आय अर्जित की।

जिले में संचालित विभिन्न गौठानों को सरकार की मंशानुसार आजीविका केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी क्रे में बलोदा ब्लाक के ग्राम औराईकला के गौठान से आज कृषकों को 10 क्विंटल जैविक खाद बेचा गया। गौठान से जु? मां वैष्णो देवी महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों में उत्साह का माहौल है।

उपसंचालक कृषि एमआर तिग्गा ने बताया कि महिला स्व सहायता समूह के द्वारा तैयार किए गए जैविक खाद को प्रयोगशाला में विश्लेषण के लिए भेजा गया था। जांच में इसे मानक स्तर का पाया गया। इसे आकर्षक पैकेजिंग कर विक्रय के लिए सहकारी सोसायटी में उपलब्ध कराया गया है। आज कृषकों को 10 क्विंटल जैविक खाद आठ रूपए प्रति किलो की दर से बेचा गया। उन्होंने बताया कि यह मानक और गुणवत्ता पूर्ण खाद औरईकला की महिला समूह द्वारा निर्मित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना का उद्देश्य पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ-साथ कृषि लागत को कम करना और भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाना है। इस योजना से पर्यावरण में सुधार के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आएगा। गोधन न्याय योजना से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

**ट्रेन में पीओएस मशीन लेकर चलेंगे टीटीई**

# अब जुर्माना या सामान बुकिंग डेबिट और क्रेडिट कार्ड से करे

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रेल मंडल के टीटीई अब पीओएस मशीन के साथ ट्रेन में नजर आएंगे। रेल प्रशासन ने यह व्यवस्था यात्रियों की सुविधा के लिए की है। पीओएस मशीन के जरिए बेटिकट और बिना बुक किए सामान के साथ चलने वाले यात्री डेबिट व क्रेडिट कार्ड से जुर्माना की राशि का भुगतान कर सकेंगे। मंडल को 200 मशीनें मिली हैं, जिन्हें टीटीई को बांटा जा रहा है।

रेलवे कैशलेस को बढ़ावा दे रही है। इस परिस्थिति में यह व्यवस्था यात्रियों के लिए सुविधाजनक है। प्रायः ऐसा होता है कि हड़बड़ी में आरक्षित कोच में बैठ जाता है। उस स्थिति में यदि टीटीई पहुंच गया तो जुर्माना कर देते है। पर यदि यात्री के पास नकद राशि नहीं है तो उसे बीच रास्ते में ही उतार दिया जाता है। यह उन यात्रियों के लिए सार्थक सुविधा होगी जो सफर के दौरान जनरल से स्लीपर या स्लीपर से एसी कोच में यात्रा करना चाहते हैं। इसके लिए अतिरिक्त किराया भी देना चाहते हैं।

लेकिन नकद नहीं होने पर उन्हें परेशानी होती है । पीओएस मशीन के जरिए टिकट जांच कर्मचारी यात्री से नियमानुसार जुर्माने की राशि लेंगे। जमा की गई नगद राशि का पर्चा पीओएस मशीन से निकालकर टिकट जांच कर्मी यात्री को देंगे।

### नहीं कर सकेंगे गड़बड़ी

रेलवे की इस व्यवस्था से टीटीई भी गडबडी नहीं कर सकेंगे। क्योंकि यात्रियों द्वारा जुमीने या अतिरिक्त किराया के रूप में जमा की गई राशि टीटीई की जेब में न जाकर सीधे रेलवे के खाते में जमा हो जाएगा। प्रशासन का यह भी मानना है कि लोग अब कैशलेस लेनदेन पर ज्यादा रूचि ले रहे हैं। ट्रेन में भी इसी तरह की व्यवस्था करने की मांग की जा रही थी। जो अब जाकर पूरी हुई है।

### पेंट्रीकार में पहले हो चुकी है व्यवस्था

आइआरसीटीसी ने पेंट्रीकार में यह व्यवस्था बहुत पहले कर दी है। सभी ट्रेनों की पेंट्रीकार में कम से कम आठ स्वाइप मशीन होना अनिवार्य किया गया है। यात्री भी नकद न देकर कार्ड से भुगतान करते हैं। इसका एक बडा फायदा यह है कि ओवरचार्जिंग की शिकायत पर काफी हद तक लगाम लगी है। एक नियम बिल देने का भी है। यदि बिल नहीं देते हैं और शिकायत होती है तो संबंधित यात्री को पेंट्रीकार से मुफ्त में खाना या नाश्ता देने का प्रावधान है।

### क्या कहा अधिकारी ने

बिलासपुर रेल मंडल को पीओएस मशीन मिली है। जिसे टीटीइ को बांटने का काम शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में टीटीइ के एक रूप में एक मशीन दी जा रही है। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे उपलब्धता होती जाएगी। सभी को टीटीइ को अलग- अलग पीओएस मशीन दी जाएगी।

# घर के दरवाजे की कुंडी तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नगदी सहित 5 लाख की चोरी, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर शहर की कोतवाली पुलिस को अपनी सक्रियता से एक ऐसे चोर को धर दबोचने में सफलता हासिल हुई है, जिसने टिकरापारा के एक घर से पांच लाख रुपए की चोरी की थी। इस बाबत पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर की रात को टिकरापारा में रहने वाले शशिकांत गुप्ता पिता कौशल प्रसाद गुप्ता के घर के दरवाजे की कुंडी तोड़कर 500000 का माल अज्ञात चोर ले गया है। पीड़ित शशिकांत गुप्ता द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट के मुताबिक चोर 25 अक्टूबर की शाम को 6.30 से 10.30 के बीच उनके घर के सामने के दरवाजे की कुंडी तोड़कर भीतर घुसा। और भीतर अलमारी के लॉकर में रखे नगद रुपये तथा सोना चांदी के सिक्के और जेवर सहित कुल 5 लाख रुपए का माल पार कर दिया। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दिए जाने पर उन्होंने तत्काल अपराधी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं नगर पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया के मार्गदर्शन में कोतवाली थाने के थाना प्रभारी कलीम खान और उनकी टीम ने गंभीरता पूर्वक पतासाजी कर उक्त वारदात करने वाले अंकुश जोसेफ को गिरफ्तार कर लिया है।

# कोल इंडिया के चेयरमैन ने 26 की हड़ताल को अवैध करार दिया

## किसी भी कोल ब्लॉक को नहीं किया जा रहा नीलाम

पायनियर संवाददाता ❮ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

देश के 10 श्रमिक संगठनों ने 26 नवंबर को कोल सेक्टर समेत अन्य उपक्रमों में एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का आव्हान किया है। दूसरी तरफ कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक (चेयरमैन) प्रमोद अग्रवाल ने इस हड़ताल को अवैध करार देते हुए कर्मियों को हड़ताल में नहीं जाने की बात कही है। दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा है कि काम नहीं तो वेतन नहीं। कमर्शियल माइनिंग व कोल इंडिया के शेयर विनिवेश के विरोध में कोयला सेक्टर के श्रमिक संगठन एटक, सीटू, एसइकेएमसी इंटक, एचएमएस व रेड्डी गुट इंटक ने एक दिवसीय हड़ताल का प्रस्ताव रखा है। संयुक्त श्रमिक संगठन तैयार कर हड़ताल की तैयारी की जा रही। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने इस हड़ताल से दूरी बना ली है। इस बीच कोल इंडिया के चेयरमेन अग्रवाल ने कोल कर्मियों के लिए एक पत्र जारी कर कहा है कि इस हड़ताल नोटिस को औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समाधान के लिए मुख्य श्रम आयुक्त



आयुक्त (केंद्रीय) नई दिल्ली व श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को संदर्भित किया गया है।

उन्होंने कहा है कि सीआईएल को आबंटित किसी भी कोल ब्लाक को नीलाम नहीं किया जा रहा है। सीआईएल के पास 463 कोल ब्लाक हैं, इनमें 329 प्रक्रियाधीन है। जिनमें कोल वाशरी, कोयला गैसीयकरण, सौर उर्जा आदि शामिल हैं। कोयला श्रमिकों के काम करने और रहने की स्थिति में सुधार के मुद्दों को हल करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। ऐसे में कोयला कंपनियों के कार्य में व्यवधान उत्पन्न होगा। श्रमिक संगठनों के मांगें मुख्य रूप से सरकार के नीतिगत निर्णयों से संबंधित है।

### इन सेक्टरों को भी किया गया शामिल

इसके पहले केवल कोयला सेक्टर में दो से चार जुलाई तक तीन दिवसीय हड़ताल श्रमिक संगठनों ने की थी। इस बार हड़ताल को और अधिक असरदार बनाने बिजली, इस्पात आदि औद्योगिक संस्थानों के सहित बैंक, बीमा, एलआइसी जैसे प्रतिष्ठानों को भी शामिल किया गया है। कोयला सेक्टर की प्रमुख मांगों के अलावा श्रम कानून संशोधन, कृषि कानून, सार्वजनिक उपक्रम का निजीकरण रोके जाने जैसे सामान्य मुद्दों को भी शामिल किया गया है। हालांकि हड़ताल का असर कोयला सेक्टर में अधिक रहेगा। जेबीसीसीआइ सदस्य व एचएमएस के महामंत्री नाथूलाल पांडेय ने सवाल उठाते हुए कहा है कि कोल इंडिया बाईबैक के माध्यम से अपने शेयर खरीद कर फंड कोयला मंत्रालय को दे रही है। ऐसी स्थिति में नई खदान खोलने के लिए राशि कहां से आएगी। प्रबंधन को हड़ताल की नियम के अनुसार श्रमिक संगठनों की ओर से नोटिस दिया गया है, ऐसे में वेतन काटे जाने की चेतावनी अलोकतांत्रिक है।

# मुख्यमंत्री ने किया 'रामकथा अमृत' पुस्तक का विमोचन




पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में विश्व मत्स्य दिवस के मौके पर आयोजित छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज के सम्मेलन में ''रामकथा अमृत'' पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के रचनाकार मिथलेश प्रकाश शर्मा हैं। इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, शकुंतला साहू और विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन और पुस्तक के रचनाकार मिथलेश प्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

## ऑटो चालकों के साथ इंडियन ऑयल का दफ्तर घेरेंगे संसदीय सचिव

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एलपीजी नहीं मिलने के कारण सैकड़ों ऑटो के पहिए थम गए हैं। इस बात की शिकायत ऑटो चालक संघ द्वारा संसदीय सचिव विकास उपाध्याय से की गई। श्री उपाध्याय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इंडियन ऑयल के अफसरों से चर्चा करने का आश्वासन दिया है। इसी क्रम में श्री उपाध्याय आज दोपहर 12.30 बजे वीआईपी रोड स्थित इंडियन ऑयल दफ्तर रवाना होंगे। राजधानी रायपुर में एलपीजी की किल्लत नया नहीं है। राजधानी में एलपीजी आधारित सैकड़ों ऑटो संचालित हो रहे हैं। लेकिन अब एलपीजी कि किल्लत के बाद ऑटो चालकों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है।

## जमीन विवाद पर युवक पर टंगिया से हमला, गंभीर

■ दो के खिलाफ मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी से लगे आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम जरौद में जमीन विवाद और हार्वेस्टर मशीन में धान कटाने की बात दो युवको ने एक युवक पर टंगिया से मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देवसरण साहू उसके भाई मिथून साहू का पहले से ही आरोपी कामता मनहरे के बीच विवाद चल रहा था। शुक्रवार की रात करीब 8 बजे देवसरण और कामता के बीच हार्वेस्टर मशीन में धान कटाने की बात विवाद हो गया। इस बारविवाद हार्वेस्टर मशीन से धान कटाने की बात पर जरूर शुरू हुआ पर यह विवाद एक बार फिर जमीन विवाद तक जा पहुंचा। दोनों के बीच विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि कामता ने गुस्से में आकर देवसरण पर टंगिया से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने घायल देवसरण के भाई मिथून की शिकायत पर आरोपी कामता और अन्य एक के खिलाफ धारा 307, 294, 506 बी, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## क्विक न्यूज

### सारागांव में हाईवा को रोककर चार युवको ने की लूटपाट

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से लगे खरोरा थाना क्षेत्र में सारागांव मेन रोड नर्सरी के पास दो मोटरसायकल में सवार दो युवकों ने फिल्मी स्टाईल में एक हाईवा वाहन को रोककर उसके चालक और कंडेक्टर से नगदी 25370 रूपये, 01 मोबाईल फोन और 60 हजार रूपये का एक चेक लूट कर फरार हो गए। घटना के संबंध में खरोरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो मोटरसायकल में सवार चार युवको ने शुक्रवार को सुबह करीब 6 बजे मेन रोड नर्सरी सारागांव के पास एक हाइवा को अपनी दोनों मोटरसायकल को सड़क के बीच में खड़ी करके रोक दिया। इसके बाद आरोपियों ने हाइवा में सवार भगवानीराम खुंटे से नगदी 25 हजार रूपये, एक रेडमी कंपनी का मोबाईल फोन एवं 60 हजार रूपये का एक चेक के साथ कंडेक्टर से नगदी 370 रूपये लूटकर फरार हो गए।

### चाकू लेकर घूमते तीन पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने शुक्रवार को शहर के अलग-अलग इलाके से चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते घूम रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों में संजू निहाल पिता सागर 27 वर्ष, दयालू नाग पिता राजू 22 वर्ष एवं एक 17 वर्षीय लड़का शामिल है। पुलिस ने तीनों के पास से चाकू बरामद किया है। बताया जा रहा है कि तीनों अपराधी प्रवृत्ति के है। आरोपियों के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### एकता पैनल ने चैम्बर चुनाव के लिए झोंकी ताकत

**रायपुर।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स चुनाव वर्ष 2020-2021 प्रचार-प्रसार की गतिविधियों के बारे में व्यापारी एकता पैनल के प्रवक्ता ललित जैसिंघ व दिनेश अठवानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी व अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश अग्रवाल पैनल के साथियों के साथ चुनावी दौरे पर निकले। सर्वप्रथम कुरूद में जनसंपर्क के दौरान प्रमुखतः कल्याण संघ चेम्बर आफ कामर्स की कुरूद इकाई के संरक्षक रामकिशोर केला, किशोर चंद्राकर, अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, हरीश केला, राकेश जैन, सचिव खिलेंद्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष पंकज केला आदि की टीम से मिलकर दीपावली की खुशियाँ बांटी व सभी को बधाइयाँ दी।

# कठिया में दुबके शराब कोचिये संकरी और डिघारी में हावी

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

मंदिरहसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कठिया में शराब कोचियों के आतंक व अघोषित शराबभट्ठी चलाये जाने की ओर थाना प्रभारी सहित पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यानाकर्षण के बाद पुलिसिया दबिश के चलते फिलहाल शराब कोचिये दुबक गये हैं पर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम संकरी ( जावा) व डिघारी सहित सटे खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली में शराब कोचिये अब भी हावी हैं । संकरी व डिघारी में भी इसकी वजह से व्याप्त हो रहे अशांति के मद्देनजर इसके खिलाफ ग्रामीणों ने मुखर होना शुरू कर दिया है ।

ज्ञातव्य हो कि कठिया में कोचियों द्वारा अघोषित शराबभट्ठी चलाये जाने व इसकी वजह से आसपास के 6 - 7 ग्रामों का वातावरण अशांत होने की जानकारी किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा द्वारा थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान सहित प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को बीते दिनों दिये जाने के बाद सक्रिय थाना अमला के दबिश के चलते बीते 18 नवंबर से कठिया के शराब कोचिये दुबके पड़े हैं जिसकी वजह से कठिया सहित आसपास के ग्रामों में फिलहाल शांति पसरी पड़ी है । मिली जानकारी के अनुसार बीते 18 नवंबर को कठिया के कतिपय संदिग्धों को पुलिस द्वारा उठा लिये जाने के बाद से यहां के कोचियों में हड़कंप मचा हुआ है और ग्राम में चल रही चर्चा के अनुसार इनसे ग्राम में सक्रिय कोचियों के नाम कथित रुप से उगलवा में थाना प्रशासन को मिली सफलता के बाद शेष कोचिये दुबक गये हैं व बीते दो दिनों से कठिया में लगने वाले कठिया सहित आसपास के ग्रामों के पियक्कड़ों का हूजूम नदारत है । इधर इसी जिला व जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम संकरी , डिघारी व खौली में अवैध शराब विक्रेताओं के हावी होने व ग्रामवासियों सहित पंचायत के मनाही तथा मुनादी के बाद भी लिप्त तत्त्वों के अपनी हरकतों से बाज न आ ग्राम में अशांति फैलाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुखर होना शुरू कर दिया है ।इसी संबंध में संकरी व डिघारी के कतिपय जागरूक ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र मे वर्षों से शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा से मुलाकात कर मार्गदर्शन तथा सहयोग का आग्रह करने की जानकारी मिली है ।

# मौसम के मिजाज में आया बदलाव कल से ठंड होगी तेज

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में अब ठंड का असर तेजी से बढ़ने के आसार हैं। हवा की दिशा में आ रहे परिवर्तन और उत्तर भारत में मौसम के मिजाज में आ रहे बदलाव के बीच अब संभावना जताई जा रही है कि कल से मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव आएगा और प्रदेश में अच्छी ठंड की शुरूआत होगी। आमतौर पर रायपुर सहित प्रदेश में अक्टूबर माह के अंत से ही गुलाबी ठंड की दस्तक शुरू हो जाती है। इस बार नवंबर माह में गुलाबी ठंड महसूस की जा रही है। हालांकि पूर्वी दिशा से आ रही नमीयुक्त हवा के असर से आसमान में छाए हल्के बादलों ने ठंड का असर कम कर दिया था। कल शुक्रवार शाम को भी मौसम के मिजाज में बदलाव आया और आसमान में छाए बादल घने हो गए। इसके बाद शहर के कई इलाकों में तथा प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की बारिश तथा अधिकांश स्थानों पर बूंदाबांदी दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो अब ऋतु परिवर्तन तेज हो गया है। ऐसे में हवा की दिशा में बदलाव आना शुरू हो गया है। उत्तर भारत में भी ठंड का असर बढ़ने लगा है। इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं होगा कि कल 22 नवंबर से प्रदेश में ठंड का असर बढ़ना शुरू हो जाएगा। इधर शाम के साथ ही रात में तथा सुबह-सवेरे भी अच्छी ठंड महसूस की जा रही है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403